Page 11



खेल

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 10



देश



भारतीय महिलाओं को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बहुत सावधान रहने की जरूरत : हरभजन सिंह

श्रद्धालुओं को अब चीन के कब्जे वाले तिब्बत जाने की जरूरत नहीं, धामी सरकार ने बनाया...



शुक्ल पक्ष, चित्रा, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • शुक्रवार • 04 अक्टूबर 2024 • वर्ष 26 • अंक 295 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00


## ब्रह्मचारिणी



मां दुर्गा का दूसरा रूप 'ब्रह्मचारिणी'

नवरात्र के दूसरे दिन मां दुर्गा के 'देवी ब्रह्मचारिणी' रूप की पूजा करने का विधान है। मां ब्रह्मचारिणी के दाएं हाथ में माला और बाएं हाथ में कमण्डल है। शास्त्रों में बताया गया है कि मां दुर्गा ने पार्वती के रूप में पर्वतराज के यहां पुत्री बनकर जन्म लिया और महर्षि नारद के कहने पर अपने जीवन में भगवान महादेव को पति के रूप में पाने के लिए कठोर तपस्या की थी।

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹ 77,560 | ₹95,000 |

## आज का इतिहास

- 1986 : भारतीय हेलिकॉप्टर निगम की स्थापना हुई।
- 2015 : भारतीय फिल्म निर्देशक एवं निर्माता इदिदा नागेश्वर राव का निधन हुआ।

## न्यूज बाइट्स

### जाति के आधार पर कैदियों को काम देना असंवैधानिकः सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली (ए.)।** उच्चतम न्यायालय ने जाति के आधार पर कैदियों को काम आवंटित करने के नियम को असंवैधानिक करार देते हुए गुरुवार को कहा कि देश की किसी भी जेल में किसी भी तरह का जातिगत भेदभाव नहीं किया जा सकता। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पार्दीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने यह ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए कहा कि जेल मैनुअल में इस तरह के भेदभाव को बढ़ावा देने वाले सभी मौजूदा प्रावधानों को खत्म किया जाना चाहिए।

### रेप केस में पूर्व शिक्षा मंत्री वृषिण पटेल को जमानत

**पटना (नि.सं.)।** बिहार के पूर्व शिक्षा मंत्री वृषिण पटेल (78) को पटना हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। मुजफ्फरपुर में नाबालिग लड़की से रेप मामले में उन्हें कोर्ट ने अग्रिम जमानत दे दी है। न्यायाधीश राजेश वर्मा की एकल पीठ ने गुरुवार को जमानत पर फैसला सुनाया है। पूर्व मंत्री पर आरोप है कि नाबालिग लड़की को नौकरी देने के नाम पर मुजफ्फरपुर से पटना बुलाया और 2 सालों तक लगातार उसके साथ रेप किया। बाद में पीड़िता ने एक परिवाद पत्र मुजफ्फरपुर के पॉक्सो कोर्ट में दायर किया था। इस मामले में पॉक्सो कोर्ट ने पटेल के खिलाफ लगाए गए आरोप पर संज्ञान लेते हुए नोटिस जारी कर कोर्ट में उपस्थित होने का निर्देश दिया था।

### बिहार में कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र शुरू

**पटना (नि.सं.)।** बिहार में शक्ति की अधिष्ठात्री मां दुर्गा की उपासना का त्योहार शारदीय नवरात्र गुरूवार से शुरू हो गया है। शुभ मुहुर्त में विधि विधान से नवरात्र आराधना को लेकर कलश की स्थापना कर पूजा शुरू की गई। इसके साथ ही मां दुर्गा के नौ रूपों की उपासना का नौ दिवसीय अनुष्ठान आज से शुरू हो गया। घरों और मंदिरों में पूजा-पाठ एवं दुर्गा सप्तशती का पाठ शुरु हो गया। शारदीय नवरात्र को लेकर सुबह होते ही लोग पूजा की तैयारी में लग गये।

---

जेपी गंगा पथ से जुड़ा अशोक राजपथ, ट्रैफिक जाम से मिली राहत

# सीएम ने दो लिंक रोड का किया लोकार्पण

अब सिर्फ 25 मिनट में पहुंच सकेंगे एम्स, एनएमसीएच और पीएमसीएच

निज संवाददाता | पटना

मुख्यमंत्री ने जेपी गंगा पथ-अशोक राजपथ लिंक रोड का लोकार्पण किया है। इससे गांधी मैदान, साइंस कॉलेज, पटना कालेज के भीड़-भाड़ वाले इलाके से जेपी गंगा पथ पहुंचने में आसानी होगी।



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को दुर्गा पूजा के कलश स्थापना के दिन पटनावासियों को बड़ा तोहफा दिया है। जेपी गंगा पथ (मैरिन ड्राइव) को अशोक राजपथ से जोड़ दिया गया है। मुख्यमंत्री ने इसका लोकार्पण किया। लिंक पथ बनने के बाद पटना एम्स, एनएमसीएच और पीएमसीएच के बीच दूरी 25 मिनट की हो गई। 25 मिनट के अंदर एक से दूसरे और तीसरे बड़े अस्पताल तक पहुंचा जा सकता है। इससे मरीज और उनके परिजनों को बड़ी राहत मिलेगी। जेपी गंगा पथ, दीदारगंज तक बन रहा है। इस साल के अंत तक काम पूरा करने की योजना है। इसके बाद पूरे शहर को बड़ी और रैपिड कनेक्टिविटी मिलेगी।

जेपी गंगा-अशोक राजपथ लिंक रोड से गांधी मैदान, साइंस कॉलेज, पटना कालेज के भीड़-भाड़ वाले इलाके से जेपी गंगा पथ पहुंचने में आसानी होगी। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने गायघाट एलिवेटेड सड़क को भी जेपी गंगा पथ से कनेक्ट कर दिया है। जेपी ने गुरूवार को एक साथ दो लिंक रोड़ का लोकार्पण किया है। जेपी गंगा पथ और अशोक राजपथ पर मुख्यमंत्री ने जिन दो लिंक रोड का लोकार्पण किया है। वह कृष्णा घाट लिंक रोड़ और गायघाट अप रैंप लिंक रोड़ है। अशोक राजपथ को साइंस कॉलेज(कृष्णा घाट) के पास जोड़ा गया है। इस लिंक रोड़ से स्टूडेंट्स को लाभ मिलेगा। वहीं, सीएम ने गायघाट के पास अप रैंप लिंक रोड़ का लोकार्पण किया है।

जेपी गंगा पथ (मैरिन ड्राइव) को अशोक राजपथ से जोड़ दिया गया है। इससे गांधी मैदान, पीएमसीएच, दीदारगंज पहुंचने में आसानी होगी।

अशोक राजपथ-जेपी गंगा पथ लिंक रोड़ बनने से गांधी मैदान, दीघा, दानापुर और सोनपुर से अशोक राजपथ जाने वाले लोगों को ट्रैफिक जाम से राहत मिलेगी। 1 घंटे की दूरी 10 मिनट में तय कर सकेंगे। यही नहीं अशोक राजपथ इलाके से गायघाट भी जाना आसान हो गया है। लोग, 20 मिनट में गायघाट पहुंच जाएंगे। ठीक यही सुविधा पटना सिटी से अशोक राजपथ जाने में मिलेगी।

जेपी गंगा पथ, दीघा से दीदारगंज तक कुल 20.5 किलोमीटर में बन रहा है। यह दीघा से शुरुआत होकर दीदारगंज में खत्म होता है। इस सड़क के लिए 3 हजार 831 करोड रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इस सड़क को चार कंपनी बना रही है। इस पथ पर 6 अंडर पास बनाए गए हैं। यह सड़क अटल पथ, अशोक राजपथ, गांधी मैदान, ए एन सिन्हा, अशोक राजपथ से कृष्ण घाट, गायघाट, कंगन घाट, एलसीटी घाट, कुर्जी, पटना सिटी रेलवे स्टेशन के पास से जुड़ेगी।

इसके बाद मुख्यमंत्री ने पटना सिटी में नवनिर्मित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के भवन का उद्घाटन किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने सात निश्चय–2 के अंतर्गत कुल 87 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में सेंटर ऑफ एक्सिलेंस के अंतर्गत भवन निर्माण के लिए 408.75 करोड़ रुपये की योजनाओं का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के भवन का उद्घाटन करने के बाद प्रशासनिक भवन, मैकेनिकल वर्कशॉप, टेक्निकल वर्कशॉप में जाकर वहां की कार्य पद्धतियों और व्यवस्थाओं की शिक्षकों और छात्रों से जानकारी ली।

---

# सुप्रीम कोर्ट ने बृज बिहारी हत्याकांड में पूर्व विधायक समेत दो लोगों को उम्रकैद की सुनायी सजा

सूरजभान और 5 आरोपी एससी से बरी, 1998 में पूर्व मंत्री की हुई थी हत्या

निज संवाददाता | पटना

बिहार के पूर्व विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री बृज बिहारी प्रसाद हत्याकांड में गुरुवार को फैसला आया है। सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व विधायक विजय कुमार शुक्ला उर्फ मुन्ना शुक्ला और मंटू तिवारी को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। वहीं इस मामले में पूर्व सांसद सूरजभान सिंह, राजन तिवारी समेत 6 आरोपियों को बरी कर दिया गया है।



पटना हाईकोर्ट ने 2014 में सभी 8 आरोपियों को बरी कर दिया था। पूर्व मंत्री की पत्नी और भाजपा नेता रमा देवी और सीबीआई ने भी पटना हाईकोर्ट के इस फैसले को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों की बेंच ने 21 और 22 अगस्त को सुनवाई पूरी करते हुए आदेश को सुरक्षित रख लिया था। सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर बृज बिहारी प्रसाद की पत्नी और पूर्व सांसद रमा देवी ने खुशी जताते हुए कोर्ट और सरकार को धन्यवाद दिया। साथ ही कहा कि गृहमंत्री अमित शाह ने इसके लिए तत्परता से काम किया है। पूर्व मंत्री बृजबिहारी प्रसाद की हत्या साल 1998 में उस समय कर दी गई थी जब वे आईजीआईएमएस में इलाज के लिए भर्ती थे। निचली अदालत ने साल 2009 में 8 आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। इस बड़े हत्याकांड में सूरजभान सिंह उर्फ सूरज, सिंह, विजय कुमार शुक्ला उर्फ मुन्ना शुक्ला, राजन तिवारी, मुकेश सिंह, ललन सिंह, मंटू तिवारी, कैप्टन सुनील सिंह, राम निरंजन चौधरी और शशि कुमार राय को आरोपी बनाया गया था। पति की हत्या के बाद रमा देवी ने भाजपा का दामन थाम लिया था। वो शिवहर लोकसभा से सांसद रह चुकी हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव से ठीक पहले भाजपा ने रमा देवी का टिकट काट दिया था।

इस बड़े हत्याकांड की गूंज उस वक्त पटना से लेकर दिल्ली तक थी। इस केस के सभी आरोपियों के खिलाफ पटना के सिविल कोर्ट में ट्रायल चला था। लंबे वक्त तक चले ट्रायल के बाद 12 अगस्त 2009 को सभी आरोपियों को दोषी ठहराते हुए कोर्ट ने उम्र कैद की सजा सुनाई थी। इसके बाद आरोपियों ने हाईकोर्ट में अपील की थी। लंबी सुनवाई के बाद 24 जुलाई 2014 को इस मामले में पटना हाईकोर्ट का फैसला आया था। सबूतों के आधार पर हाईकोर्ट ने कहा था कि सूरजभान सिंह और विजय कुमार शुक्ला उर्फ मुन्ना शुक्ला समेत केस के सभी आरोपी संदेह का लाभ पाने के हकदार हैं। इस कारण इनकी ट्रायल कोर्ट की तरफ से दिए गए सजा को खारिज कर दिया और सभी आरोपियों को केस से बरी कर दिया था। पटना हाईकोर्ट के फैसले से रमा देवी खुश नहीं थीं। इसी वजह से उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया।

### पटना के आईजीआईएमएस में हुई थी हत्या

1998 में बृज बिहारी प्रसाद की हत्या पटना के आईजीआईएमएस में कर दी गई थी। तब वो शाम के वक्त हॉस्पिटल कैंपस में वॉक कर रहे थे। उसी दरम्यान वहां पहुंचे अपराधियों ने गोली मारकर उनकी हत्या कर दी थी। उस वक्त बिहार में राबड़ी देवी की सरकार थी।

---

# निगरानी विभाग परिवादों की जांच हेतु तैयार कर रहा ऑनलाईन पोर्टल

निज संवाददाता | पटना

प्रधान सचिव अरविन्द कुमार चैधरी, निगरानी विभाग की अध्यक्षता में प्रशासी विभागों के मुख्य निगरानी पदाधिकारियों/विभागों के प्रतिनिधियों के साथ निगरानी संबंधी मामलों की समीक्षा हेतु बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में यह निर्देश दिया गया कि निगरानी विभाग के स्तर से प्रशासी विभागों को प्रेषित परिवादों की जांच यथाशीघ्र निष्पादित कर विभाग को प्रतिवेदित किया जाए। सभी मुख्य निगरानी पदाधिकारियों को लंबित अभियोजन स्वीकृति के मामलों में तत्परता से निर्णय लेने और शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया गया। साथ ही, सभी तकनीकी एवं अन्य विभागों में संचालित योजनाओं की नियमित जांच और सतत निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। विभागीय योजनाओं में पारदर्शिता लाने के लिए किए जाने वाले प्रयासों पर भी चर्चा की गई। वर्तमान में, निगरानी विभाग द्वारा जिला/विभाग को भेजे जा रहे परिवादों के समय पर निष्पादन और अनुश्रवण हेतु एक विशेष प्रणाली विकसित की जा रही है। इस प्रणाली के विकसित होने के बाद सभी परिवाद इसी प्रणाली के माध्यम से विभाग एवं जिलों को हस्तांतरित की जाएगी और उनका निष्पादन भी इसी के माध्यम से किया जाएगा।

बैठक में सरकारी सेवक द्वारा चल और अचल सम्पत्ति के क्रय/विक्रय के संबंध में बिहार सरकारी सेवक आचार नियमावली, 1976 के प्रावधानों पर चर्चा की गई। इसके आलोक में नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। विभागीय कार्यवाहियों की प्रारंभ करते समय प्रपत्र 'क' के गठन पर विशेष ध्यान दिए जाने की बात कही गई, तथा इसके संबंधित सामान्य प्रशासन द्वारा निर्गत प्रपत्र के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा निर्गत बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के संगत प्रावधानों के तहत विभागीय कार्यवाही का निष्पादन नियमानुसार और समय पर करने का निर्देश दिया गया।

---

# रांची को मिलेगी जाम से मुक्ति, ट्रांसपोर्ट नगर फेज-1 का सीएम हेमंत सोरेन ने किया उद्घाटन

निज संवाददाता | रांची

रांची झारखंड की राजधानी रांची को भारी वाहनों की वजह से लगने वाले जाम से अब नहीं जूझना होगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दुर्गा पूजा के पहले दिन रांची के सुकुरहुटू में रिंग रोड पर ट्रांसपोर्ट नगर का उद्घाटन किया है। सीएम ने गुरुवार को ट्रांसपोर्ट नगर फेज-1 का उद्घाटन किया, तो फेज-2 का शिलान्यास भी किया।



मुख्यमंत्री ने ट्रांसपोर्ट नगर का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद कहा कि ट्रांसपोर्ट नगर बनने के बाद यातायात और परिवहन व्यवस्था सुगम एवं सुदृढ़ होगी। साथ ही ट्रांसपोर्ट के व्यवसाय को गति भी मिलेगी। ट्रांसपोर्ट नगर से विकास को नया आयाम मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि ट्रांसपोर्ट के व्यवसाय से जुड़े लोगों के लिए अब ट्रांसपोर्ट नगर स्थायी ठिकाना होगा। झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि ट्रांसपोर्टर्स को ट्रांसपोर्ट नगर में व्यवसाय से जुड़ी सारी सुविधाएं उपलब्ध मिलेंगी। ट्रांसपोर्ट नगर से शहर का भी विस्तार होगा। इतना ही नहीं, रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि आज रांची को सुसज्जित और व्यवस्थित ट्रांसपोर्ट नगर मिल रहा है। आने वाले दिनों में और जरूरत पड़ी, तो उसके हिसाब से अन्य सुविधाओं का विस्तार भी किया जाएगा।

सीएम ने कहा कि ट्रांसपोर्ट नगर के दोनों फेज का काम पूरा हो जाने के बाद आम लोगों को काफी सहूलियत होगी। इससे रांची शहर में लगने वाले जाम से काफी हद तक निजात मिल जाएगी। शहर में भारी वाहन नहीं आएंगे, तो छोटे वाहनों का आवागमन सुगम हो जाएगा। कहा कि भारी मालवाहक वाहनों की पार्किंग, लोडिंग-अनलोडिंग, वाहन चालकों के ठहरने समेत ट्रांसपोर्ट से जुड़े सभी काम एक जगह होंगे।

ट्रांसपोर्ट नगर फेज-1 के उद्घाटन एवं फेज-2 के शिलान्यास समारोह में झारखंड सरकार के मंत्री हफीजुल हसन, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, प्रधान सचिव सुनील कुमार, निदेशक सूडा अमित कुमार, रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री, रांची नगर निगम के नगर आयुक्त संदीप सिंह एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

---

# किसानों को बीज से बाजार तक सुविधा उपलब्ध होंगे : मंगल पांडेय

निज संवाददाता | पटना



कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि सरकार किसानों को बीज से लेकर बाजार तक की सुविधा उपलब्ध कराएगी। अच्छे बीज के प्रयोग से फसलों की उत्पादकता 20 प्रतिशत तक बढ़ेगी। राज्य में इस साल रबी मौसम में संकर बीज उत्पादन शुरू किया जा रहा है। इससे किसानों को प्रदेश में ही उत्पादित अच्छी गुणवत्ता के बीज मिलेंगे। राज्य में गेहूं के 3.5 लाख क्विंटल प्रमाणित बीज उत्पादन के लिए पटना सहित 21 जिलों को चिह्नित किया गया है। किसानों को 14 हजार 750 क्विंटल गेहूं के आधार बीज मुफ्त दिये जाएंगे। वह गुरुवार को बामेती में राज्य में प्रमाणित गेहूं बीज उत्पादन पर आयोजित कार्यशाला और प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कृषि मंत्री ने कहा कि राज्य में 8,750 क्विंटल गेहूं का आधार बीज भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् तथा कृषि विश्वविद्यालयों से मंगाया जा रहा है। 6000 क्विंटल आधार बीज पूर्व से ही विभिन्न योजनाओं के तहत मंगाया जाता रहा है। इस आधार बीज से 3.5 लाख क्विंटल बीज उत्पादन होगा। राज्य में 12 लाख क्विंटल गेहूं बीज की जरूरत है। अगले कुछ वर्षों में बिहार बीज उत्पादन में आत्मनिर्भर हो जाएगा। किसानों द्वारा उत्पादित प्रमाणित गेहूं बीज बिहार राज्य बीज निगम न्यूनतम समर्थन मूल्य से 25 से 30 प्रतिशत अधिक मूल्य पर शत प्रतिशत खरीद लेगा। कृषि सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने कहा कि किसानों को हर साल आधा बीज बदल लेना चाहिए। किसानों को बीज उत्पादन में सहयोग के लिए कृषि विश्वविद्यालयों और कृषि कॉलेजों के वैज्ञानिकों को लगाया जाएगा। कार्यशाला में राज्य बीज निगम के प्रबंध निदेशक डॉ. आलोक रंजन घोष, उद्यान निदेशक अभिषेक कुमार, बामेती निदेशक डीपी त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

---

# कोसी क्षेत्र में मत्स्य पालन योजनाओं की समीक्षा बैठक, 2024-25 के लक्ष्यों को पूरा करने पर जोर

निज संवाददाता | पटना

पवन कुमार पासवान, उप मत्स्य निदेशक (रा.प.ई.) मत्स्य निदेशालय, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में कोसी परिक्षेत्र की राज्य एवं केन्द्र प्रायोजित योजनाओं की प्रगति संबंधि समीक्षा बैठक की गई, जिसमें कोशी परिक्षेत्र के सहरसा, मधेपुरा एवं सुपौल जिलों के जिला मत्स्य पदाधिकारियों को वित्तीय वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 में लक्ष्य के विरूद्ध शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने हेतु निदेशित किया गया एवं 2024-25 की योजनाओं के सभी अवयवों हेतु लक्ष्य के अनुरूप ऑनलाईन आवेदन सृजित कराने, चयन समिति एवं जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में डी.एल.सी. कराकर योजनावार, अवयववार एव कोटिवार कार्यादेश निर्गत कराने के लिए कहा गया, जिससे ससमय इसी वित्तीय वर्ष में शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल की जा सके। उप मत्स्य निदेशक कोशी परिक्षेत्र को अवयववार सभी संबंधित जिलों की सधन समीक्षा करने हेतु कहा गया। केन्द्र प्रायोजित योजनाओं में अनुदान भुगतान कर उसकी उपयोगिता प्रमाण-पत्र मत्स्य निदेशालय में भेजने के लिए कहा गया। ऑनलाईन एम.आई.एस. यथा आवेदन प्रक्रिया, प्रपत्र 127, सितम्बर माह का एजेंडा आदि करने को कहा गया। जितनी भी निर्माण संबंधी योजनाएँ जिसके कार्य प्रगति पर हैं, के लाभुक वार निर्गत कार्यादेश एवं अद्यतन फोटोग्राफ का पीडीएफ बनाकर मत्स्य निदेशालय को उपलब्ध कराने के लिए कहा गया हैं। गुरूवार को पवन कुमार पासवान, उप मत्स्य निदेशक (रा.प.ई.) मत्स्य निदेशालय, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में कोसी परिक्षेत्र की राज्य एवं केन्द्र प्रायोजित योजनाओं की प्रगति संबंधी समीक्षा बैठक विडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से की गई।

### दुर्घटना बीमा योजना में 1.50 लाख मछुआरों का बीमा

राज्य सरकार ने 1.50 लाख मछुआरों का सामूहिक दुर्घटना बीमा कराने का लक्ष्य रखा है, जिसमें से 1.42 लाख मछुआरों की सूची राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड (एन.एफ.डी.बी.) को भेजी जा चुकी है। शेष 8,000 मछुआरों का चयन कर संबंधित प्रपत्र मत्स्य निदेशालय को भेजने का निर्देश दिया गया है, ताकि शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया जा सके।

---

# भूमि सर्वे में अमीनों के कारण हो रहा सबसे ज्यादा विवाद, सचिव ने दिया कार्रवाई का आदेश

निज संवाददाता | पटना

बिहार में 20 अगस्त से जारी भूमि सर्वेक्षण में कई तरह से विवाद सामने आ रहे हैं। सरकार का इस योजना को लेकर अपना पक्ष है। सरकार का मानना है कि राज्य में सर्वे का काम पूरा होते ही भूमि विवाद के मामलों में कमी आएगी। लेकिन विपक्ष का मानना है कि इससे लोग परेशान हो रहे हैं। सरकार अपने स्तर से प्रयास कर रही है कि लोगों को दिक्कत न आये। इसी बीच प्रदेश में बढ़ते भूमि विवाद के पीछे के बड़े कारणों में अमीनों की सुस्ती भी सामने आई है। इनकी धीमी गति के कारण जमीन मापी की प्रक्रिया एक महीने में पूरी नहीं हो रही। अमीनों के कामों की समीक्षा राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने की तो बड़ी जानकारी सामने आई। समीक्षा में पता चला कि एक अमीन एक महीने में महज पांच से छह जमीन की मापी करते हैं। बता दें कि पिछले एक माह में राज्य के 1719 अमीनों ने कुल 9974 मामलों का ही निष्पादन किया है।



राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने अमीनों की काम करने की धीमी गति को गंभीरता से लिया है। सचिव जय सिंह ने इसको मसले को लेकर सभी जिलों के जिलाधिकारी से हर अमीन से एक महीने में कम से कम 15 से 20 मापी का काम पूरा करने को कहा है। इस कारण जमीन मापी की प्रक्रिया सरल होगी और भूमि विवाद के मामले कम समय में निपटेंगे।

### रिपोर्ट में खुलासा

समीक्षा रिपोर्ट में बड़ा खुलासा हुआ है। विभाग द्वारा जमीन मापी के लिए प्रक्रिया निर्धारित की गई है। इसमें आवेदन के दिन से मापी की रिपोर्ट देने तक के काम के लिए एक महीने की समय सीमा तय की गई है। पिछले महीने की समीक्षा में सामने आया कि अभी राज्य में जमीन की मापी के लिए कुल 77883 आवेदन आए जिसमें से 21906 निरस्त कर दिए गए।

---

# 31 राजस्व कर्मचारियों को मिली प्रोन्नति

**पटना(नि.सं.)।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग मे 31 राजस्व कर्मचारियों को प्रोन्नति दी है। बिहार राजस्व कर्मचारी संवर्ग के अधीन कार्यरत कर्मियों को राजस्व अधिकारी एवं समकक्ष ग्रेड (वेतनमान-7) में प्रोन्नति दी गई है। यह प्रोन्नति कार्यकारी प्रभार के तहत दी गई है। अभी विभिन्न जिलों में इनकी तैनाती है। इसमें विकास कुमार, अरुण कुमार सिंह, प्रमोद कुमार, बिहारी सिंह, अशोक कुमार झा, सुरेंद्र कुमार, सुजीत कुमार, राम सागर पासवान, अखिलेश्वर राम, सुरेश प्रसाद सिंह, नवीन कुमार, श्याम नारायण मंडल, अनिल कुजुर, धर्मवीर कुमार रंजन, धनंजय कुमार सिंह शामिल हैं। इसके अलावा सुभाष चंद्र मिश्र, वेद प्रकाश, दिनेश कुमार शर्मा, शिव शंकर राय, मनीष कुमार गुरूवा, संतोष कुमार, अरुण कुमार, सैयद बादशाह और गोपाल गिरधारी को भी प्रोन्नति मिली है।

---

# ईएसआईसी आदर्श अस्पताल में स्वच्छता पखवाड़ा समापन समारोह का आयोजन

निज संवाददाता | पटना

कर्मचारी राज्य बीमा निगम आदर्श अस्पताल, फुलवारीशरीफ, पटना में 02 अक्टूबर को महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर स्वच्छता पखवाड़ा का समापन समारोह भव्य रूप से आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन और अध्यक्षता अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजेश कुमार ने की। समारोह की शुरुआत पंचदीप प्रज्वलित कर की गई, जिसमें सभी गणमान्य व्यक्ति और अस्पताल के अधिकारी शामिल हुए। डॉ. राजेश कुमार ने अपने सम्बोधन में महात्मा गांधी के स्वच्छता संदेश को याद दिलाया और कहा कि स्वच्छता सिर्फ एक अभियान नहीं, बल्कि जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होना चाहिए। गांधी जी ने स्वच्छता को आत्मनिर्भरता और सामाजिक विकास का मूल मंत्र बताया था। उन्होंने कर्मचारियों और उपस्थित लोगों से आह्वान किया कि वे गांधी जी के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं और इसे अपने कार्यस्थल और समुदाय में लागू करें। समारोह में नोडल अधिकारी डॉ. सुजीत कुमार चौधरी ने पखवाड़े के दौरान की गई विभिन्न स्वच्छता गतिविधियों का वर्णन किया। इसमें एक पेड़ मां के नाम अभियान, स्वच्छता दौड़, कार्यालय परिसर की सफाई, नारा लेखन और पोस्टर प्रतियोगिताएं शामिल थीं। इसके अलावा, पुस्तकालय और अन्य महत्वपूर्ण स्थलों की सफाई पर भी ध्यान दिया गया। स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान अस्पताल के सभी स्वच्छताकर्मियों को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजेश कुमार ने सभी कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र और उपहार भेंट किए। इस अवसर पर विशेष रूप से उन स्थलों की सफाई की गई जहां कचरे का अंबार जमा था, और इन स्थलों को पूरी तरह से स्वच्छ किया गया। समारोह के दौरान निजी सचिव अनिल कुमार ने मंच संचालन किया और हास्य कविता से श्रोताओं का मनोरंजन भी किया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों और स्वच्छता कर्मियों का स्वागत करते हुए उनके योगदान की सराहना की।




---

# राज्य में दो साल में 91 हजार लोगों को मिली नौकरी

निज संवाददाता | पटना

बिहार में नौकरी करने वालों की संख्या साल-दर-साल बढ़ रही है। मात्र दो सालों में ही राज्य के 91 लाख लोगों को रोजगार मिला है। कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के दायरे में अब राज्य के साढ़े चार लाख से अधिक कामगार आ गए हैं। ईएसआईसी के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार 31 मार्च 2022 तक बिहार में तीन लाख 58 हजार 980 कामगार ही ईएसआईसी के दायरे में थे। लेकिन इसके अगले वर्ष 31 मार्च 2023 तक बिहार के चार लाख 11 हजार 210 कामगार ईएसआईसी के दायरे में आ गए। यानी एक साल में 52 हजार 230 कामगार ईएसआईसी के दायरे में बढ़ गए। वहीं विगत वर्ष 2023-24 के समाप्त होने पर 31 मार्च 2024 तक ईएसआईसी के दायरे में चार लाख 50 हजार 640 कामगार ईएसआईसी के दायरे में आ गए। इस तरह पिछले साल की तुलना में इस बार 39 हजार 430 और कामगार ईएसआईसी के दायरे में आ गए। नौकरी करने वालों में महिलाओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। 31 मार्च 2022 तक बिहार में ईएसआईसी के दायरे में काम करने वाली मात्र 30 हजार 236 महिलाएं थीं।

### कंपनियों की संख्या भी बढ़ी

राज्य में नौकरी करने वालों की संख्या में तभी वृद्धि हुई जब यहां कंपनियों की संख्या में वृद्धि हुई। 2022 में बिहार में मात्र 30 हजार 669 कंपनियों की ओर से ही लोगों को काम दिए गए थे। लेकिन एक साल बाद 2023 में नियोजकों की संख्या बढ़कर 39 हजार 936 हो गई। एक साल में 9267 नियोजक बढ़ गए। वहीं इस वर्ष मार्च तक नियोजकों की संख्या बढ़कर 51 हजार 24 हो गई। यानी पिछले साल की तुलना में 11 हजार 88 नियोजक बढ़ गए। इस तरह दो सालों में बिहार में नियोजकों की संख्या में 20 हजार 255 की वृद्धि हुई।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### सड़क पर बने गड्ढ़े में गिरने से बाइक सवार जख्मी

**करायपरसुराय।** चिकसौरा थाना क्षेत्र के रूपसपुर व सबचक गांव के बीच बाढ़ के पानी से सड़क में कटाव हो बड़ा गड्ढ़ा बन गया था। उक्त गड्ढ़े में गिर जाने से बाइक सवार पिता-पुत्री जख्मी हो गए। जख्मी विकास पासवान और उनकी तीन साल की बेटी को इलाज के लिए समीप के निजी क्लिनिक में भर्ती कराया गया। घटना में युवक का पैर टूट गया। परिवार ने बताया कि जिम्मेवारों की लापरवाही के कारण सड़क के गड्ढ़े को नहीं भरा गया। जिस कारण हर दिन वाहन हादसा हो रहा है।



### रोटरी क्लब का डांडिया नाईट, 5 को

**बिहारशरीफ।** रोटरी क्लब तथागत द्वारा आयोजित डांडिया नाईट आगामी 5 अक्टूबर को इंडो होक्के होटल में होगा। आयोजकों के अनुसार यह कार्यक्रम बीते 16 सालों से आयोजित होता आ रहा है और इस बार भी यह कई मामले में यादगार साबित होगा। बुधवार को आईएमए भवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में रोटरी क्लब तथागत के अध्यक्ष डॉ. जोसेफ टीटी ने कहा कि यह कार्यक्रम हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है और हमने इसके लिए विशेष तैयारी की है। बिहार के साथ-साथ दिल्ली व अन्य राज्यों से कलाकारों को आमंत्रित किया गया है। बहुत ही शानदार आयोजन होगा। प्रोजेक्ट चेयरमैन डॉ. सुनील कुमार ने बताया कि डांडिया नाईट को यादगार बनाने के लिए इस वर्ष दिल्ली से एक्सेस ग्रुप को आमंत्रित किया गया है। साथ ही दरभंगा के कलाकारों द्वारा शिव तांडव शंखनाद की प्रस्तुति होगी जो आकर्षण का केन्द्र होगा।

### प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित



**सिलाव।** गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता पखवाड़ा का समापन समारोह पूर्वक किया गया। बड़गांव स्थित नगर पंचायत कार्यालय परिसर में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि सीओ सिलाव आकाशदीप सिन्हा शामिल हुए।इस अवसर पर सीओ ने कहा कि आजादी के साथ-साथ स्वच्छता को जीवन में अपनाना जरूरी है।कार्यपालक पदाधिकारी राजन कुमार ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आयोजित पखवाड़े में नगर पंचायत नालंदा द्वारा स्वच्छता से जुड़े अनेक गतिविधियों का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि इस अभियान में सभी स्वच्छता कर्मियों, जन प्रतिनिधियों, विद्यालय के बच्चों, और प्रबुद्ध लोगों ने अपनी भागीदारी निभाई। समारोह में पखवाड़े के दौरान आयोजित निबंध और पेंटिंग प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। पेंटिंग प्रतियोगिता में रासबिहारी हसईस्कूल की पायल कुमारी ने प्रथम, संत जेवियर्स मोहनपुर नालन्दा की रानी कुमारी द्वितीय और चांदनी कुमारी तृतीय स्थान हासिल किया। निबंध प्रतियोगिता में संत जेवियर्स मोहनपुर नालन्दा के राज लक्ष्मी प्रथम, निशा कुमारी द्वितीय और कौशल राज तृतीय स्थान पर रहे।इसके अलावा, पखवाड़े के दौरान बेहतर योगदान देने वाले स्वच्छता कर्मियों को भी प्रशस्ति पत्र, मेडल और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। नगर पंचायत के अंतर्गत विभिन्न खेलों में राज्यस्तरीय, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने वाले खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य पार्षद प्रतिनिधि रंजीत कुमार, नलिन मौर्या, वार्ड पार्षद फूलवंती देवी, देवानंद, पंकज कुमार, सुजीत कुमार सिंह, पंकज कुमार वर्मा, संतोष कुमार, संजय कुमार, धनु कुमार, विपिन कुमार सहित कई विद्यालय के छात्र-छात्राएं और सैकड़ों लोग उपस्थित थे। स्वच्छता पदाधिकारी पल्लवी कुमारी भी इस अवसर पर उपस्थित थीं।

### इंडियन सेंट्रल स्कूल में मनी गांधी जयंती

**गया।** शहर के एटी गेट स्थित इंडियन सेंट्रल स्कूल में बुधवार को महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। इस दौरान ने कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यालय की ओर से मुख्य पथ पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। विभिन्न विधाओं के आधार पर बच्चों को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर निदेशक डॉ. विनोद कुमार ने सम्मानित किया। इसमें कक्षा आठ के बीनू कुमार, कक्षा नौ के सत्यम कुमार व प्रिंस शर्मा समेत कई विद्यार्थी शामिल रहे। निदेशक डॉ. विनोद कुमार ने महात्मा गांधी के विचारों से लोगों को अवगत कराया और उनके मार्गदर्शन पर चलने को प्रेरित किया।




### गांधी जी और शास्त्री की मनाई गई जयंती



**गया।** प्लस टू अनुग्रह कन्या स्कूल में बुधवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। प्रभारी प्रधानाध्यापक संजय कुमार ने दोनों महापुरुषों को श्रद्धांजलि अर्पित की और इनके विचारों से लोगों को अवगत कराया। मौके पर शशि शेखर सिंह, रामप्रीत प्रसाद चौहान, डॉ. अनुराधा गौतम, डॉ. मधु कुमारी, प्रीति कुमारी, बबीता, स्वचीता कुमारी, राजेश कुमार व इंद्रजीत कुमार ने अपने विचार रखे।

### नवरात्रि उत्सव की धूम, राजगीर में होगा भव्य डांडिया नाइट

**नालंदा।** राजगीर में होगा भव्य डांडिया नाइट का आयोजन। राजगीर में नवरात्रि के अवसर पर एक शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम होने जा रहा है। रोटरी क्लब ऑफ तथागत आगामी 5 अक्टूबर को इंडो होक्के होटल में भव्य डांडिया नाइट का आयोजन कर रही है। यह जानकारी क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन डॉ. जोसेफ टीटी ने दी। डॉ. टीटी ने बताया कि यह आयोजन पिछले 16 सालों से निरंतर चल रही है। हर साल में इसकी भव्यता में इजाफा होता जा रहा है। इस साल कार्यक्रम को विशेष बनाने के लिए दिल्ली की प्रसिद्ध एक्सेस ग्रुप को आमंत्रित किया गया है। प्रोजेक्ट चेयरमैन डॉ. सुनील कुमार ने बताया कि इस बार का मुख्य आकर्षण दरभंगा से आ रही पारंपरिक शिव तांडव शंखनाद टीम होगी। ये अपनी प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देगी।




**सभी बिहारवासियों के लिए निमंत्रणः** प्रॉजेक्ट पैटर्न डॉ. अरविंद कुमार सिन्हा ने कहा कि यह आयोजन सभी बिहारवासियों के लिए खुला है। कार्यक्रम में गरबा नृत्य के अलावा नवरात्रि विशेष व्यंजनों का भी आनंद लिया जा सकेगा। क्लब के सचिव डॉ. विभाष प्रियदर्शी ने बताया कि इच्छुक व्यक्ति किसी भी रोटरी सदस्य से संपर्क कर अपना पंजीकरण करा सकते हैं। कार्यक्रम न केवल स्थानीय लोगों के लिए, बल्कि बिहार और झारखंड के विभिन्न रोटरी क्लब सदस्यों के लिए भी एक महत्वपूर्ण सामाजिक-सांस्कृतिक मिलन का अवसर होगा।

# दो बाइक सवार की हुई मौत आक्रोशितों ने किया सड़क जाम

निज संवाददाता। गया



♦ गया में डोभी- पटना फोरलेन के पास हादसा, स्थानियों ने स्कॉर्पियो का पीछा कर पकड़ा

सड़क हादसे के बाद आक्रोशितों ने सड़क जाम कर दिया है। गया में बोधगया दोमुहान के पास डोभी-पटना फोरलेन मार्ग पर बुधवार देर रात सड़क हादसा हुआ है। इसमें दो युवकों की जान चली गई है। हादसे में मारे गए दोनों युवक एक ही गांव अमर बिगहा के रहने वाले थे। बताया जा रहा है कि दोनों आपस मे दोस्त थे। दोनों दोस्त डोभी-पटना फोर लेन पर पुल के ऊपर से आ रहे थे। तभी एक अनियंत्रित स्कॉर्पियो उन्हें रौंदते हुए फरार हो गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइक सवार युवकों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। सड़क हादसे दो युवकों की जान जाने से गुस्साए परिजनों व ग्रामीणों ने गया-डोभी रोड डीवीसी के पास सड़क को जाम कर दिया। गुस्साए परिजनों ने सड़क पर अगजनी भी की है। परिजन मुआवजे की मांग करने लगे। आक्रोशित लोगों ने स्कार्पियो का पीछा कर इसे पकड़ लिया है। मृतकों की पहचान अमर बिगहा गांव के रहने वाले आदित्य रंजन (17) और सूरज कुमार (18) के रूप में हुई है। स्कार्पियो से टोल टैक्स एक्जमटेड का पास और ड्राइविंग लाइसेंस बरामद किया गया है। ड्राइविंग लाइसेंस और पास दोनों श्रीकांत सिंह के नाम से है, जो आर्मी में है। वह औरंगाबाद के दाउदनगर का रहने वाला है।

घटना से गुस्साए आसपास के लोगों ने देर रात ही स्कार्पियो का पीछा कर चेरकी में पकड़ लिया था। हालांकि, स्कार्पियो का ड्राइवर और उस पर बैठे लोग फरार हो गए थे। पुलिस ने स्कार्पियो को जब्त कर लिया है। मृतकों के परिवार वालों ने बताया कि आदित्य और सूरज किसी काम को लेकर बाइक से दोमुहान गए थे।

फिर वापस घर लौट रहे थे। तभी डोभी- पटना-बाइपास पर पुल से नीचे आने के क्रम में बेलगाम गति से आ रहा स्कार्पियो ने बाइक सवार युवकों को टक्कर मार दी। इसमें दोनों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई।

**तीन घंटे सड़क रही जामः** ग्रामीणों ने बताया कि आदित्य रंजन इंद्रेश कुमार राय का इकलौता लड़का था। लोगों के विरोध प्रदर्शन के कारण करीब तीन घंटे सड़क जाम रही। इस क्रम में बोधगया से गया की ओर एक भी छोटे बड़े वाहन क्रॉस नहीं कर सके।

**पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजाः** मौके पर पहुंची बोधगया थाने की पुलिस ने किसी तरह लोगों को समझा बुझाकर कर शांत किया। सड़क पर से जाम हटाया। शव को कब्जे में लेकर पुलिस पोस्टमार्टम के लिए गया मगध मेडिकल कॉलेज भेज दिया। थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ितों को तत्काल मुआवजे का फायदा दिलाया गया है।

# घर का ताला तोड़ 6 लाख के सामान की चोरी



निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में बंद घर को निशाना बनाते हुए बदमाशों ने घर में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। मामला दीपनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नं.-51 चकदिलावर मोहल्ले की है। चोरी की घटना विजय पासवान के घर में हुई है। चोरी के दौरान पड़ोसी को बदमाशों ने घर में बंद कर दिया। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। घटना के संबंध में पीड़ित विजय पासवान के बेटे राकेश कुमार ने बताया कि वह घर में ताला लगाकर चाबी दादी को देकर बुधवार की शाम अपनी ड्यूटी पर चला गया था। गुरुवार की अहले सुबह चाचा-चाची से पता चला कि घर का ताला टूटा हुआ। इसके बाद आनन-फानन में घर पहुंचे, जहां देखा कि कमरे के अंदर रखा सारा सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा हुआ है।

**6 लाख की संपत्ति की बदमाशों ने की चोरीः** स्टोर वेल में रखा सोने-चांदी के जेवरात समेत कुल 6 लाख की संपत्ति की बदमाशों ने चोरी कर ली गई है। कासा और पीतल के बर्तन के साथ कीमती कपड़े भी चोरी कर ली गई है। दरअसल, राकेश कुमार निजी क्लीनिक में कंपाउंडर का काम करता है। वह हर दिन की तरह अपनी ड्यूटी पर शाम के वक्त घर बंद कर चला गया था। राकेश की पत्नी मायके गई हुई है। माता-पिता दूसरे प्रदेश काम के सिलसिले में गए हुए हैं। बदमाशों ने चोरी की घटना के वक्त पड़ोस में रहने वाले चाचा के घर का दरवाजा बाहर से बंद कर दिया था।

# आशापुरी मंदिर में नवरात्रि के दौरान महिलाओं का प्रवेश वर्जित

निज संवाददाता। नालंदा



♦ नालंदा में तांत्रिक विधि से पूजा; अशुभ मानी जाती है मौजूदगी

नालंदा के आशापुरी मंदिर में नवरात्रि में महिलाओं का प्रवेश वर्जित है। नालंदा के गिरियक प्रखण्ड अंतर्गत घोसरावां स्थित मां आशापुरी मंदिर में सदियों पुरानी परंपरा के अनुसार, नवरात्रि के दौरान महिलाओं का प्रवेश वर्जित रहेगा। इस मंदिर में विशेष रूप से तांत्रिक विधि से माता देवी की पूजा की जाती है। इस दौरान महिलाओं की उपस्थिति को अशुभ माना जाता है। पुजारी पुरेंद्र उपाध्याय के अनुसार, आशापुरी मंदिर में तांत्रिक पूजा की एक विशिष्ट पद्धति अपनाई जाती है। इस पूजा में मंत्र, यंत्र और तंत्र की विशेष साधनाएं की जाती हैं। तांत्रिक साधकों का मानना है कि तांत्रिक अनुष्ठानों के दौरान अत्यधिक उग्र और तीव्र ऊर्जा का संचार होता है, जिसे संभालना आम लोगों के लिए संभव नहीं होता। खासकर महिलाओं के लिए ये संभव नहीं है। नवरात्रि के दौरान तो यह ऊर्जा और भी अधिक शक्तिशाली होती है।

**विशेष अनुष्ठान करते हैं तांत्रिकः** नवरात्रि के पावन पर्व पर मां आशापुरी मंदिर में तांत्रिक साधक विशेष अनुष्ठान करते हैं। इन अनुष्ठानों के दौरान मंदिर के भीतर प्रवेश और पूजा केवल प्रशिक्षित तांत्रिक साधकों से ही की जाती है। महिलाओं के प्रवेश पर इस दौरान कड़ी पाबंदी होती है।

**सदियों पुरानी है परंपराः** यह परंपरा सदियों पुरानी है। स्थानीय लोग इसे देवी मां की इच्छा मानते हुए पूरी श्रद्धा से निभाते हैं। उनका मानना है कि इस परंपरा का पालन करने से गांव में शांति और समृद्धि बनी रहती है। घोसरावां की आशापुरी मंदिर भारतीय तांत्रिक परंपराओं का एक अद्वितीय स्थल है। यहां तांत्रिक साधनाएं और पूजा पद्धतियां सदियों से उसी आस्था और विश्वास के साथ निभाई जा रही हैं। नवरात्रि के दौरान महिलाओं के प्रवेश पर लगी पाबंदी इस मंदिर की विशिष्टता को और बढ़ाती है।

**संस्कृति और परंपरा का अनूठा संगमः** आशापुरी मंदिर धर्म, संस्कृति और परंपरा का एक अनूठा संगम है। यहां की परंपराएं सदियों से चली आ रही हैं। स्थानीय लोगों की आस्था से जुड़ी हुई हैं। हालांकि, ये परंपराएं आधुनिक समय में कई सवाल खड़े करती हैं।

# पूर्वजों के महाकुंभ पितृपक्ष का समापन पिंडदानियों ने अक्षयवट में लिया सुफल

निज संवाददाता। गया



मोक्षदायिनी फल्गु से शुरु पूर्वजों के महाकुंभ "पितृपक्ष'' का समापन बुधवार को गयाश्राद्ध के लिए पहुंचे पिंडदानियों ने अक्षयवट में तीर्थ पुरोहितों के सुफल के साथ किया। पिंडदान के कर्मकांड को करने के बाद अब पिंडदानी धीरे-धीरे अपने गंतव्य स्थान की ओर लौटने लगे हैं, हालांकि कुछ त्रिपाक्षिक श्राद्ध करने वाले पिंडदानी गुरुवार को गायत्री घाट वेदी पर अपने नाना-नानी का पिंडदान कर आचार्य को विदाई देंगे। बता दें कि अक्षयवट वेदी पर पिंडदान के लिए अहले सुबह से ही त्रिपाक्षिक श्राद्ध करने वाले पिंडदानी पहुंचे। सर्वप्रथम वेदी के पास पूर्वजों की मुक्ति के लिए पिंडदान का कर्मकांड शुरू किया। ब्राह्मणों से अक्षयवट वृक्ष की महिमा सुनी व अब तक किए गए धार्मिक अनुष्ठान को पूरा कर पिंड को वेदी पर अर्पित किया। इस बीच पिंडदानियों ने वट वृक्ष की टहनियों में धागा बांध पितरों की मुक्ति की कामना की, साथ ही वट वृक्ष की चार बार परिक्रमा की। यहां पिंडदानियों ने जौ, खीर और खोया के पिंड से श्राद्ध किया। इसी के साथ मोक्षदायिनी फल्गु से शुरू पिंडदानियों द्वारा कर्मकांड अक्षयवट में वट वृक्ष की पूजा के बाद संपन्न हो गया। राजकीय पितृपक्ष मेला के आखिरी दिन बुधवार को गया नगर निगम के पूर्व डिप्टी मेयर सह स्टैंडिंग कमेटी सदस्य डॉ. अखौरी ओंकार नाथ उर्फ मोहन श्रीवास्तव ने देवघाट पर देश-दुनिया के लावारिस व अज्ञात मृतकों व अपने पितरों के नाम से तर्पण किया। कहा कि मोक्षस्थली धार्मिक व पौराणिक शहर गयाजी में देश-दुनिया में मरे हुए अज्ञात शवों व मृतकों के साथ-साथ पितरों के नाम से तर्पण किया, ताकि उन्हें मोक्ष की प्राप्ति मिल सके। इसके अलावा उन्होंने ब्राह्मणों को भोजन भी कराया। तीर्थ-पुरोहितों के बीच किया शय्या दान अक्षयवट वेदी पर पिंडदान के बाद तीर्थयात्रियों ने तीर्थ-पुरोहितों के बीच शय्या दान किया। इसके पूर्व उन्होंने उनकी पूजा-अर्चना की। 17 दिनों पिडदानियों ने अपने इनसे सुफल लेकर गया श्राद्ध को पूरा किया। श्री विष्णुपद प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष शंभु लाल विट्ठल व सचिव गजाधरलाल पाठक ने संयुक्त रूप से बताया कि अक्षयवट में श्राद्ध के साथ पितृपक्ष समाप्त हो गया। पुरोहितों से सुफल लेकर पिंडदानी अब अपने घर लौटने लगे है।

# नवरात्रि के मौके पर भव्य कलश शोभा यात्रा का आयोजन



निज संवाददाता। नालंदा

शारदीय नवरात्रि के मौके पर निकाली गई कलश यात्रा। नालंदा में शारदीय नवरात्र के शुभ अवसर पर गिरियक प्रखंड के चोरसुआ गांव में एक भव्य कलश शोभायात्रा का आयोजन किया गया। दुर्गा पूजा समिति और विद्यार्थी अभिनय संघ के तत्वावधान में आयोजित इस यात्रा में 511 से अधिक महिलाओं और कन्याओं ने भक्ति गीतों की धुन पर नृत्य करते हुए अपनी सहभागिता दर्ज कराई। पूजा समिति के अध्यक्ष चंदन मुखिया ने बताया कि यह एक वार्षिक परंपरा है, जो हमारी सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। प्रत्येक साल की तरह इस साल भी नवरात्र का उत्सव पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है।

पूजा समिति के अध्यक्ष ने कहा कि कलश यात्रा का प्रारंभ गांव के प्रमुख देवी स्थान से होता है। यह यात्रा विभिन्न धार्मिक स्थलों से होते हुए प्रसिद्ध त्रिवेणी धाम तक पहुंचती है, जहां तीन पवित्र नदियों का उदगम होता है। यहां से जल भरकर यात्रा पुनः देवी स्थान पर लौटती है। षष्ठी के दिन बेल पूजा के अवसर पर एक विशाल जुलूस निकाला जाएगा। नवरात्रि के दौरान जागरण का आयोजन किया जा रहा है। विद्यार्थी अभिनय संघ विशेष नाट्य मंचन करेगी।कलश शोभा यात्रा में अशोक प्रसाद, अरविंद कुमार, डॉक्टर रंजीत कुमार, सरपंच राकेश कुमार, दीपक कुमार सिंह, अमलेश कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति और बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# एशियन हॉकी चैंपियनशिप में 6 देशों की टीम लेगी हिस्सा

## राजगीर में तैयारियां जारी, पदाधिकारी को DM-SP ने दिए निर्देश

निज संवाददाता। नालंदा




राजगीर में एशियन हॉकी चैंपियनशिप की तैयारियां जारी है। राजगीर शहर जल्द ही अंतरराष्ट्रीय खेल मानचित्र पर अपनी विशिष्ट पहचान बनाने जा रही है। नवंबर 2024 में होने वाली एशियन हॉकी चैंपियन ट्रॉफी (महिला) के मद्दे नजर शहर में व्यापक स्तर पर तैयारियां शुरू हो गई हैं। नालंदा के जिलाधिकारी शशांक शुभंकर और पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। राजकीय खेल अकादमी-सह-खेल परिसर, राजगीर में 11 से 20 नवंबर 2024 तक आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में छह देशों की टीमें हिस्सा लेंगी। भारत के अलावा, चीन, मलेशिया, जापान, दक्षिण कोरिया और थाईलैंड की टीमें अपना दमखम दिखाएंगी।

**ऐतिहासिक स्थलों का होगा सौंदर्यीकरणः** प्रशासन ने शहर को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप तैयार करने का बीड़ा उठाया है। शांति स्तूप, वनगंगा और ब्रह्म कुंड जैसे ऐतिहासिक स्थलों का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। शहर की सड़कों पर बिहार पर्यटन, बौद्ध धर्म और हॉकी खेल से संबंधित आकर्षक भित्तिचित्र बनाए जाएंगे। पेयजल और शौचालय की व्यवस्था होगी। व्यापक स्तर पर सफाई अभियान चल रहा है। यूनिफॉर्म साइनेज और डस्टबिन की स्थापना पांडू पोखर और सरस्वती नदी का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है।

**डीएम ने दिए निर्देशः** जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने विधि व्यवस्था, यातायात नियंत्रण, आवास व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाओं और दर्शक सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं। वॉच टावर, नियंत्रण कक्ष और पहचान पत्र के माध्यम से सुरक्षा को चाक-चौबंद किया जाएगा। जानकारी के अनुसार यह पहली बार है जब बिहार की धरती पर इस स्तर की अंतरराष्ट्रीय महिला हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए प्रशासन कोई कसर नहीं छोड़ना चाहता।

# पितृपक्ष के अंतिम दिन विजय कुमार सिन्हा ने मुंडवाए बाल

निज संवाददाता। गया



गया में डिप्टी CM ने पूर्वजों का किया तर्पण, स्वयं सेवकों का हौसला बढ़ाया

गया में प्रदेश के डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने पितृपक्ष के अमावस्या तिथि यानी अंतिम दिन अपने पूर्वजों का तर्पण किया। उन्होंने सीता कुंड परिसर में अपने बाल मुड़वाए, फिर स्नान करने के बाद अपने पूर्वजों का उन्होंने पवित्र फल्गु नदी के जल से विधिवत तर्पण किया। डिप्टी सीएम का तर्पण ब्राह्मणों ने वैदिक मंत्रोचार के साथ कराया। इसके बाद डिप्टी सीएम घाट पर तीर्थयात्रियों के नियमित सेवा दे रहे स्वयं सेवी संस्थाओं के काउंटर पर गए। उनका हौसला बढ़ाया।

**बुधवार सुबह कार्यकर्ताओं को मिली जानकारीः** भाजपा के कार्यकर्ताओं ने बताया कि पितृपक्ष मेले के अंतिम दिन डिप्टी सीएम विजय सिन्हा की आने की जानकारी मिली। इसके बाद सीताकुंड घाट पर डिप्टी सीएम के लिए व्यवस्था की गई। विजय कुमार सिन्हा आए और उन्होंने सबसे पहले घाट पर ही अपने बाल मुड़वाए। इसके बाद स्नान किया फिर उन्हें तर्पण का सामान मुहैया कराया गया। डिप्टी सीएम फल्गु नदी में बने रबर डैम में खड़े होकर अपने पुरखों को जल अर्पित किए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि गया जी बेहद पौराणिक तीर्थ स्थली है। यहां के लोगों द्वारा तीर्थ यात्रियों के प्रति सेवा भाव देखकर अच्छा लगा। तीर्थयात्री अपने पूर्वजों का सेवा करने आए थे। उन तीर्थयात्रियों की सेवा यहां के लोग कर रहे थे। यह सेवा भाव से स्वयं सेवकों को भी खासा लाभ मिलेगा। अतिथियों की सेवा उत्तम सेवा है। इस मौके पर उनसे स्मार्ट मीटर की वजह से लोगों को हो रही परेशानियों से जुड़े सवाल पूछे गए तो उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। इस मौके पर भाजपा के मुकेश शर्मा,अनिल स्वामी, रूपेश कुमार, सन्तोष सिंह आदि भी मौजूद रहे।

**समापन के वक्त वन मंत्री रहे मौजूदः** वहीं, शाम को पितृपक्ष मेले का विधिवत समापन किया गया। इस मौके पर गया जिले के प्रभारी मंत्री नीतीश मिश्रा, वन मंत्री डॉक्टर प्रेम कुमार मौजूद रहे। इस दौरान डीएम त्यागराजन ने मेले की ऐतिहासिक सफलता के बारे में बताया।

# मां मंगलागौरी में बैरिकेडिंग के अंदर बैठने की सुविधा

निज संवाददाता। गया



शक्तिपीठ मां मंगलागौरी मंदिर में अब श्रद्धालु कतार में खड़े नहीं होंगे। करीब पांच सौ श्रद्धालुओं के लिए बैरिकेडिंग के अंदर स्टील की मजबूत सीट लगाई गई है, जिस पर बैठ श्रद्धालु कतारबद्ध होकर गर्भगृह के बाहर सभामंडप में प्रवेश करेंगे। सभामंडप के बाद उन्हें गर्भगृह में प्रवेश मिलेगा, हालांकि गर्भगृह में प्रवेश को लेकर जय मां मंगलागौरी प्रबंधकारिणी समिति श्रद्धालुओं के भीड़ का आकलन कर रही है। पंचमी तिथि तक भक्त गर्भगृह में माता का दर्शन-पूजन कर सकते है, पर षष्टी तिथि से लेकर नवमी तिथि तक सभामंडप से दर्शन पर विचार किया जा रहा है। मंदिर के मुख्य पुजारी चंद्रधर गिरि ने बताया कि शक्तिपीठ होने के कारण नवरात्र में सबसे अधिक भीड़ श्रद्धालुओं की मां मंगलागौरी मंदिर में लगती है। एक-एक श्रद्धालु पांच से आठ घंटे तक कतार में खड़े होकर माता का दर्शन करते है। षष्टी तिथि से लेकर नवमी तक अप्रत्याशित भीड़ होती है। इन चार दिनों में भक्त गर्भगृह में प्रवेश करेंगे या नहीं, यह निर्णय श्रद्धालुओं के भीड़ को देखते हुए लिया जाएगा।

## न्यूज बाइट्स

### सुकहराडीहरी टीम के बीच महात्मा गांधी फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ आगाज

**राजपुर (रोहतास) (नि. सं.)।** गांधी जयंती के अवसर पर बुधवार को प्रखंड के हुसैनाबाद गांव स्थित खेल मैदान पर अकेला बजरंग क्लब के तत्वावधान में 34 वॉ महात्मा गांधी फुटबॉल टूर्नामेंट पहला मैच बिक्रम गंज बनाम सुकहराडीहरी के बीच खेला गया। उद्घाटन मैच में सुकहराडीहरी की टीम ने मध्यांतर के दो मिनट पहले बिक्रम गंज की तरफ़ एक गोल दाग टीम को बढ़त दिला दिया। मध्यांतर के बाद बिक्रम गंज टीम मैच को बराबरी पर लाने का अथक प्रयास किया। लेकिन सुकहराडीहरी के खिलाड़ियों के सामने उनका हर प्रयास असफल रहा। मैच का उद्घाटन समाजसेवी अशोक सिंह ने फूटवाल को कीक मार कर किया।क्लब के अध्यक्ष भाई जयराम सिंह अकेला ने बताया कि उक्त मैदान पर लगातार 34 वर्षो से गांधी जी के जयन्ती पर फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन हो रहा है। जो रोहतास जिला समेत अन्य कई जिलों के लिये उच्चतम रिकाड़ रहा है। मौके पर टुरनामेंट संचालन में सहयोगी कृष्णा यादव, रमुन पासवान, सतरतन पासवान, अरविंद कुमार राय समेत स्थानीय पंचायत के मुखिया योगेन्द्र चौधरी व अन्य प्रतिनिधियों समेत सैकड़ों दर्शक मौजूद रहे।

### करियर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**बिक्रमगंज (रोहतास) (नि. सं.)।** भारतीय कंपनी सचिव संस्थान (आईसीएसआई) की ओर से डीएवी पब्लिक स्कूल सेमरा में करियर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौके पर ICSI के निदेशक कुमार नवनीत ने विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि भारत के आर्थिक विकास में कंपनी सचिवों (CS) के कार्यक्षेत्र को एक नई ऊंचाई प्रदान की है। बताया कि CS को पूंजी बाजार संबंधी कानूनी मामलों में विशेषज्ञ का दर्जा प्रदान किया गया है। कंपनी सचिवों की भूमिका कंपनी निर्माण, विकास समापन, पुनः निर्माण, संविलियन जैसे मामलों के अतिरिक्त विवादों में मध्यस्थता के कार्यों के लिए अहम हो गई है। उन्होंने बताया कि CS पाठ्यक्रम को दूरस्थ माध्यम से पूर्ण कर सकते हैं। कार्यक्रम से लगभग 1000 विद्यार्थी लाभान्वित हुए। निदेशक कुमार नवनीत ने बताया कि ICSI भारत में कंपनी सचिवों (CS) के पेशे के विनियमन और विकास के लिए संसद के एक अधिनियम यानी कंपनी सचिव अधिनियम 1980 के तहत स्थापित एक प्रमुख पेशेवर निकाय है। यह भारत सरकार के कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय के अधिकार क्षेत्र में कार्य करता है। संस्थान एक सक्रिय निकाय होने के नाते CS छात्रों के लिए उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करता है। संस्थान में 75000 से अधिक सदस्य और लगभग 2 लाख छात्र हैं।

### स्मार्ट प्रीपेड मीटर एवं नॉर्मल मीटर का टैरीफ एक सामान : एसडीओ

**बिक्रमगंज (नवादा) (नि. सं.)।** विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल बिक्रमगंज अंतर्गत पांच प्रशाखा है एवं सभी उपभोक्ताओ के परिसर मे स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने का कार्य प्रगति पर है। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा बताया गया की स्मार्ट प्रीपेड मीटर सभी उपभोक्ताओं के परिसर मे निःशुल्क लगाया जा रहा है तथा मीटर लगाते समय कर्मियों का सहयोग करें एवं किसी भी प्रकार के अवरोध उत्पन्न न करें। एसडीओ के द्वारा आगे बताया गया की उपभोक्ताओं के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर पहली बार मीटर रिचार्ज करने हेतु मैसेज प्राप्त होने के बाद दो दिनों का समय दिया जाता है तथा बैलेंस शून्य अथवा निगेटिव होने पर उपभोक्ता को एसएमएस के माध्यम से रिचार्ज करने हेतु सुचना दी जाती है। उपभोक्ता द्वारा रिचार्ज नहीं करने पर वे दो दिनों तक बिजली का उपभोग कर सकते हैं, इसके बाद भी रिचार्ज नहीं करने पर तीसरे दिन केवल कार्य दिवस को सुबह 10 बजे से दिन के 1 बजे के बीच ही बिजली स्वतः काट जाती है साथ ही साथ रिचार्ज होने के बाद बिजली स्वतः चालू हो जाती है। बता दें की राज्य सरकार द्वारा निर्धारित छुट्टी एवं रविवार के दिन बिजली नहीं काटी जाती है एवं रात मे भी विद्युत विभाग द्वारा बिजली नहीं काटी जाती है।

# शारदीय नवरात्र की धूमः कलश स्थापना के साथ शुरू हुई भक्ति, मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**निज संवाददाता सासाराम (रोहतास)।**



गुरुवार को कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र का शुभारंभ हुआ, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है। देवी दुर्गा की आराधना का यह विशेष पर्व हर वर्ष श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस बार नवरात्र की शुरुआत से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा है। विभिन्न पूजा स्थलों पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालु माता दुर्गा की आराधना में जुटे हुए हैं। सवेरे से ही देवी मंदिरों में महिलाओं और पुरुषों की लंबी कतारें देखने को मिलीं, जहां श्रद्धालु भक्ति भाव से पूजा-अर्चना कर रहे थे। भक्तों ने घरों में भी कलश स्थापना के साथ दुर्गा सप्तशती का पाठ आरंभ किया। घर-घर में धूप और शंख की ध्वनि से पूरा वातावरण महक उठा है।

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** शारदीय नवरात्र के पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा शक्ति पीठों में धूमधाम से हुई। दिनारा प्रखंड के भलुनी धाम स्थित मां यक्षिणी भवानी, धनगांई देवी मंदिर, नटवार रोड देवी मंदिर, सासाराम रोड दुर्गा स्थान, डुमरांव रोड देवी मंदिर, मां आस्कामिनी मंदिर समेत अन्य मंदिरों में श्रद्धालुओं ने माता की आराधना की। प्रातःकाल से ही सभी देवी मंदिरों में माता रानी के जयकारों और घंटों की झंकार से पूरा वायुमंडल गुंजायमान हो गया। मंदिरों के चारों ओर मेले जैसा दृश्य बना रहा। श्रद्धालुओं ने नवरात्रि के पहले दिन व्रत रखकर देवी की षोडशोपचार विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया। नवरात्र के इस पावन अवसर पर भक्तों ने दीप, धूप, नैवेद्य और पुष्पों से देवी का पूजन अर्चन किया। विशेष रूप से, मां सरस्वती और लक्ष्मी का भी पूजन किया गया। इस दिन श्रद्धालुओं ने मंदिरों में भजन-कीर्तन भी किया, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। सभी श्रद्धालुओं ने साविधि देवी का पूजन-अर्चन किया और घरों में भी भक्ति-भाव के साथ मां का पूजन-अर्चन किया। देवी मंदिरों में विशेष सजावट की गई है, जिसमें फूलों की रंगीन सजावट और विद्युत सज्जा की गई है।

**काराकाट (रोहतास)ः** शारदीय नवरात्र के पहले दिन मां दुर्गा के शैलपुत्री स्वरूप की पूजा कलश स्थापना के साथ धूमधाम से शुरू हुई। मंदिरों और पूजा-पंडालों में सुबह से ही पूजा अर्चना के लिए भीड़ लगी रही। नवरात्र को लेकर घरों और पूजा-पंडालों में विधिवत कलश स्थापना की गई। श्रद्धालुओं ने दिनभर उपवास रखकर मां दुर्गा की आराधना की। भक्तों ने मां दुर्गा को लाल चुनरी, नारियल, और अन्य पारंपरिक भोग अर्पित किए। पूजा के उपरांत श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। भक्तिमय गीत व भजनों से चैत्र नवरात्र को लेकर क्षेत्र में भक्तिमय एवं उत्साह का माहौल बना हुआ है। इस दौरान कई कलाकार पूजा पंडालों को सजाने में जुटे हैं, ताकि इस पर्व की भव्यता और बढ़ सके।

**दावथ (रोहतास)ः** दावथ प्रखंड में नवरात्र के पहले दिन श्रद्धालुओं ने कलश स्थापना कर मां शैलपुत्री की पूजा की। शहर के विभिन्न पूजा पंडालों सहित अपने-अपने घरों में अनेक श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से कलश की स्थापना कर श्रद्धा और भक्ति भाव से नवरात्र का अनुष्ठान प्रारंभ किया। नवरात्र के पहले दिन मां शैलपुत्री की आराधना की जाती है, जिसमें माता रानी से सुख, शांति और समृद्धि की कामना की जाती है। नवरात्र का शुभारंभ होने के साथ ही शहर में दुर्गोत्सव की धूम शुरू हो गई है। विभिन्न पूजा पंडालों में सुबह शाम हो रही पूजन अनुष्ठान व आरती के दौरान बज रहे घंटा, शंख के धुन से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है। प्रखंड क्षेत्र के कई स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की जाती है, जिनमें दावथ, मलियाबाग, जमसोना, योगनी, बभनौल सेमरी जैसे स्थान शामिल हैं। यहां भव्य और सुंदर पूजा पंडाल विशेष आकर्षण का केंद्र बनते हैं।

**नौहट्टा (रोहतास)ः** नौहट्टा प्रखंड क्षेत्र में धूमधाम से शारदीय नवरात्र की शुरुआत कलश यात्रा से की गई। इस यात्रा में श्रद्धालुओं ने स्थानीय जलाशयों, सोन नदी, और कैमूर पहाड़ी के महादेव खोह से जल भरकर लाए। कलश यात्रा में शामिल व्रत धारियों ने गाजे-बाजे के साथ जल भरकर पूजा पंडालों की ओर प्रस्थान किया। शारदीय नवरात्र के पहले दिन कलश यात्रा के बाद पंडालों में भिन्न-भिन्न आचार्य के द्वारा मंत्रोच्चार के साथ कलश स्थापना कर नवदुर्गा के प्रथम रूप शैलपुत्री की पूजा की गई। मंत्रोच्चार से क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। इस दौरान भक्तों में उत्साह और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। पूजा की इस महत्ता को देखते हुए क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं ने नवरात्र के पर्व को उल्लास के साथ मनाने की ठानी है। देवी की आराधना में किसी भी प्रकार की कमी नहीं रखी जा रही है। इस प्रकार, शारदीय नवरात्र का पर्व श्रद्धा और भक्ति का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है।

## रोहतास एसपी ने किया थाने का निरीक्षण, दिए निर्देश

**विक्रमगंज (रोहतास) (नि. सं.)।** रोहतास एसपी ने बुधवार को सुर्यपुरा थाने का निरीक्षण किया। दुर्गा पूजा के समय को देखते हुए रोहतास एसपी कै द्वारा जिले भर के विभिन्न थानों का भ्रमण शुरू है।इसी क्रम में दावथ एवं सुर्यपुरा थाने में बुधवार को देर शाम औचक निरीक्षण के लिए पहुंचे एसपी रौशन कुमार ने कई निर्देश थाने को दिए। अपने भ्रमण के दौरान रोहतास एसपी ने कहा कि यह हमारी रूटिन ड्यूटी है। दुर्गा पूजा के समय विधि व्यवस्था से संबंधित कई निर्देश भी दिए। पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा डीजे पर प्रतिबंध से संबंधित निर्देश भी दिए गए। पूजा पंडाल से संबंधित कई जानकारियां भी ली गई एवं इससे संबंधित भी कई निर्देश दिए गए। वहीं थाना अध्यक्ष दावथ कृपाल जी तथा थाना अध्यक्ष सुर्य पुरा प्रिया कुमारी ने बतलाया कि पूजा के दौरान पुलिस का यह प्रयास होगा हर हाल में शांति कायम रहे। इस औचक निरीक्षण को इन्होंने थाने की गतिविधियों एवं विधि व्यवस्था से एसपी को अवगत कराया। वहीं पत्रकारों के पुछे जाने पर रोहतास एसपी ने कहा कि थाने का विजिट करना हमारा कर्तव्य है और यह हमारा विभाग है। इसलिए आना जाना विभागीय काम ही है।

# प्रशासन की टीम ने जनप्रतिनिधि को 46 रन से पराजित कर बना विजेता

**निज संवाददाता | संझौली (रोहतास)**

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के मौके पर संझौली प्रखंड स्थित के-के हाई स्कूल के मैदान में प्रशासन व जनप्रतिनिधि के बीच एक दिवसीय शानदार क्रिकेट मैच खेला गया। इसके उपरांत जनप्रतिनिधि व प्रशासन द्वारा संयुक्त कबूतर उड़ाकर मैच का शुभारंभ किया गया। प्रशासन की तरफ से बिक्रमगंज एसडीएम अनिल बसाक ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। प्रशासन की टीम ने 10 ओवर में कुल-138 रन बनाया। इसमें एसआई अभिषेक कुमार-55 व आशुतोष कुमार-54 रन सवार्धिक रन बनाए। जनप्रतिनिधि की टीम ने 10 ओवर में कुल 92 रन बनाया। इस प्रकार प्रशासन टीम ने जनप्रतिनिधि टीम को 46 रन से पराजित कर दिया। जनप्रतिनिधि की तरफ से करमैनी पंचायत मुखिया सुबाष कुमार ने सर्वाधिक 56 रन बनाए। पूर्व बीडीसी सदस्य रबिन्द्र सिंह ने एक ओभर में चार चौका लगाकर दर्शकों का दिल जीता। और उन्होंने अच्छी बल्लेबाजी की। प्रासशन की टीम ने शानदार गेंदबाजी करते हुए दस ओवर में 92 रन देकर चार विकेट लिया। जवाब में जनप्रतिनिधि की टीम निर्धारित-10 ओवर में तीन विकेट लेकर कुल-92 रन पर सिमट गई। अभिषेक कुमार को मैन आफ-द-मैच व बेस्ट बॉलर में एसआई गणेश तिवारी का पुरस्कार मिला। वही प्रतिनिधि की तरफ से बेस्ट बल्लेबाज में मुखिया सुबाष कुमार का चयन कर उन्हें सम्मानित किया गया। दोनों टीमों के खिलाड़ियों को मेडल से सम्मानित किया गया। अंचलाधिकारी किशोर पासवान, बीसीओ मनोज कुमार, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि प्रभात कुमार, उप प्रमुख प्रतिनिधि बरुण सिंह, पूर्व उप प्रमुख वर्तमान बीडीसी सदस्य डॉ मधु उपाध्याय, पैक्स अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, मुखिया मिथलेश सिंह, चंद्रहॉस कुमार, संगीता देबी, बीडीसी सदस्य मंटू कुमार उर्फ नरेंद्र सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

# पूर्व मध्य रेल द्वारा 97.95 मिलियन टन माल लदान, 15871 करोड़ रुपये की प्रारंभिक आय दर्ज

**निज संवाददाता | हाजीपुर (वैशाली)**

चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 की पहली छमाही में पूर्व मध्य रेलवे ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 97.95 मिलियन टन माल लदान किया, जिससे रेलवे को 15871 करोड़ रुपये की प्रारंभिक आय प्राप्त हुई। यह आय पिछले वर्ष की इसी अवधि में प्राप्त 15181 करोड़ रुपये की तुलना में 4.55% अधिक है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि रेलवे की माल ढुलाई सेवाओं में वृद्धि हुई है। अप्रैल से सितंबर 2024 के बीच माल लदान के मामले में भी बढ़ोतरी देखी गई, जहां पिछले वर्ष की समान अवधि में 96.99 मिलियन टन माल लदान हुआ था, वहीं इस वर्ष यह आंकड़ा बढ़कर 97.95 मिलियन टन हो गया। माल ढुलाई से हुई कुल आय 13125 करोड़ रुपये रही, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 12810 करोड़ रुपये थी, यानि 2.46% की वृद्धि दर्ज की गई। माल लदान के आंकड़ों में खासतौर से मक्का, गेहूं, बॉक्साइट और मिनरल ऑयल की लोडिंग में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई। मक्का की लोडिंग में 50.94% की वृद्धि हुई, जहां पिछले वर्ष के 265 रेक की तुलना में इस वर्ष 400 रेक लोड किए गए। गेहूं के मामले में, पिछले वर्ष 19 रेक लोड किए गए थे, जबकि इस वर्ष यह संख्या बढ़कर 40 हो गई, जिसमें 110% की वृद्धि हुई। बॉक्साइट की लोडिंग में भी 11.72% की वृद्धि दर्ज की गई, जहां पिछले वर्ष 128 रेक की तुलना में इस वर्ष 143 रेक लोड हुए। इसी तरह, मिनरल ऑयल के लोडिंग में भी भारी बढ़ोतरी हुई है, जिसमें पिछले वर्ष के 198 रेक की तुलना में इस वर्ष 322 रेक लोड किए गए, जो 62.63% अधिक है। यात्री सेवा के क्षेत्र में भी पूर्व मध्य रेलवे ने उल्लेखनीय प्रगति की है। अप्रैल से सितंबर 2024 के बीच लगभग 122 मिलियन यात्रियों ने पूर्व मध्य रेलवे की सेवाओं का उपयोग किया, जिससे रेलवे को 2430 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। यह राजस्व पिछले वर्ष की समान अवधि के 2095 करोड़ रुपये की तुलना में लगभग 16% अधिक है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि यात्री सेवाओं में भी रेलवे को लाभ हुआ है और यात्रियों की संख्या में वृद्धि दर्ज की गई है। पूर्व मध्य रेलवे की यह उपलब्धियां यह दर्शाती हैं कि रेलवे अपनी सेवाओं में लगातार सुधार कर रहा है और माल एवं यात्री दोनों क्षेत्रों में उसकी पकड़ मजबूत हो रही है। माल ढुलाई के साथ-साथ यात्री परिवहन से होने वाली आय में वृद्धि से यह साफ होता है कि रेलवे भविष्य में भी इसी गति से आगे बढ़ता रहेगा और अपनी सेवाओं में नए आयाम स्थापित करेगा।

# बुनियादी सुविधाओं के अभाव में जूझ रहा अनुमंडलीय अस्पताल

**निज संवाददाता | रजौली (नवादा)**

अनुमण्डलीय अस्पताल बीते कई वर्षो से बुनियादी सुविधाओं के आभाव से जूझ रहा है। जबकि बीते कुछ माह से इस अस्पताल को कागजों पर ट्रामा सेंटर युक्त अस्पताल घोषित है। दर्जनों बार खबरें प्रकाशित होने के बाद स्थानीय नेताओं के साथ-साथ समाजसेवी जागे। बीते दो दिनों पूर्व समाहरणालय में जिला प्रभारी मंत्री डॉ. प्रेम कुमार, नवादा डीएम, एसपी एवं सिविल सर्जन के अलावे एमएलसी अशोक यादव व एमएलसी प्रतिनिधि दीपक कुमार मुन्ना की उपस्थिति में 20 सूत्री की बैठक में अनुमंडलीय अस्पताल में कमियों का मुद्दा जोर-शोर से उठाया गया। जिसके आलोक में जिलाधिकारी के निर्देशानुसार एसडीओ आदित्य कुमार पीयूष ने एलआरडीसी प्रमोद के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम में अनुमण्डल कृषि पदाधिकारी डॉ. अविनाश, बीडीओ संजीव झा व सीओ मो. गुफरान मजहरी मौजूद रहे। गठित टीम गुरुवार की सुबह लगभग 10 बजे अनुमंडलीय अस्पताल पहुंची, अस्पताल के निरीक्षण के दौरान कमियां ही कमियां देखने को मिली। अस्पताल में ड्रेसर समेत महिला चिकित्सक एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मियों की भारी कमी है। अस्पताल में बगैर रेडियोलोजिस्ट के नाम मात्र का एक एक्सरे मशीन टेक्नीशियन की मदद से संचालित किया जा रहा है। वहीं अस्पताल में अल्ट्रासाउंड एवं ब्लड बैंक की व्यवस्था नदारद है। बगैर एक्सरे रिपोर्ट के मरीजों के टूटे-फूटे हड्डियों को देखकर चिकित्सक मरीज को रेफर कर देते हैं। लाखों रुपये खर्च किये जाने के बाद बना पीकू रूम में भी धूल की परतें जमी पड़ी है।साथ ही जिले के एकमात्र एनआरसी में भी भारी अनियमितता है। अस्पताल में कुल 15 चिकित्सक रोस्टर के अनुसार ड्यूटी करते हैं। चिकित्सकों में डॉ. दिलीप कुमार, डॉ. पारितोष कुमार, डॉ. विनोद कुमार, डॉ. गुलाम अनीस, डॉ. धीरेंद्र कुमार,डॉ.गजेंद्र कुमार, डॉ. निवेदिता नंदनी आयुष, डॉ. श्यामनन्दन प्रसाद,डॉ. मुकेश कुमार, डॉ. अमित कुमार,डॉ. सतीश चन्द्र सिन्हा, डॉ. स्नेहल, डॉ. नीरज कुमार एवं डॉ. अमरेश कुमार हैं। वहीं अस्पताल में 24 जीएनएम हैं। मिली जानकारी के अनुसार अस्पताल में 9 गार्ड भी मौजूद हैं। अस्पताल से मरीजों को मिलने वाली दवाइयों की संख्या 274 है। वहीं पैथोलॉजी में भी मात्र 10 से 11 प्रकार की जांच की सुविधा उपलब्ध है। जिससे मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। साथ ही फार्मासिस्ट एवं लैब टेक्निशियन अपने-अपने कक्ष को ओपीडी के समय ही खोलते हैं और बन्द करते हैं। जिससे इमरजेंसी में आने वाले मरीजों को दवाई, सुई, जांच आदि के लिए बाजार जाना पड़ता है। जिसके कारण मरीजों एवं उनके परिजनों को मानसिक, शारिरिक एवं आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सदर अस्पताल में इस तरह के बिल्डिंग नहीं है, फिर भी वहां ज्यादा सुविधाएं हैं। जबकि रजौली अस्पताल में बिल्डिंग है, किन्तु बुनियादी सुविधाओं की घोर कमी है। अस्पताल में उपाधीक्षक समेत दो फिजिसियन, दो जेनरल सर्जन, दो स्त्री रोग विशेषज्ञ, एक चर्म रोग विशेषज्ञ, दो शिशु रोग विशेषज्ञ,दो मुच्छक, एक ईएनटी, एक नेत्ररोग विशेषज्ञ, एक हड्डी रोग विशेषज्ञ एवं दो रेडियोलॉजिस्ट आदि के अलावे अन्य स्वास्थ्यकर्मियों का पद तो स्वीकृत है, किन्तु ये सभी पद अभी खाली है।


बिहार सरकार

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
**सिंचाई प्रमंडल, दाउदनगर (औरंगाबाद)**
E-mail ID- irrigationdivision.daudnagar@gmail.com

**शुद्धि–पत्र (Corrigendum Letter)**

इस कार्यालय द्वारा निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–01/2024–25 जिसका PRNO-008149 (WRD) 2024-25 है को अपरिहार्य कारणवश संशोधन करते हुए इसका अवधि विस्तार किया जाता है जो निम्न प्रकार है :–

| क्र0 स0 | विवरणी | पूर्व में निर्धारित तिथि एवं समय | संशोधित तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 3 | निविदा कागजात डाउनलोड एवं अपलोड करने की | दिनांक–30.09.2024 से दिनांक–07.10.2024 के 3:00 बजे अपराह्न तक केवल वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर | दिनांक– 23.10.2024 से दिनांक–28.10.2024 के 3:00 बजे अपराह्न तक केवल वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर |
| 4 | प्री बिड मीटिंग की तिथि, समय एवं स्थान | दिनांक–03.10.2024 के 3:00 बजे अपराह्न में कार्यपालक अभियंता का कार्यालय सिंचाई प्रमण्डल, दाउदनगर। | दिनांक–24.10.2024 के 3:00 बजे अपराह्न में कार्यपालक अभियंता का कार्यालय सिंचाई प्रमण्डल, दाउदनगर। |
| 6 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक–08.10.2024 के 3:30 बजे अपराह्न में केवल वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर | दिनांक–29.10.2024 के 3:30 बजे अपराह्न में केवल वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर |

निविदा में प्रकाशित अन्य नियम एवं शर्त पूर्ववत रहेगी।
उक्त सूचना state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।
PR- 009555 (WRD) 2024-25

(ई० सुरेश कुमार)
कार्यपालक अभियंता
सिंचाई प्रमण्डल, दाउदनगर

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार



सत्यमेव जयते
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
भारत सरकार

**सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग**
वर्ष 2024 - 25 के लिए
एससी छात्रों हेतु मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना
के अंतर्गत उच्चतर शैक्षिक अध्ययन हेतु
**अनुसूचित जाति वर्ग के छात्रों को छात्रवृत्तियाँ प्रदान करने की घोषणा करता है।**

**पात्रता**
- माता-पिता / अभिभावक की वार्षिक आय 2.50 लाख रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए
- मान्यताप्राप्त विद्यालयों/ महाविद्यालयों में पाठ्यक्रमों का अध्ययन करने वाले छात्र

**कार्य क्षेत्र**
- कक्षा 11 एवं उसके बाद वाले सभी मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रम
- लाभार्थियों का चयन राज्य सरकारों / संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों द्वारा किया जाएगा
- सबसे गरीब परिवारों के आवेदको को प्राथमिकता

**छात्रवृत्ति**
- पूर्ण अप्रतिदेय शुल्क (ट्यूशन शुल्क सहित)
- 2500 /- रुपए से लेकर 13500/- रुपए का अकादमिक भत्ता
- दिव्यांग छात्रों (विशेष रूप से सक्षम) के लिए 10% अतिरिक्त भत्ता

- छात्र अपने संबंधित राज्य छात्रवृत्ति पोर्टल पर आवेदन करें
- छात्र के पास वैध मोबाइल नम्बर, आधार नम्बर (यूआईडी), आधार से जुड़ा बैंक खाता, आय प्रमाण-पत्र तथा जाति प्रमाण-पत्र होना चाहिए।

शीघ्र आवेदन करें

- योजना के दिशा-निर्देश तथा विस्तृत पात्रता मानदंड नीचे दिए गए लिंक पर उपलब्ध हैं।

http://socialjustice.gov.in/schemes/25

cbc 38101/11/0015/2425

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# छठियारी में नाच के दौरान फायरिंग, एक घायल

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)



थाना क्षेत्र के जोगियामारण पंचायत के भड़रा गांव में बुधवार की रात्रि पोते की छठियारी में नाच के दौरान ताबड़तोड़ गोलियां चलने से दादा को गोली लग गई। गोली लगने की वजह से दादा घायल हो गए। वहीं ग्रामीणों ने एक अपाची और एक बोलेरो के साथ दो लोगों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। वहीं गोली लगने की वजह से घायल दादा को इलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ. गजेन्द्र कुमार ने बताया कि बीती रात्रि के लगभग 1 बजे भड़रा गांव निवासी योगी महतो के पुत्र नरेश यादव के पेट में गोली लगने से गम्भीर रूप से घायल थे, जिनका प्राथमिक कर बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल नवादा रेफर कर दिया गया है। गोली लगने वाले युवक के घर में खुशी के जगह मातम पसरा हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि नरेश यादव के पुत्र पिन्टू यादव के बेटे छठियारी थी, जिसमें नाच के दौरान कुछ उपद्रवियों द्वारा ताबड़तोड़ कई राउंड फायरिंग किया गया। इसी दौरान फायरिंग में नरेश यादव के पेट में गोली लग गई, फिलहाल घायल व्यक्ति का इलाज नवादा के किसी निजी अस्पताल में किया जा रहा है। वहीं थाना परिसर में एक बोलेरो को जब्त कर लगाया गया है, जिसका शीशा आदि फूटा हुआ है एवं एक अपाची मोटरसाइकिल को भी जब्त किया गया है। बुधवार की रात्रि छठियारी भोज के दौरान घर के पास कुछ लेडी डांसर को भी नाच-गान कार्यक्रम में बुलाया गया था। नाच कार्यक्रम में आई एक डांसर का सम्बंध किसी दूसरे ग्रुप से था, किन्तु वो किसी और ग्रुप के माध्यम से नाच कार्यक्रम में नाचने चली आई। जिसको लेकर कुछ लोग बोलेरो और अपाची गाड़ी पर सवार होकर भड़रा गांव पहुंचे। गांव के विद्यालय के समीप बोलेरो वाहन लगाकर हाथ मे पिस्तौल लहराते हुए कार्यक्रम में शामिल होने चले गए। इस दौरान नरेश यादव द्वारा उनलोगों से खाना-पीना कर जाने की बात कही गई।इसी बीच गोली चलने से अफरातफरी मच गई और एक गोली नरेश यादव के पेट में लग गई। गोलीकांड कर भागने के क्रम में ग्रामीणों ने बोलेरो पर ईंट-पत्थर चलाकर उसे रोक लिया एवं एक बाइक को भी जब्त कर लिया। जबकि उपद्रवियों के भागने के दौरान न्यौता में आये एक युवक के पैर पर बोलेरो चढ़ा दिया गया, जिससे वो युवक भी घायल हो गया। इस बाबत एसडीपीओ गुलशन कुमार ने बताया कि भड़रा गांव में बुधवार की रात्रि एक बच्चे की छठियारी के उत्सव के मौके पर नाच कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसी बीच रात्रि को गोलियां चलने की सूचना थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार को मिली। सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस को ग्रामीणों ने दो लोगों एवं एक बोलेरो व एक अपाची बाइक को पकड़ कर दिया। घटनास्थल का निरीक्षण किया गया है। घायल के परिजन द्वारा अबतक लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। हालांकि घटना के पीछे एक लेडी डांसर का इस कार्यक्रम में शामिल होना है। साथ ही बताया कि थानाध्यक्ष को घायल व्यक्ति से फर्द ब्यान लेने को निर्देशित किया गया है। एसडीपीओ ने आमलोगों से अपील किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में शादी, तिलक, छठियारी आदि खुशी के मौके पर अश्लील कार्यक्रम आयोजित नहीं करें, बल्कि धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन करें। उन्होंने कहा कि पुलिस हर बिंदुओं पर अनुसंधान में जुटी हुई है। घटना की गहनता से जांच के लिए एफएसएल टीम को भी सूचित किया गया है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि घायल नरेश यादव के फर्द ब्यान के आलोक में नौ नामजद लोगों के विरुद्ध एवं तीन अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। वहीं घटना में बोलेरो वाहन संख्या बीआर27सी3005 एवं अपाचे बाइक संख्या बीआर27एस1601 को जब्त किया गया है। वहीं घटना में शामिल दो लोगों नावाडीह गांव निवासी उमेश सिंह के पुत्र रोहित कुमार एवं शिवालक प्रसाद के पुत्र रोहित कुमार को गिरफ्तार किया गया है, जिसे शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। साथ ही बताया कि घटना में शामिल अन्य लोगों की गिरफ्तारी हेतु छापेमारी की जा रही है।

## न्यूज बाइट्स

### फ्लोर बाल चैम्पियन खिलाड़ियों की वापसी पर हुआ भव्य स्वागत



**नवादा (नि.सं.)**। तमिलनाडु से नेशनल चैंपियनशिप जीतकर आने पर अंडर 14 फ्लोर बाल बालक टीम का भव्य स्वागत नवादा स्टेशन पर किया गया। मौके पर बहुत सारे खेल प्रेमी, प्रशासन व जिला अध्यक्ष जवाहर पासवान, जिला फ्लोर बॉल एसोसिएशन के सचिव परविंदर कुमार तथा बहुत सारे गण मान्य व्यक्तियों ने खिलाड़ियों को माला पहनाकर स्वागत किया। अंडर-19 के उपविजेता होने पर उनके खिलाड़ियों को भी नवादा स्टेशन पर भव्य स्वागत किया गया। बिहार राज्य फ्लोर बोर्ड टीम में अंडर 14 का सारे लड़के जिले के हिसुआ के रहने वाले हैं। कुछ बच्चे दिल्ली पब्लिक स्कूल नियर स्टेशन रोड तथा कुछ बच्चे मॉडर्न इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल हिसुआ के छात्र थे। पहली बार इन्होंने फ्लोर बॉल खेल में हिस्सा लिया। राज्य टॉप की राज्य टीम के लिए चयनित हुए नेशनल खेलने के लिए तमिलनाडु के तमिलनाडु में सारे राज्यों को हराते हुए फाइनल में मध्य प्रदेश की टीम को हराकर विजयी बनी है।

### नहाने के दौरान सोन नदी में डूबा युवक

**नौहट्टा (रोहतास) (नि.सं.)**। थाना क्षेत्र के बेलौंजा सोन नदी में डूबने से एक 19 वर्षीय युवक की मौत हो गई। घटना के बारे में बताया की गुरुवार की दोपहर अपने कुछ दोस्तो के साथ राजू यादव पिता लालबिहारी यादव उम्र 19 वर्षीय सोन नदी में स्नान करने गया था। मृतक के पिता ने कहा की राजू को तैरना कम आता था। नहाने के दौरान अचानक गहरे पानी में चला गया। वही घटना के बाद स्थानीय ग्रामीण गोता खोर के द्वारा काफी खोज बिन कर 3 घंटा बाद शव को बरामद किया। वही शव को सोन से निकलता देख परीजनों में चीख पुकार मच गई। वही घटना से गांव में मातमी मौहोल है। वही घटना के सूचना पर नौहट्टा थाना अध्यक्ष मोहमद कलामुदीन , अवर निरक्षक बिनोद सिंह घटना स्थल पर तैनात रहे। जहा शव बरामद के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए अंत परिक्षण के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया है।

### वर्षो के जल जमाव से ग्रामीणों को मिलेगी निजात

**रोहतास (रोहतास) (नि.सं.)**। नगर पंचायत के वार्ड नंबर आठ रोहतास नौहट्टा मुख्य सड़क के बगल में वर्षो से चले आ रहे जल जमाव से अब जल्द ही ग्रामीणों को निजात मिलेगी। जानकारी हो की गुरुवार को मुख्य पार्षद सुम्बुल आरा ने वार्ड पार्षद अमन गुप्ता के साथ नाला निर्माण का शिलान्यास किया, इस मौके पर मुख्य पार्षद ने बताया कि ये नाला निर्माण सलैब के साथ किया जाएगा और इस कार्य को जल्द पुरा कर लिया जायगा, वहीं इसके अतिरिक्त भी नगर क्षेत्र के सभी आवश्यक एवं अति आवश्यक कार्यों को जल्द ही पूर्ण कराया जाएगा। कार्यपालक पदाधिकारी श्री कृष्ण स्वरूप ने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर हम लोग काम कर रहे हैं और बहुत जल्दी इस तरह की सभी समस्याओं को दूर कर लिया जाएगा, बताते चलें कि इस जल जमाव से ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था, आसपास के अस्पताल, मंदिर समेत कई घरों के चापाकल का पानी भी खराब हो गया है ग्रामीणों को अपने गांव के मंदिर और अस्पताल में जानें में परेशानी हो रही थी, वंही इस नाले की वजह से मज़ार पर भी गंदगी रहती थी, जहां पर जल जमाव है उसी के बगल में ही अस्पताल और मंदिर मजार भी है। इस रास्ते से दिन भर लोगों को आना जाना रहता है। गांव के सतेन्द्र सोनी क्यूम खलीफा रीना देवी आदि लोगों ने कहा कि कई वर्षों से जल जमाव गांव के लिए नासूर बना हुआ था। नाला निर्माण से ग्रामवासियों की समस्या दुर हो जायेगी। इससे आने जाने में काफी राहत मिलेगी । मौके पर मुख्य पार्षद प्रतिनिधि तोराब नियाज़ी, उपमुख्य पार्षद प्रतिनिधि इरफ़ान मोहम्मद, वार्ड पार्षद अज़मत अली, मुरारी तिवारी, गुलाम सरवर अंसारी, मिथुन पासवान, कुस पासवान, जोखन सिंग, टंनु खान, सादिक़ रज़ा, विशाल देव, संजीव सिंह के साथ अन्य कई समाजसेवी एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।

### रबी फसलों के बीज उत्पादन तकनीक पर पांच-दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत

**बिक्रमगंज (रोहतास) (नि.सं.)**। कृषि विज्ञान केंद्र में रबी फसलों के बीज उत्पादन तकनीक पर पांच-दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की गई।इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को रबी फसलों के बीज उत्पादन की तकनीकों से अवगत कराना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए मत्स्य वैज्ञानिक आर के जलज ने बताया कि उचित गुणवत्ता वाले बीज फसल की उत्पादकता को सीधे तौर पर प्रभावित करता है। फसलों के बीज उत्पादन करने से किसानों को अनाज उगाने की तुलना में 15 से 20% अधिक मुनाफा मिलता है। सस्य वैज्ञानिक एवं प्रशिक्षक संजू कुमारी ने उन्नत बीज की विशेषता एवं बीज प्रमाणन के मानकों के बारे में किसानों को बताया। किसानों को बीज उत्पादन के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और धान, गेहूं, दलहन एवं तिलहन के बीजों का उत्पादन स्वयं करना चाहिए। इसके लिए बिहार सरकार द्वारा निबंधन कराया जाता है, जिसे कृषि विज्ञान केंद्र के माध्यम से किया जा सकता है।डॉ रमाकांत सिंह ने बीज उत्पादन के लिए भूमि की तैयारी, खाद-बीज अनुपात पर विस्तृत रूप से जानकारी दी। डॉ रतन कुमार ने किसानों को बीजों के संरक्षण और भंडारण के तरीकों के बारे में बताया एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन किया। डॉ डी पी कुशवाहा ने किसानों को बीज प्रसंस्करण में उपयोगी अभियंत्रों के बारे में बताया। विशेषज्ञों ने आशा व्यक्त की कि यह पांच दिवसीय प्रशिक्षण किसानों को बीज उत्पादन करने में सफलता दिलाएगी जिससे आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। बिक्रमगंज, दिनारा, कोचस एवं संचोली प्रखंड के 40 महिला एवं पुरुष किसानों ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में हिस्सा लिया। महिला प्रशिक्षणार्थियों में जीविका समूह की सदस्य शारदा देवी,अनीता देवी, सुमंती कुमारी, शोभा देवी, गीता देवी इत्यादि शामिल हुई पुरुष कृषकों में अंकित कुमार, संदीप कुमार, रवीश कुमार, रवि कुमार, विनोद महतो, मनीष कुमार इत्यादि उपस्थित थे।

### 197 लीटर देशी शराब के साथ चार धंधेबाज गिरफ्तार,तीन बाइक जब्त

**रजौली (नवादा) (नि.सं.)**। थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर उत्पाद एसआई संगम कुमार विद्यार्थी एवं एसआई बब्लू कुमार ने तीन अलग-अलग जगहों से कुल 197 लीटर शराब के साथ चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। साथ ही शराब परिवहन में उपयोग किये जा रहे तीन बाइकों को भी जब्त किया गया। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया झारखण्ड की ओर से आनेवाली प्रत्येक छोटी एवं बड़ी वाहनों की जांच उत्पाद बलों के सहयोग से किया जाता है।साथ ही आसपास के क्षेत्रों में शराब निर्माण, परिवहन, बिक्री, भंडारण एवं सेवन के विरुद्ध अभियान चलाया जाता है। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि बीते बुधवार को उत्पाद एसआई संगम कुमार विद्यार्थी ने एक बाइक पर लदे 50 लीटर देशी महुआ शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया।गिरफ्तार शराब धंधेबाजों की पहचान नरहट थाना क्षेत्र के बदलपुर गांव निवासी संजय यादव के पुत्र रोहित कुमार व कृष्ण राजवंशी के पुत्र रोहित कुमार के रूप में हुई है। वहीं उत्पाद एसआई बब्लू कुमार ने 24 लीटर शराब के साथ पुरानी हरदिया गांव निवासी भरत सिंह के पुत्र विकास कुमार को गिरफ्तार किया है। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि उत्पाद एसआई संगम कुमार विद्यार्थी ने 123 लीटर देशी महुआ शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार युवक की पहचान अकबरपुर थाना क्षेत्र के फतेहपुर स्थित बड़की पोखर गांव निवासी अशोक शर्मा के पुत्र छोटू कुमार के रूप में हुई है।

# कलशयात्रा के साथ श्रद्धा पूर्वक शुरू हुआ शरदीय नवरात्रि

निज संवाददाता | नारदीगंज (नवादा)

प्रखंड के विभिन्न गांवों में शरदीय नवरात्रा को लेकर गुरुवार को श्रद्धालुओं ने श्रद्धा व उत्साह के साथ कलश यात्रा निकाली। प्रखंड के नारदीगंज बाजार, हंडिया,बस्तीबिगहा, परमा, मसौढा स्थित मां दुर्गा मंदिर से श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा निकाली। इसके अलावा अन्य गांवों स्थित मंदिर परिसर से श्रद्धालुओं व पूजा समिति के लोगों ने जलयात्रा निकाली। जलयात्रा के उपरांत वैदिक मंत्रोच्चारण कर विधिवत कलश स्थापना कर दुर्गा सप्तशती का पाठ शुरू किया। कलश यात्रा के दौरान काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस मौके पर काफी संख्या में लोग पंचाने नदी से जलभराई कर पूजा स्थलों पर कलश को स्थापित किया गया। यात्रा के दौरान आकर्षक झांकी भी निकाली गई। जय माता दी के जयघोष से माहौल गुंजायमान होता रहा। वही कई श्रद्धालुओं ने अपने अपने घरों में भी कलश स्थापना कर मां दुर्गा, मां काली की पूजा अर्चना के साथ दुर्गा सप्तशती का विधिवत पाठ शरू कर दिया। श्रद्धालुओं ने प्रथम दिन मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना कर सुख, समृद्धि, अरोग्यता की कामना किया।

# सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अवश्य उठायें : डीपीआरओ

**नवादा (नि.सं.)**। जिला पदाधिकारी, नवादा आशुतोष कुमार वर्मा के निदेश के आलोक में नारदीगंज प्रखंड के कहुआरा पंचायत में वरीय उपसमाहर्त्ता-सह-जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी, नवादा अमरनाथ कुमार की अध्यक्षता में विशेष ग्राम सभा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी द्वारा कार्यक्रम के आरंभ के पहले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया। उन्होंने ग्रामवासियों को संबोधित कर कहा कि जिस तरह से महात्मा गांधी ने गांव के विकास के लिए सपना देखा था, आज उनके सपने को पूरा करने के लिए योजनाओं के माध्यम से गांव-गांव तक विकास किया जा रहा है जो आज पंचायती राज व्यवस्था के तहत विकास की रूपरेखा दिखाई दे रही है,आने वाले दिनों में यह और भी सशक्त एवं मजबूत बनेगा। जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी द्वारा वृद्धजनों को सॉल देकर सम्मानित किया गया।साथ ही उनके द्वारा उपस्थित ग्रामवासियों एवं पदाधिकारियों को स्वच्छता शपथ,नशामुक्ति हेतु शपथ,फीट इंडिया शपथ,एवं वरिष्ठ नागरिकों द्वारा साझा किए गए विचारों को आत्मसात करने आदि की शपथ दिलवाई गयी। इसके अतिरिक्त एक पेड़ माँ के नाम लगाने हेत प्रेरित किया गया एवं वृक्षारोपण भी किया गया तथा कई योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी और स्मार्ट प्रीपेड मीटर से संबन्धी अफवाहों से बचने को कहा गया एवं इसे अपनाने हेतु प्रेरित किया गया। उक्त कार्यक्रम में अंचल अधिकारी नारदीगंज, कार्यपालक सहायक समाजिक सुरक्षा, आवास सहायक आदि के साथ वृद्धजनों एवं अन्य ग्रामवासी उपस्थित थे।

# नगर भवन में सांस्कृतिक-सह-सम्मान कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**» जिला पदाधिकारी ने कहा कि महात्मा गांधी हमारे राष्ट्रपिता द्वारा जो भी सिद्धान्त दिये गए, जो भी विचारधारा लायी गयी, उसे अपने जीवन में अपनाएं। सत्य, अहिंसा, शांति इन सभी तत्वों को मानें और समाज में सभी लोगों को प्रेरित करें कि सौहार्दपूर्ण तरीके से रहें, जिससे हमलोग समाज को आगे ले जा सकें।**

निज संवाददाता | नवादा



नगर भवन में स्वच्छ भारत दिवस के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम-सह-सम्मान समारोह का शुभारम्भ जिला पदाधिकारी आशुतोष कुमार वर्मा एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान के संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में कई स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया एवं नृत्य के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया। ज्ञातव्य हो कि स्वच्छता ही सेवा का आयोजन 14 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2024 तक निर्धारित था। इस कार्यक्रम का थीम ''स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता'' है। जिला पदाधिकारी ने कहा कि महात्मा गांधी हमारे राष्ट्रपिता द्वारा जो भी सिद्धान्त दिये गए, जो भी विचारधारा लायी गयी, उसे अपने जीवन में अपनाएं। सत्य, अहिंसा, शांति इन सभी तत्वों को मानें और समाज में सभी लोगों को प्रेरित करें कि सौहार्दपूर्ण तरीके से रहें, जिससे हमलोग समाज को आगे ले जा सकें। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में गॉधी जी द्वारा सचेत किये गए सात पापकर्मों को पुर्नस्मरण कराया गया। उन्होंने कहा कि आज के दिन हमें इसे याद रखना चाहिए कि बिना काम के धन, विवके के बिना आनंद, चरित्र के बिना ज्ञान, नैतिकता के बिना व्यापार, मानवता के बिना विज्ञान, त्याग के बिना पूजा, सिद्धान्त के बिना राजनीति इसे जो कोई समझ लेता है और इस मंत्र को जो अपने जीवन में उतार लेता है, उसका जीवन बहुत ही सुखदायी हो जायेगा और उसके समाज का भी जीवन सुखद हो जायेगा। जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि बच्चे समाज की नई पीढ़ी होते हैं, उन्हें साफ-सफाई का दिनचर्या और आचरण देकर हम एक स्वच्छ समाज के निर्माण का लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। स्वच्छता ही सेवा अन्तर्गत उत्कृष्ठ कार्य करने वाले प्रखंड विकास पदाधिकारी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सराहनीय कार्य करने वाले स्वच्छता पर्यवेक्षकों को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपर समाहर्त्ता नवादा, डायरेक्टर डीआरडीए नवादा, जिला कल्याण पदाधिकारी नवादा, कला एवं संस्कृति पदाधिकारी नवादा, डीपीओ शिक्षा के साथ-साथ सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी उपस्थित थे।

# निकाली गई भव्य कलश शोभा यात्रा



निज संवाददाता | पकरीबरावां (नवादा)

पकरीबरावां प्रखंड के धमौल बाजार में गुरुवार से देवी मंत्रों के साथ शारदीय नवरात्र शुरू हुआ। या देवी सर्वभूतेषु शक्ति रूपेण संस्थिता नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः के मंत्रों के बीच देवी की पूजा शुरू हुई। प्रथम दिन कलश स्थापना के उपरांत मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा हुई। मंदिर के पुजारी आचार्य श्रवण पांडेय एवं मिथलेश पांडेय की देखरेख में अनुष्ठान शुरू हुआ। इस बीच प्रातः एवं संध्या मां की आरती वंदना की गई। कलश स्थापना से पूर्व भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें धमौल बाजार सहित आसपास के गांवों के सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। 501 महिलाओं एवं युवतियों ने कलश लेकर शोभायात्रा में शामिल हुई। दुर्गा मंदिर धमौल से कलश शोभायात्रा निकलकर मेन रोड के रास्ते भोजपुर टोला होते हुए बाजार प्रवेश किया। बाजार होते हुए श्रद्धालु देवी मोहल्ला पीएनबी बैंक के पास पहुंचें, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश में जल भरा गया। कलश लिए सैकड़ों श्रद्धालु बाजार से ठकुराबाड़ी के रास्ते मंदिर परिसर पहुंचें, जहां कलश शोभायात्रा का समापन हुआ। शोभायात्रा के दौरान मां दुर्गा के साथ सुसज्जित नौ कन्या एवं तलवार लिए दुर्गा वाहिनी आकर्षण का केंद्र रहे। जय माता दी एवं देवी के अन्य नारों से पूरा माहौल भक्तिमय दिखा। कलश शोभायात्रा को संपन्न कराने में पूजा समिति के अध्यक्ष व धमौल सरपंच इंद्रजीत सिन्हा, सचिव अजीत भारती, सिंधु वर्मा, राकेश कुमार पिंटू, संतोष वर्मा, मनोज बरनवाल, श्रवण कुमार, राहुल, बिट्टू आदि का योगदान रहा। दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष एवं सचिव ने संयुक्त रूप से बताया कि धमौल की मां दुर्गा काफी यशवाली है। यहां जो कोई मन्नतें मांगता है, मां उसे जरूर पूरा करती है। जिनकी मनोकामना पूरी होती है, वे मां की प्रतिमा निर्माण कर पूजा अपने खर्च से करते हैं। इस वर्ष धमौल बाजार के ही चंद्रशेखर प्रसाद सिन्हा के पुत्र पत्रकार धर्मजीत सिन्हा पूजा का जिम्मा उठाए हैं।

# पेड़ से लटका मिला युवक की लाश, मचा हड़कंप

**पकरीबरावां (नवादा) (नि.सं.)**। पकरीबरावां थाना क्षेत्र के केशउरी गांव से पुलिस ने एक युवक की लाश बरामद की है। सूचना मिली कि केशऔरी के बधार में पेड़ से एक युवक की लाश लटकी है। सूचना मिलते ही अपर थानाध्यक्ष मनीष कुमार घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच की। बताया गया कि लाश केशऔरी गांव के सुचित सिंह के 20 वर्षीय पुत्र रोहित कुमार का है। पुलिस के अनुसार लाश गांव से लगभग एक किलोमीटर दूर स्थित बधार में पेड़ में लटकी मिली। परिजनों का कहना है कि युवक की हत्या कर लाश को पेड़ से लटका दिया गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए नवादा भेज दिया है। पुलिस के अनुसार परिवार वालों के द्वारा आवेदन नहीं दिया गया है।

सत्यमेव जयते
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
भारत सरकार

सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग
वर्ष 2024 - 25 के लिए
एससी तथा अन्य लाभवंचित समूहों के छात्रों हेतु
मैट्रिक-पूर्व छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत छात्रवृत्तियों की घोषणा करता है।

| पात्रता | कार्य क्षेत्र | छात्रवृत्ति |
|---|---|---|
| घटक - I<br>एससी वर्ग से संबंधित छात्र<br>माता - पिता / अभिभावक की वार्षिक आय 2.50 लाख रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए | मान्यता प्राप्त विद्यालयों के कक्षा 9 तथा कक्षा 10 में अध्ययनरत छात्र<br>लाभार्थियों का चयन राज्य सरकार/ संघ राज्य क्षेत्र द्वारा किया जाएगा<br>सबसे गरीब परिवारों के आवेदको को प्राथमिकता | प्रतिवर्ष 3500/- रुपए से 7000/- रुपए का अकादमिक भत्ता<br>दिव्यांग छात्रों (विशेष रुप से सक्षम) के लिए 10% अतिरिक्त भत्ता |
| घटक - II<br>छात्र जिनके माता-पिता/ अभिभावक सफाई तथा स्वास्थ्य के लिए खतरनाक व्यवसायों में कार्यरत है<br>कोई आय सीमा पात्रता नहीं है | मान्यता प्राप्त विद्यालयों के कक्षा 1 से कक्षा 10 में अध्ययनरत छात्र<br>लाभार्थियों का चयन राज्य सरकार/ संघ राज्य क्षेत्र द्वारा किया जाएगा<br>सबसे गरीब परिवारों के आवेदको को प्राथमिकता | प्रतिवर्ष 3500/- रुपए से 8000/- रुपए का अकादमिक भत्ता<br>दिव्यांग छात्रों (विशेष रुप से सक्षम) के लिए 10% अतिरिक्त भत्ता |

- छात्र अपने संबंधित राज्य छात्रवृत्ति पोर्टल पर आवेदन करें
- छात्र के पास वैध मोबाइल नम्बर, आधार नम्बर (यूआईडी), आधार से जुड़ा बैंक खाता, आय प्रमाण-पत्र तथा जाति प्रमाण-पत्र होना चाहिए।

शीघ्र आवेदन करें

- योजना के दिशा-निर्देश तथा विस्तृत पात्रता मानदंड नीचे दिए गए लिंक पर उपलब्ध हैं।
http://socialjustice.gov.in/schemes/23

cbc 38101/11/0016/2425

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### व्यवहार न्यायालय में स्वच्छता अभियान

**आरा**। राष्ट्रव्यापी अभियान स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत प्रभारी जिला एवं सत्र न्यायाधीश ऋषि कुमार सिंह द्वारा व्यवहार न्यायालय के तत्वावधान में स्वच्छता अभियान चलाया गया। पूरे न्यायालय परिसर में न्यायिक पदाधिकारीगण ने श्रमदान किया। प्रभारी जिला न्यायाधीश ने अपने-अपने क्षेत्र में जागरूकता शिविर के माध्यम से साफ- सफाई से होने वाले फायदे के बारे में जागरूक किया। स्वयं झाड़ू लगाकर न्यायालय परिसर में सफाई किया।

### लक्ष्मणपुर हाई स्कूल की मरम्मत व चाहरदिवारी बनेगी

**आरा**। स्थानीय आरा सदर पूर्वी 25 के जिला पार्षद सह युवा राजद के प्रदेश उपाध्यक्ष धनंजय यादव ने कहा कि जमीरा-अलीपुर रोड में स्थित टेन प्लस टू हाईस्कूल, लक्षणपुर छात्र- छात्राओं के लिये माध्यमिक व उच्च शिक्षा की दृष्टि से विकसित होगा। इस स्कूल का भवन बनकर तैयार होने के लंबे समय के बाद भीपठन-पाठन का कार्य नहीं हो रहा था। जिला परिषद की बैठकों में लगातार सवाल उठाने के क्रम में जिला शिक्षा पदाधिकारी ने संज्ञान लिया गया। स्थानीय प्रतिनिधि के नाते संयुक्त निरीक्षण का कार्यक्रम तय किया गया। इसके बाध इस स्कूल में पठन-पाठन का कार्य प्रारम्भ कराते हुये तत्काल स्कूल की मरम्मत का आदेश दिया गया। निकट भविष्य में स्कूल समेत स्कूल के लगभग एक एकड़ जमीन की बाउंड्री कराने के आग्रह को भी स्वीकार किया गया है। इसी क्रम में प्रभारी प्रधानाध्यापिका द्वारा बताया गया कि आरा के विधायक अमरेंद्र प्रताप सिंह द्वारा स्कूल के आधारभूत संरचना के निर्माण व अन्य संसाधनों के लिए 50 लाख रुपये की अनुशंसा की गयी है।

### आरसेटी में स्वच्छता पखवारा संपन्न




**कोईलवर**। पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान कोईलवर में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा 14 सितंबर से 2 अक्टूबर तक संपन्न हुआ। परिसर में पौधरोपण किया गया। इस दौरान संस्थान परिसर एवम आसपास में साफ-सफाई का अभियान चलाया गया। नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक रंजीत कुमार सिन्हा, संस्थान के निदेशक राणा संजीत, संकाय प्रेम कुमार, देव कुमार, कार्यालय सहायक आशीष प्रसाद और अन्य थे।

### भगवान विष्णु और लक्ष्मी की शोभायात्रा से रामलीला शुरू

**आरा**। नगर रामलीला समिति ने बुधवार को स्व जगदीश बाबू का गोला, पड़ाव पुरानी अदालत से गाजे -बाजे, हाथी -घोड़ा, ऊंट और हजारों राम भक्तों के साथ भगवान विष्णु और लक्ष्मी की शोभायात्रा निकाली गई। जिसका नेतृत्व नगर रामलीला समिति के अध्यक्ष सोनू राय ने किया। शोभा यात्रा विभिन्न मार्गों से होकर रामलीला मैदान, उसके बाद जागरण का भी कार्यक्रम होगा। जहां पूजन के पश्चात रामलीला का शुभारंभ किया गया। अध्यक्ष सोनू राय ने कहा कि इस वर्ष रामलीला का आयोजन भव्य होगा और वृंदावन के कलाकारों की टोली रामलीला में अपनी कला का प्रदर्शन करेगी, उसके बाद जागरण का भी कार्यक्रम होगा। मौके पर सचिव शंभू नाथ प्रसाद, कोषाध्यक्ष मदन प्रसाद, उपाध्यक्ष संजीव गुप्ता, संरक्षक मंडल में रामकिंकर दास, रामेश्वर प्रसाद, हकीम प्रसाद ,शैलेंद्र राम, रजनीश यादव, विनोद चंद्रवंशी, विशाल सिंह, सनी शाहबादी, जितेंद्र ब्याहुत, सुरेंद्र प्रसाद, राजा भाटिया, राहुल बदलनी, अजय गुप्ता, अजय गुप्ता, दिलीप कुमार गुप्ता, शंभूनाथ केसरी, राजन नयर, आलोक अंजन, पुतुल सेठ, विभु जैन, मुन्ना बजरंगी, गोपाल प्रसाद, मनोज कुमार, गणेश प्रसाद, राज गौरव टाइगर, गौतम उर्फ़ राजा, पंकज प्रभाकर समेत कई लोग उपस्थित थे।

### बक्सर में मुख्य बॉयलर के लाइट अप का उद्घाटन, थर्मल पॉवर प्लांट का मुआयना करने पहुंचे मुख्य सचिव

**बक्सर**। बक्सर जिले के चौसा में गुरुवार को निर्माण हो रहे 1320 मेगावॉट बक्सर बिजली घर परियोजना के मुख्य बॉयलर के लाइट अप से धुंवा निकलना प्रारम्भ हुआ तो परियोजना के पदाधिकारी और कर्मचारियों में खुशी की लहर छा गई। इसका मुआयना करने पहुंचे मुख्य सचिव अमृतलाल मीणा ने मुख्य बॉयलर के लाइट अप का पर्दा खींच उद्घाटन किया। उस दौरान उन्होंने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र के साथ राज्य के लिए बिजली उत्पादन में मील का पत्थर साबित होगा। इस दौरान मुख्य सचिव द्वारा एसटीपीएल कार्यालय के सभागार भवन में अधिकारियों के साथ बैठक की गई। जहां विभिन्न पहलुओं की प्रगति की रिपोर्ट मांगी। मुख्य सचिव ने परियोजना का जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूर्ण कर लेने के लिए प्रेरित किया। इससे पहले वो कच्चा माल, कोयला के लिए बनाए गए वैकल्पिक व्यवस्था का मुआयना किया। प्लांट स्थल पर एक पेड़ मां के नाम से पौधारोपण किया गया। एसटीपील के सीईओ विकास शर्मा ने बताया कि एसटीपीएल के लिए यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। जो सतत विकास के लिए अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग करने के प्रति हमारे समर्पण को दर्शाता है। यह नवाचार न केवल हमारी परिचालन दक्षता को बढ़ाएगी बल्कि एक हरित पर्यावरण में भी योगदान देगा। कार्यक्रम के दौरान एसजेवीएन प्रबंध निदेशक सह चेयरमैन सुशील शर्मा और मुख्य कार्यकारी अधीकारी एसटीपील विकास शर्मा मौजूद रहे। बता दें कि केंद्र और राज्य से बड़े अधिकारियों का हर माह चौसा में निर्माण हो रहे बक्सर बिजली घर का दौरा किया जा रहा है। जिससे ये लग रहा कि आगामी दिनों में बक्सर बिजली घर का निर्माण समय से पूरा कर लिया जाएगा। पिछले माह केंद्रीय ऊर्जा सचिव आये थे। जिन्होंने निर्माणधीन प्लांट के मिनी बायलर का उद्घाटन किया। ठीक दूसरे सप्ताह राज्य ऊर्जा सचिव द्वारा प्लांट निर्माण का मुआयना किया गया और जरूरी दिशा निर्देश दिया गया। वहीं, गुरुवार को इस बिजली घर का मुआयना करने मुख्य सचिव अमृतलाल मीणा पहुंचे थे। इस मौके पर डीएम अंशुल अग्रवाल, एसपी शुभम आर्या, डीडीसी महेंद्र पाल, अपर समाहर्ता अनुपमा सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी धीरेंद्र मिश्रा के अलावा जिले व प्लांट के अधिकारी उपस्थित रहे।

### बक्सर के 6 गांव में 9 घंटे बिजली आपूर्ति बंद

**बक्सर**। बक्सर जिले के धनसोई पावर हाउस से जुड़े छह गांव की बिजली सुविधा करीब 9 घंटे के लिए बाधित रहेगी। जिससे आधा दर्जन गांव के लोगों को परेशानी हो सकती है। बिजली विभाग द्वारा लोगों से कंपनी को सहयोग करने की अपील की गई है। बिजली विभाग द्वारा यह काम इसलिए किया जा रहा है क्योंकि इस समय में बिजली कंपनी द्वारा बिजली आपूर्ति के लगाए गए जर्जर तार को बदलने का कार्य किया जायेगा। जिसको लेकर कंपनी ने कहा है कि पहले से ही बिजली संबंधी जरूरी कार्य भी निपटा लें और पीने का पानी स्टोर कर के रख लें। जिससे लोगों को शाम तक कोई परेशानी नहीं हो। बताया गया कि धनसोई पावर हाउस से जुड़े गुरुवार को जलालपुर, समहुता, रामपुर, छतुपुर व सिसौंधा व गंगापुर गांव में बिजली आपूर्ती बाधित रहेगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए बिजली कंपनी के कनीय विद्युत अभियंता संदीप कुमार शुक्ला ने बताया कि समहुता पंचायत के जलालपुर के बन्नी रोड में तार बदलने का कार्य किया जाएगा। इसको लेकर जलालपुर, समहुता, रामपुर, छतुपुर, सिसौंधा व गंगापुर गांव में बिजली आपूर्ति सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक बाधित रहेगी। उन्होंने इन इलाकों के बिजली उपभोक्ताओं से अपील किया है कि वे अपना काम सुबह 9 बजे से पहले ही निपटा लें।



# जमीनी विवाद को लेकर बुजुर्ग की पीटकर हत्या का आरोप

## परिजनों ने कहा- 2 डिसमिल जमीन पर साइकिल स्टैंड को लेकर चल रहा था विवाद

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर जिले के चांदी थाना क्षेत्र के भदवर गांव में गुरुवार की सुबह संदेहास्पद स्थिति में एक बुजुर्ग की मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मृतक भदवर गांव निवासी स्व.ठाकुर पांडेय के 75 वर्ष के पुत्र महावीर पांडे है। मृतक बुजुर्ग के शरीर पर दाहिने हाथ के कोहनी के पास काला दाग का निशान पाया गया है। जिसके बाद परिजनों ने गांव के ही कुछ लोगों पर मारपीट कर उनकी हत्या करने का आरोप लगाया है। मृतक बुजुर्ग कुल्हड़िया स्टेशन के पास अपने निजी जमीन पर साइकिल स्टैंड चलाता था। जिसको लेकर गांव के लोगों से विवाद चल रहा है।

**साइकिल स्टैंड हटाने को लेकर विवादः** घटना की सूचना पाकर सदर एसडीपीओ-टू रंजीत कुमार सिंह और चांदी थाना प्रभारी थानाध्यक्ष पंकज कुमार पुलिस बल के साथ आरा सदर अस्पताल पहुंचे और मृतक के परिजनों से मिल घटना की जानकारी ली। इसके पश्चात पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाया। वहीं इस मामले में सदर एसडीपीओ-टू रंजीत कुमार सिंह ने बताया कि जहां पर यह अपना साइकिल स्टैंड चलाते थे। वहां पर गांव के ही प्रेम यादव का भी स्टैंड चलता है। जिसको लेकर इन लोगों के बीच विवाद चल रहा है। उसके द्वारा इन लोगों को पहले भी वहां से स्टैंड हटाने को लेकर धमकी दी जा चुकी है। लेकिन अभी मृतक के परिजनों द्वारा किसी प्रकार का कोई लिखित आवेदन नहीं दिया गया है। अभी प्रेम यादव को डिटेंड किया गया है पर आवेदन मिलने के बाद अगर उसकी इस मामले में संलिप्त पाई जाएगी तो उसे भी गिरफ्तार किया जाएगा।

**बुधवार की शाम दी थी साइकिल स्टैंड हटाने की धमकीः** मामले की जानकारी देते हुए मृतक के बेटे संजय पांडे ने बताया कि कुल्हड़िया स्टेशन के पास उन लोगों का दो डेसिमल निजी जमीन है। जिस पर उसके पिता करीब 70 वर्षों से साइकिल स्टैंड चलाते हैं। वहीं पर गांव के ही प्रेम यादव का भी साइकिल स्टैंड चलता है। उसी लेकर करीब दो वर्षों से उसके जमीन पर जबरन कब्जा करने और उनका साइकिल स्टैंड हटाने के लेकर विवाद चल रहा है। बुधवार की शाम करीब चार बजे के आसपास उन लोगों के द्वारा साइकिल स्टैंड पर आकर गाली-गलौज किया गया और स्टैंड हटाने की बात कही गई थी। इसके सभी लोग वहां गए। जिसके बाद बुधवार की शाम उक्त सभी लोग लाठी-डंडा लेकर उनके घर आ धमके। तभी उन्हें देख वह वहां से भाग निकले। लेकिन उन लोगों द्वारा उनके पिता की लाठी-डंडों से पिटाई कर दी गई और उनके पिता की मौत हो गई। इसके साथ ही मृतक के बेटे संजय पांडेय ने गांव के ही प्रेम यादव के भाई रमेश यादव,अशोक यादव,भूषण यादव,अपने चचेरे भाई प्रमोद पांडेय सहित उनके साथ रहे लोगों पर लाठी-डंडों से मारपीट कर अपने पिता की हत्या करने का आरोप लगाया है। हालांकि पुलिस द्वारा बनाए गए मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार मृतक बुजुर्ग की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण पूरी तरह स्पष्ट होगा। पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

# 24.25 ग्राम हेरोइन के साथ 3 तस्कर अरेस्ट

निज संवाददाता। आरा

भोजपुरह के नगर थाना क्षेत्र अन्तर्गत गौसगंज मोहल्ला में पुलिस ने छापेमारी की है। हेरोइन के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी सदर एएसपी परिचय कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि टाउन थाना के गौसगंज निवासी श्याम बाबू माली, मुफस्सिल थाना के बखरिया निवासी कमलेश माली और धमार गांव निवासी विक्की माली को गिरफ्तार किया गया है। तलाशी के दौरान करीब 24.25 ग्राम हेरोइन बरामद किया गया है। एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि गौसगंज इलाके में मादक पदार्थों की खरीद-बिक्री की शिकायत मिली थी। टाउन थानाध्यक्ष देवराज राय के नेतृत्व में एक टीम गठित कर



छापेमारी की गई। इसके बाद टीम ने श्याम बाबू माली के घर में सशस्त्र बलों के साथ घेराबंदी कर तीनों धंधेबाजों को धर दबोचा। तलाशी में उन्नीस पुड़िया हेरोइन के अलावा पालिथीन में अलग से रखा मादक पदार्थ बरामद किया गया। पुलिस पकड़े गए धंधेबाजों के खिलाफ पहले से दर्ज आपराधिक मामलों की जानकारी प्राप्त कर रही है। तस्करी में संलिप्त अन्य सदस्यों के बारे में भी जानकारी एकत्रित की जा रही रही है। उन्होंने बताया कि मादक पदार्थों के खिलाफ पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

# आपसी विवाद में मारपीट, 4 जख्मी, मामूली विवाद में की पिटाई, घायलों को अस्पताल में कराया भर्ती

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर के नवादा थाना क्षेत्र के गोढ़ना रोड में बुधवार की देर शाम मामूली विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। मारपीट के दौरान दो महिला आपस में भीड़ गई। लात घूसे से एक दूसरे की जमकर पिटाई कर दी। मारपीट की घटना में दो महिला समेत दोनों पक्षों से चार लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए हैं। पड़ोसियों के मदद से मामले को शांत कराया गया। आनन-फानन में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल गया । जख्मियों में कोईलवर थाना क्षेत्र के धनडिहां गांव निवासी मुंद्रिका चौधरी के बेटा सत्येंद्र चौधरी (49) और सत्येंद्र की 35 वर्षीय पत्नी ललिता देवी (35) व दूसरे पक्ष के सासाराम के सासाराम थाना क्षेत्र अंतर्गत बसंतपुर गांव निवासी स्व सीताराम



चौधरी के बेटा संजय कुमार चौधरी (46) और संजय की पत्नी पचरतन देवी (38) शामिल है।

**खेलने से मना करने के बाद पिटाईः** इधर, एक पक्ष के जख्मी महिला पचरतन देवी ने बताया कि मेरा बेटा खेल रहा था। तभी पड़ोसी के दो लड़कियां वहां गई। खेलने से मना करने के बाद उसकी पिटाई कर दी। जब मेरा बेटा रोते हुए मेरे पास आया, तो लड़कियों ने मुझे भी गाली देना शुरू कर दिया। हम भी गाली देना शुरू कर दिया। थोड़ी देर बीच जाने के बाद पड़ोसियों ने पटरी से पूरे परिवार के साथ मिलकर मारना शुरू कर दिया। इस घटना में हम दोनों बुरी तरह जख्मी हो गए। दूसरे पक्ष की जख्मी महिला ललिता देवी ने बताया कि दो बच्चे आपस में झगड़ा किया था। पंचरत्न देवी ने बच्चियों को गंदा-गंदा गाली देना शुरू कर दिया। हमने बोला कि आप गाली क्यों दे रही है, जब घर का गार्जियन आएंगे, तो इस मामले को निपटाया जाएगा। इसी बात को लेकर महिला ने अपने पति के साथ मिलकर लाठी-डंडे से जमकर पिटाई कर दी । मारपीट की घटना के बाद दोनों पक्षों ने इसकी सूचना स्थानीय थाना पुलिस को दी है।

# बदमाशों ने की फायरिंग, 2 चचेरे भाई जख्मी 5 साल पहले चोरी को लेकर हुआ था विवाद

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर के सहार थाना क्षेत्र के बजरैया टोला स्थित शिव मंदिर के समीप बुधवार की देर शाम पहले के विवाद को लेकर बाइक सवार हथियारबंद बदमाशों ने फायरिंग कर दी। जिसमें फायरिंग के दौरान सब्जी खरीद कर घर वापस लौट रहे चचेरे भाई को छर्रा लग गया। जिससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। परिजन ने उन्हें इलाज के लिए सहार रेफरल अस्पताल से आरा सदर अस्पताल लाया, जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार जख्मी में सहार थाना क्षेत्र के बजरैया गांव निवासी स्व. भोरिक यादव के बेटा कन्हैया यादव (45) व उसी गांव के निवासी स्व.देवानंद सिंह का बेटा प्रमोद यादव (35) है। दोनों रिश्ते में चचेरे भाई है। इसमें जख्मी कन्हैया यादव को पीठ में बीचो-बीच एवं प्रमोद यादव को दाहिने कंधे पर छर्रा लगा है। घटना को लेकर गांव और आसपास के इलाके में सनसनी मच



गई है। घटना की सूचना मिलते ही सहार थानाध्यक्ष दीपक कुमार पुलिस बल के साथ फॉरेन घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की छानबीन में जुट गए हैं।

**भैंस चोरी को लेकर हुआ था विवादः** जख्मी कन्हैया यादव के बेटे चिंटू कुमार ने बताया कि पांच साल पहले बरुही गांव के निवासी के बेटे ने उनकी भैंस चुराकर बेच दी थी। भैंस चोरी होने के करीब डेढ़ माह बाद उन्हें उसके बारे में पता चला था। इसको लेकर उनके बीच गाली-गलौज हुआ था। हालांकि, उस समय बात खत्म हो गई थी। बुधवार की देर शाम उसके पिता कन्हैया यादव अपने चचेरे भाई प्रमोद यादव के साथ सब्जी खरीदने

**दोनों घायल अस्पताल में भर्ती**

के लिए बजरैया बाजार पर गए थे। सब्जी खरीदने के बाद जब वह दोनों आपस घर लौट रहे थे। लौटने के क्रम में जैसे ही बजरैया टोला शिव मंदिर के पास पहुंचे। तभी एक बाइक पर सवार दो हथियारबंद बदमाश पीछे से आए और उन पर फायरिंग कर दी। फायरिंग के दौरान दोनों लोगों को छर्रा लग गया और दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उन्हें इलाज के लिए सहार रेफरल अस्पताल से आरा सदर अस्पताल लाया गया। दूसरी ओर जख्मी कन्हैया यादव के बेटे चिंटू कुमार ने पांच साल पहले हुई भैंस चोरी के विवाद को लेकर सहार थाना क्षेत्र के बरुही गांव निवासी भुवनेश्वर चौधरी के बेटा पर फायरिंग करने और फायरिंग के दौरान छर्रा लगने से अपने पिता व चाचा को जख्मी होने का आरोप लगाया है। पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

# वर्चस्व की लड़ाई में फायरिंग, 3 लोगों को लगी गोली

## बक्सर में पेट्रोल पंप पर तोड़फोड़, CCTV कैमरा को तोड़ा



निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर के बुधवार को दो पक्षों के बीच मारपीट हुई। इसमें 3 लोगों को गोली लगी है। जबकि, एक का सिर फट गया। इन्हें इलाज के लिए डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बदमाशों ने पेट्रोल पंप पर तोड़फोड़ की है। सीसीटीवी कैमरे को भी क्षतिग्रस्त कर दिया है। बताया जाता है कि 2 समुदायों के बीच वर्चस्व को लेकर विवाद हुआ है। एक पक्ष नोनियापुरा गांव के और दूसरे पक्ष ढेका गांव और छतनवार गांव के थे। दोनों तरफ से ईंट के टुकड़े बरसाने के साथ ही देखते ही देखते फायरिंग शुरू हो गई।

**6 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्जः** घटना टूडीगंज-चौगाई मार्ग स्थित ढेका गांव के समीप नोनियापुरा गांव की है। दोनों समुदाय के बीच खूनी लड़ाई के दौरान नोनियापूरा स्थित कृष्णब्रह्म इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप पर भी तोड़ फोड़ की गई। इससे पेट्रोल पंप को भी लाखों का नुकसान हुआ है। सूचना पर पहुंची चार थाना की पुलिस गांव में कैंप कर रही है। नोनियापूरा की तरफ 6 लोगों पर एफआईआर दर्ज हुआ है। एफआईआर में जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया गया है। इसको लेकर पुलिस छापेमारी कर रही है। डुमरांव डीएसपी ने बताया कि फिलहाल स्थित समान्य है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

**पेट्रोल पंप में लगे सीसीटीवी कैमरा को तोड़ाः** बताया जा रहा है कि पेट्रोल पंप पर कार्यरत नोजल कर्मी ढेका गांव के ही रहने वाले रहे। ढेका के लोगों ने नोनियापुरा के तीन लोगों को गोली मारकर जख्मी कर दिया गया। इसके प्रतिशोध में नोनियापुरा के लोगों ने ही पेट्रोल पंप का पूरी तरह नुकसान कर दिया है। पेट्रोल पंप में लगे सीसीटीवी कैमरा, डीवीआर, वाईफाई, कैश काउंटर,पैनल रूम,लाइट और कुर्सी तक तोड़फोड़ कर डीवीआर लेकर भाग गए है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक गोली लगे जख्मी लोग नोनियापुरा गांव के राजू प्रसाद (25),गोवर्धन चौधरी (42), सूरज प्रसाद (15) को गोली लगी है। इन्हें इलाज के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया है। जबकि, इस घटना में अन्य लोग भी जख्मी है। दोनों गांवों के बीच तनाव बना हुआ है। वरीय पुलिस पदाधिकारी के आने के बाद स्थिति नियंत्रण में है। 4 थाना की पुलिस नोनियापुरा गांव में कैंप कर छापेमरी अभियान चला रही है।

**6 लोगों पर जानलेवा हमला करने का आरोपः** एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी ने कहा कि हालात नियंत्रण में है। जल्द ही इस घटना में शामिल लोगों गिरफ्तार किया जाएगा। नोनियापुरा की तरफ 6 लोगों पर जानलेवा हमला करने आरोप लगाते हुए कृष्णाब्रम्ह थाना में एफआइआर दर्ज कराया गया है। निनोयापुरा के पास सड़क पर लकड़ियों का शीली भी रखकर आवाजाही बंद कर दिया गया था। जिसे पुलिस ने हटाकर यातायात की व्यवस्था को संचालित किया। मिली जानकारी के मुताबिक मंगलवार की शाम टूडीगंज-चौगाई मार्ग स्थित किराना दुकान के पास एक ट्रक से अनाज उतारा जा रहा था। तभी छतनवार और ढेका के लड़के ने गाड़ी हटाने के लिए कहा था। तभी नोनियापुरा के लड़कों ने कहा कि गाड़ी नहीं हटेगा। इसी पर दोनों के बीच विवाद हुआ। विवाद पथराव में बदल गया। बुधवार को इसी घटना में मारपीट हुई। घटना में पुलिस ने अब-तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया है। एसडीपीओ ने बताया कि छापेमरी चल रही है।

# किसानों के लिए महापंचायत का आयोजन कार्यक्रम में आंदोलन के लिए फूंकी ताकत

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर जिला के बनारपुर पंचायत भवन पर गांधी जयंती पर किसानों द्वारा महापंचायत का आयोजन किया। जिसमें बनारपुर गांव के अलावा आसपास के दर्जनों गांव से किसान शामिल हुए। आयोजित कार्यक्रम में कई मुद्दों पर चर्चा की गई। महापंचायत के दौरान किसानों ने एक स्वर में कहा कि जब तक हमारी जमीन का सही पैसा नही मिलेगा तब तक हम अपनी जमीन नही देंगे। किसानों ने गांधी के रास्ते पर चलते हुए आंदोलन को तेज करने का निर्णय लिया है।

**महापंचायत में किसानों ने की चर्चाः** कार्यक्रम के दौरान भूमि अधिग्रहण का बाजार दर से चार गुणा अधिक भुगतान सुनिश्चित करने, चौसा के रेल कोरिडोर और वाटर पाईप लाईन में अनावश्यक भूमि की बर्बादी बंद करने, NH 319 A



बक्सर बाइपास का निर्माण कर्मनाशा नदी के किनारे से करने और किसानों के खिलाफ दमनात्मक कार्रवाई के दोषी अधिकारियों को गिरफ्तार करने आदि की मांग पर चर्चा हुई। वहीं, पटना और औरंगाबाद से पहुंचे किसान नेताओं ने किसानों को अवगत कराया की उनकी मांगो को लेकर मुख्य सचिव से लेकर ऊर्जा मंत्री से लगातार बात कर समाधान निकालने का प्रयास किया जा रहा है।

**इन तीन मुद्दों को लेकर विशेष मांगः** मौके पर मौजूद बिहार राज्य किसान सभा के महासचिव अशोक प्रसाद सिंह ने कहा कि थर्मल पावर की वजह से किसानों का जो जमीन लिया गया है। उसमें किसानों को वाजिब मुआवजा नहीं मिला है। जो वर्तमान में बजार दर से चार गुना मिलना चाहिए। हम जमीन देने के लिए तैयार हैं लेकिन बेमतलब का किसानों की कृषि युक्त जमीन को रेल कॉरिडोर और वाटर पाइप लाइन के नाम पर को छीनने की साजिश है। उसका हम विरोध करते हैं। सरकार से मांग करते है कि अविलंब रोक लगाया जाए। तीसरी मांग यह है कि जो रोड 319 एनएच बन रहा है। जिसको गांव के बीच से ना ले जाकर गांव के बाहर बाहर ले जाया जाए नही तो आंदोलन होगा।

**किसानी मुद्दों को लेकर ऊर्जा मंत्री से मुलाकातः** भारतीय किसान यूनियन (राकेश टिकैत) के बिहार झारखंड के प्रभारी किसान नेता दिनेश सिंह ने कहा कि किसान के मुद्दों को लेकर दिल्ली में ऊर्जा सचिव से मिला गया है। मिलने के बाद बातचीत का प्रतिफल यह हुआ कि नबीनगर में एनटीपीसी द्वारा जो किसानों को मिल रहा है। इस नियम के तहत यहां के किसानों को भी भुगतान किया जाएगा। यहां 2 लाख 92 हजार रुपया प्रति किसानों को जो दिया जा रहा था। उसको बढ़कर 5 लाख रुपए प्रति किसान किया गया है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### संदिग्ध हालत में शिक्षक के बेटे की निजी हॉस्टल में मौत

**भागलपुर**। निजी हॉस्टल में रहने वाले एक आठ वर्षीय छात्र की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। तीसरी कक्षा का छात्र सरकारी शिक्षक का छोटा बेटा था। पिता का कहना है की बेटे की पिटाई की गई है, जिससे उसकी मौत हुई है। उसके मुंह व नाक पर चोट का निशान है। मृतक छात्र लकी कुमार मधेपुरा के चौसा निवासी शिक्षक सौरभ कुमार का बेटा था। उसकी मां भी हाई स्कूल की शिक्षिका है। घटना बुधवार की देर शाम की है। छात्र के पिता ने स्कूल प्रशासन को बेटे की मौत का जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने बताया कि दोपहर में मेरे गांव के निवासी शाहकुंड स्थित निजी स्कूल के हॉस्टल से बच्चों को दशहरा की छुट्टी के लिए लेने गए थे। उन्होंने बताया कि मेरे बेटे की हालत गंभीर है। मैं पहुंचा तो बेटे का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। हालत गंभीर होने पर मायागंज लाया जहां डॉक्टर ने मृत घोषित किया।

### पीरपैंती के जीछो पोखर पर 10 दिन होगी महाआरती

**पीरपैंती**। शारदीय नवरात्र के मौके पर मानिकपुर स्थित जीछो पोखर पर 10 दिन तक बनारस के तर्ज पर महाआरती की जाएगी। कार्यक्रम केंद्रीय रेलवे रेल यात्री संघ द्वारा किया जाएगा। केंद्रीय रेलवे रेल यात्री संघ के अध्यक्ष विष्णु खेतान ने कहा कि जीछो पोखर पर महाआरती बनारस के पंडित करेंगे। उन्होंने कहा कि जीछो पोखर गंगा से जुड़ा है। इसलिए इस पोखर को गंगा महाआरती के लिए चिह्नित किया गया है। पंडित मनोज शास्त्री ने कहा कि मान्यता है कि जिन महिलाओं को संतान की प्राप्ति नही होती है। वैसी महिलाएं इस पोखर में स्नान करती हैं तो उनकी गोद भर जाती है।

### मजदूर बोले, नगर आयुक्त का हस्ताक्षर चाहिए तभी मानेंगे

**भागलपुर**। बाउंसर की मौजूदगी में शहर के मेन रोड की मंगलवार की आधी रात के बाद से सफाई शुरू हुई, बुधवार को भी दोपहर तक हुई। इस बीच हड़तालियों ने कई जगहों पर सफाई कर रहे मजदूरों को रोकने की कोशिश भी की तो निगम के जोनल प्रभारियों ने भी मुस्तैदी दिखाई। स्वच्छता प्रभारी विकास कुमार हरि खुद सभी जोनल प्रभारियों के अलावा कुछ बाउंसर के साथ सफाई करवाते दिखे। आदमपुर से दीपप्रभा सिनेमा हॉल रोड में यह टीम दिखी। कुछ और इलाकों में भी कूड़ा उठाव हुआ। जैसे बूढ़ानाथ, टाउन हॉल के पास, आदमपुर चौक व निगम कार्यालय के पास का हिस्सा साफ भी हुआ और कुछ चौक पर चूना और ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया। लेकिन तिलकामांझी, जवारीपुर समेत अन्य इलाकों के मेन रोड पर कूड़ा डंप ही रहा। दूसरी ओर हड़तालियों के साथ निगम प्रशासन की दो राउंड की वार्ता फिर बेनतीजा साबित हुई। अपराह्न 3.30 बजे लेकर रात नौ बजे तक वार्ता चलती रही। समझौता पत्र भी तैयार हुआ, जिस पर स्वच्छता प्रभारी विकास हरि ने हस्ताक्षर भी किया लेकिन हड़ताली संघ के नेता रघुवीर हरि व लड्डू हरि मानने को तैयार नहीं हुए। समझौता पत्र पर उपनगर आयुक्त या नगर आयुक्त का हस्ताक्षर मांग रहे थे, जो उस वक्त संभव नहीं हुआ और कर्मचारियों ने हड़ताल तोड़ने से इनकार कर दिया। अब गुरुवार को फिर नगर आयुक्त के साथ वार्ता होगी तो हड़ताल टूटने की संभावना है। इस दौरान जोनल प्रभारी राकेश भारती, हेल्प डेस्क इंचार्ज मनोज चौधरी, भंडारपाल पुर्णेंदु झा, वार्ड 21 के प्रभारी सागर हरि व अन्य कई प्रभारी वहां मौजूद रहे। देर रात बैठे रहे अफसर, नहीं बनी बात पहले राउंड में टाउन प्लानर मन्नू यादव ने हड़तालियों से वार्ता की, लेकिन इसमें असफलता हाथ लगी तो दूसरे राउंड की वार्ता के लिए 10 लोगों को निगम सभागार बुलाया गया। लेकिन बाकी सभी मजदूर करीब 100 की संख्या में वहां आ गए। इसके बाद बाकी मजदूरों को बाहर इंतजार करने कहा गया, इस बीच रात नौ बजे तक वार्ता चली। इसमें उप नगर आयुक्त राजेश कुमार पासवान व आमिर सोहैल समेत अन्य सभी जोनल प्रभारी व टाउन प्लानर शामिल रहे। हड़ताली संघ के नेता लड्डू हरि व रघुवीर हरि के साथ मजदूरों की मौजूदगी में वाजिब मांगों को मान लिया गया। इसके बाद लगा कि हड़ताल अब टूट जाएगी, लेकिन इमरजेंसी सेवा के तहत सामान्य बोर्ड की बैठक बुलाने की शर्त रख दी। जिसे अफसरों ने खारिज कर दिया कि अभी मेयर भी शहर में नहीं हैं, उनके आने पर ही बैठक संभव है।

### एक साल में टीएमबीयू ने नियुक्त किए दो लोकपाल, अब फिर पद है खाली

**भागलपुर**। टीएमबीयू को लोकपाल रास नहीं आ रहा है। एक साल में दो बार लोकपाल की नियुक्ति हुई। लेकिन कोई टिका नहीं। पहले लोकपाल की नियुक्ति विवि ने गलत ढंग से की थी। इसलिए उन्हें हटाना पड़ा था। दूसरे लोकपाल ने खुद इस्तीफा दे दिया है। हालांकि दूसरे लोकपाल की नियुक्ति की कवायद से विवि यूजीसी के डिफॉल्टर सूची से बाहर जरूर हो गया है। अब फिर टीएमबीयू में लोकपाल का पद खाली हो गया है। हालांकि लोकपाल की नियुक्ति से छात्रों को कोई फायदा नहीं मिल पाया है। दरअसल, यूजीसी ने पिछले साल विश्वविद्यालयों को लोकपाल नियुक्त करने का निर्देश दिया था। ताकि छात्रों की समस्याएं तय समय से निपटाई जा सके। टीएमबीयू ने बिहार के विवि में खुद को सबसे आगे दिखाने की गरज से पिछले साल ऐसे शिक्षक को लोकपाल नियुक्त कर दिया था जो रिटायर नहीं हुए थे। जबकि यूजीसी गाइडलाइन के अनुसान रिटायर शिक्षक को लोकपाल बनाना है। इसके कारण विवि ने यह नियुक्ति रद्द कर दी थी। इसके बाद लंबे समय तक लोकपाल का पद खाली रहा। तब यूजीसी ने टीएमबीयू को दो बार डिफॉल्टर सूची में डाल दिया। इससे दबाव में आए विवि प्रशासन ने पूर्व डीन प्रो. संजय झा को नया लोकपाल नियुक्त किया। अभी प्रो. झा को बैठने के लिए चेंबर तक तय नहीं हो पाया था कि पिछले माह उन्होंने निजी कारणों से पद से इस्तीफा दे दिया। इसकी अधिसूचना रजिस्ट्रार ने 19 सितंबर को जारी की। इधर, 15 सितंबर तक जिन संस्थानों में लोकपाल की नियुक्ति नहीं हुई उन्हें डिफॉल्टर सूची में शामिल करते हुए यूजीसी ने उनकी सूची 23 सितंबर को जारी की है। इसमें टीएमबीयू शामिल नहीं है। जाहिर है प्रो. झा का इस्तीफा 15 सितंबर के बाद होने के कारण टीएमबीयू डिफॉल्टर सूची में शामिल होने से बच गया। ्रो. संजय झा ने इस्तीफे के लिए पारिवारिक व्यस्तता और स्वास्थ्य कारणों का हवाला दिया है। इसकी मूल वजह पर अटकलें लगाई जा रही हैं। वह इसलिए क्योंकि प्रो. झा लोकपाल की नियुक्ति के लिए तय ज्यादातर मानकों को पूरा नहीं करते थे। यहां तक कि जिस इसी विवि में उनकी पत्नी गेस्ट फैकल्टी के लाभ के पद पर थीं और नियम के तहत ऐसे में प्रो. झा को लोकपाल नहीं बनाया जाना चाहिए था। उन्होंने तब भी पद नहीं छोड़ा था। टीएमबीयू लोकपाल के पद पर नई नियुक्ति की प्रकिया प्रो. संजय झा के इस्तीफे के 13 दिन बाद भी शुरू नहीं कर सकी है। डीएसडब्ल्यू प्रो. बिजेन्द्र कुमार ने कहा कि नए लोकपाल की नियुक्त होनी है। इसकी प्रक्रिया जल्द शुरू कर दी जाएगी।



### स्वच्छता को अपने जीवन में करें आत्मसात

**मुंगेर**। मुंगेर विश्वविद्यालय में बुधवार को महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री याद किए गए। उसके बाद डीएसडब्ल्यू प्रो. बीसी पांडेय, रजिस्ट्रार कर्नल विजय कुमार ठाकुर, विवि एनएसएस समन्वय डॉ. रोहित कुमार, बीआरएम कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य प्रो. एके ठाकुर सहित एनएसएस वॉलंटियर्स ने विश्वविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। कार्यक्रम की शुरुआत महापुरुषों की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित करके की गई। तत्पश्चात उनके संदेशों एवं विचारों की चर्चा की गई। डीएसडब्ल्यू ने प्रो. बीसी पांडेय ने गांधी जी के आदर्शों को आज देश की प्रथम जरूरत बताया। वहीं रजिस्ट्रार कर्नल विजय कुमार ठाकुर ने स्वच्छता को जीवन में आत्मसात करने की सलाह दी। बीआरएम कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य प्रो. अजीत कुमार ठाकुर ने शारीरिक, मानसिक स्वच्छता के साथ-साथ नैतिक स्वच्छता का पाठ पढ़ाया। एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉ. रोहित कुमार ने कहा कि गांधी जी स्वच्छता को स्वराज से अधिक महत्व देते थे। एचएस कॉलेज हवेली खड़गपुर के शिक्षक यादवेंदु रणधीर ने गांधी जी को आधुनिक भारत का महान स्वच्छता प्रेरक व्यक्तित्व बताया। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में विश्वविद्यालय परिसर की व्यापक साफ सफाई की गई।

## गंगा नदी में बही पुलिया, आवाजाही बाधित, मौके पर पहुंचे अधिकारी

# भागलपुर में 4 पंचायत का मुख्यालय से संपर्क टूटा

**निज संवाददाता। भागलपुर**



भागलपुर में गुरुवार को एक पुलिया गंगा नदी में विलीन हो गया। बाढ़ से पहले जल संसाधन विभाग और जिला प्रशासन ने पुलिया को जर्जर बताते हुए लोगों के आवाजाही पर रोक लगाई थी। गुरुवार को हादसे के बाद चार पंचायत का मुख्यालय से संपर्क टूट गया है। हादसे के बाद अधिकारी मौके पर पहुंचे हुए हैं। गंगा में विलीन हुए मुस्तफापुर स्थित चौखंडी पुल बाखरपुर, बाबूपुर तिलकधारी टोला, मोहनपुर गोविंदपुर और अन्य गांवों को बाजार और प्रखंड मुख्यालय से जोड़ता था। ध्वस्त हो जाने के कारण लोगों का संपर्क टूट गया है। आवाजाही में लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**बाबूपुर-बाखरपुर का सड़क संपर्क भंग**: मौके पर संबंधित अधिकारी पहुंचकर मामले की जांच में जुट गए है। अभियंता पहुंचे है। इस इलाके में बारिश भी हो रही है। मालूम हो कि पिछले दिनों पीरपैंती से बाखरपुर होते हुए बाबूपुर तक जाने वाली सड़क पर बड़ा हादसा हो गया था। बाखरपुर से बाबूपुर के बीच बना पुल पूरी तरह से ध्वस्त हो गया। इस कारण दियारा से बाबूपुर-बाखरपुर का सड़क संपर्क पूरी तरह से भंग हो गया था।

**पीरपेंती-मिर्जा चौकी सड़क मार्ग बाधित**: सड़क पीरपैंती बाजार से बाखरपुर, बाबूपुर होते हुए झारखंड को जोड़ती है, जो कि इस क्षेत्र के लोगों के लिए महत्वपूर्ण सड़क मार्ग है। इससे पहले भी चौखंडी के समीप पुल के जर्जर होने के कारण आवाजाही पर रोक लगाई गई थी। इससे लोगों को पहले से ही परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इधर, ऊपरबंधा में रोड बह गया है। पीरपेंती - मंडरो मिर्जा चौकी सड़क मार्ग बाधित है।

# तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार युवक को कुचला, मौत



भागलपुर-जगदीशपुर मुख्य मार्ग को आक्रोशितों ने किया जाम, ट्रक जब्त

**निज संवाददाता। भागलपुर**

भागलपुर में सड़क हादसा हुआ है। इसमें बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई है। मामला बाइपास थाना क्षेत्र के फुलवरिया पेट्रोल पंप के समीप का है। तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार युवक को कुचल दिया। जिससे कि उसकी घटनास्थल पर ही जान चली गई है। मृतक की पहचान शत्रुघन कुमार (26) के रूप में की गई है। लोगों ने ट्रक को पकड़ कर मृतक के परिजनों को मामले की जानकारी दी। मौके पर पहुंचे मृतक के परिजनों ने स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से भागलपुर- जगदीशपुर मुख्य मार्ग को जाम कर दिया है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया है। साथ ही ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस आक्रोशित परिजन व ग्रामीणों को समझाने बुझाने का प्रयास कर रही है।

**आगे की कार्रवाई में जुटी पुलिस**: जानकारी के मुताबिक जगदीशपुर के तरफ से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने भागलपुर की तरफ से जा रहे बाइक सवार युवक को कुचल दिया। इससे लोगों में आक्रोश है। लोगों को साफ तौर पर कहना कि ओवरलोडिंग ट्रक चलने के कारण आए दिन भागलपुर - जगदीशपुर मुख्य मार्ग में हादसा होते रहता है। इधर, मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को जब्त कर आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। भागलपुर- जगदीशपुर मुख्य मार्ग का आवागमन पूरी तरह प्रभावित है।

# भागलपुर में स्वच्छता पखवाड़ा दिवस समारोह आयोजित

**निज संवाददाता। भागलपुर**



भागलपुर के सुल्तानगंज में महात्मा गांधी जयंती के अवसर नगर परिषद सुल्तानगंज द्वारा बुधवार को स्वच्छता पखवाड़ा दिवस समारोह मनाया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर सभापति राज कुमार गुड्डू ने की। कार्यक्रम में कार्यपालक पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार, उपसभापति नीलम सभी वार्ड पार्षद, स्वच्छता कर्मी, स्कूली बच्चे थे। कार्यक्रम की शुरुआत नगर परिषद सुल्तानगंज से स्वच्छता जागरूकता रैली निकाल कर नगर दौरा किया, जो अब्जुगंज चौक से नगर परिषद सुल्तानगंज में समापन किया। साथ ही नगर परिषद सुल्तानगंज के सभागार में कार्यपालक पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार, नगर सभापति राज कुमार गुड्डू, उपसभापति नीलम देवी ने एलिमेंटी स्कूल के बच्चे जो पेंटिंग में भाग लेने पर प्रथम, दूतीय , तृतीय स्थान आनेवाले छात्र-छात्राओं को मेडल और प्रस्थित पत्र देकर सम्मानित किया। नगर परिषद के स्वच्छता कर्मियों को भी प्रस्थित पत्र देकर सम्मानित किए। इस दौरान कार्यपालक पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार, नगर सभापति राज कुमार गुड्डू ने पत्रकारों को बताया कि आज महात्मा गाँधी जयंती है और दुर्गा पूजा को लेकर आज माहाल्य है। कल से पहली पूजा आरंभ हो जाएगी। इसके लिए नगर परिषद ने क्षेत्र वासियों को शुभकामनाएं दी। कहा कि महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता पखवाड़ा दिवस मनाते हुए स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई। इस अवसर पर पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लिए स्कूली बच्चों को पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया गया। स्वच्छता कर्मियों को भी प्रस्थित पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सीटी मैनेजर रविश वर्मा, नगर परिषद के प्रधान सहायक राजीव रंजन, सफाई निरीक्षक दिलिप दुबे, क्रांति कुमारी, वार्ड पार्षद विनोद रजक, संजय चौधरी, नविन कुमार बन्नी, इजराइल, सुभाष कुमार, रुबी देवी, रिता देवी, विभूति यादव, सहित इत्यादि वार्ड पार्षद, स्कूली बच्चे, स्वच्छता कर्मी, एंव नगर परिषद सुल्तानगंज के कर्मचारी मौजूद थे।

# RJD के प्रदेश महासचिव को दौड़ा-दौड़ा कर मारी गोली, पंकज यादव के सीने में लगी बुलेट

**निज संवाददाता। मुंगेर**

## चश्मदीद बोले- नहीं भागते तो और गोली लगती



मुंगेर में राजद के प्रदेश महासचिव पंकज यादव को बदमाशों ने दौड़ा-दौड़ा कर गोली मारी। पहले से घात लगाए अपराधियों ने 3 फायरिंग की, पंकज यादव के सीने में गोली लगी है। पंकज रोज की तरह हवाई अड्डा मैदान में मॉर्निंग वॉक के लिए गए थे। बदमाशों ने उन पर फायरिंग की। आनन-फानन में पंकज को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शी राणा सिंह ने बताया कि बदमाश पहले से वहां थे। पंकज यादव के आते ही गोलियां चलाई। वो नहीं भागते तो और गोली लगती। घटना को अंजाम देकर बदमाश बाइक से फरार हो गए। वारदात कासिम बाजार थाना इलाके की है। राजद नेता के पिता ने कहा कि पंकज रोज की तरह सुबह टहलने गया था। नवटोलिया निवासी मिट्ठू कुमार और अमन कुमार ने मेरे बेटे पर गोली चलाई है। उन्होंने कहा कि दोनों पहले के एक केस के मैनेज करने को लेकर मदद मांग रहे थे। पंकज ने मना कर दिया था, उसके बाद दोनों ने इस घटना को अंजाम दिया है।

**पहले दो राउंड हवा में की फायरिंग**: प्रत्यक्षदर्शी राणा प्रताप सिंह ने बताया कि मैं मैदान में कसरत कर रहा था, तभी अचानक एक बाइक पर मिट्ठू कुमार और नमन कुमार आए और गोली चलाने लगा। पहले दो राउंड हवा में फायरिंग की फिर पंकज यादव को गोली मार कर फरार हो गए। किसी तरह की कोई दुश्मनी नहीं थी। हमलोग 15-20 साल से मॉर्निंग वॉक पर जाते हैं।

**विपक्षी नेताओं को टारगेट कर गोली मारी जा रही- राजद**: राजद नेता पर हुई फायरिंग को लेकर पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने कहा कि बिहार में विपक्षी दलों के आवाज को दबाने के लिए गोलियों का सहारा लिया जा रहा है। बिहार में सुशासन के नाम पर किस तरह का शासन चल रहा है। यह स्पष्ट रूप से दिख रहा है। कहीं ना कहीं उत्तर प्रदेश जैसे हालात बिहार में भी पैदा किया जा रहा है, जहां विपक्षी दलों के नेता और कार्यकर्ताओं को टारगेट कर गोली मारी जाती है। सरकार का इकबाल खत्म हो चुका है। इधर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अरविंद सिंह ने बताया कि राजद नेता पर गोली चलाने वाले अपराधी बचेंगे नहीं। पुलिस जांच में जुट गई है। हमलावरों की तलाश की जा रही है। बहुत जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

सदर डीएसपी राजेश कुमार ने बताया कि मुझे पहले सुबह 6:00 बजे सूचना मिली कि राजद के एक नेता को मॉर्निंग वॉक के दौरान गोली मार दी गई है। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के दौरान घटना के पीछे दो लोगों का नाम सामने आया है।

# बालू माफिया पर हत्या का लगाया आरोप

## भागलपुर में युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत, 2 महीने पहले घर पर हुई थी फायरिंग

**निज संवाददाता। भागलपुर**



भागलपुर में बुधवार को संदिग्ध स्थिति में युवक की लाश मिली है। मृतक के भाई पंकज दास का आरोप है कि बालू माफिया ने हत्या की इस घटना को अंजाम दिया है। उन्होंने घर पर फायरिंग भी की थी। 4 अगस्त को मृतक की चाची चुन्नी देवी ने थाना में आवेदन देकर भतीजे की जान बचाने को लेकर गुहार लगाई थी। मृतक की पहचान यदुनंदन (38) के रूप में हुई है। मामला जगदीशपुर थाना क्षेत्र का है। यहां युवक बाइक से सवार होकर पड़ोस के ही शिवालक चौधरी के साथ निकला था। घर से निकलने के एक घंटे बाद परिजनों को साथी शिवालक ने बताया कि करंट लगने से हादसा हो गया है। इसके कारण युवक अचेत पड़ा हुआ है। सूचना के बाद परिजन पहुंचे, तो ई-रिक्शा पर डेड बॉडी पड़ा हुआ था। मृतक के परिजन जिंदा होने के आस में उसे भागलपुर के जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ले गए। यहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों का आरोप है कि ये हादसा नहीं है, हत्या है। मृतक के परिजनों का कहना है कि बालू माफिया की शिकायत करने पर थानेदार ने कहा कि या तो थाना में आइए, या घर में छुपकर रहिए।

**डीआईजी-डीजीपी से चाचा ने लगाई थी गुहार**: बीते 12 सितंबर को चाचा बबलू मंडल ने एसएसपी, डीआईजी और डीजीपी से लेकर सीएम तक से जान बचाने की गुहार लगाई थी। घटना के बाबत मृतक के बड़े भाई पंकज कुमार सिंह ने क्षेत्रीय थाना की पुलिस पर आरोप लगाया है। साथ ही कहा है कि पुलिसया लापरवाही के कारण यदुनंदन की मौत हुई है। बालू माफिया बबलू यादव और शिवालक चौधरी को नामजद आरोपी बनाते हुए बरारी थाना में दोनों के खिलाफ एक तहरीर भी दी गई है। मृतक के भाई पंकज ने बताया कि बालू माफियाओं ने उसके भाई की षड्यंत्र के तहत हत्या कर दी है।

**अवैध उत्खनन करने लगे थे तस्कर**: मृतक के भाई का आरोप है कि बीते माह 4 अगस्त को यादव टोला के बबलू यादव व उनके गुर्गों ने आधा दर्जन ट्रैक्टर लेकर उसकी जमीन पर चढ़ाई कर दी थी। फसल को नुकसान कर बालू का अवैध उत्खनन करने लगे। इसका विरोध करने पर बबलू यादव ने गोली भी चलाई। इसकी लिखित सूचना भी स्थानीय इंस्पेक्टर गणेश कुमार को दी गयी थी। सूचना पर थानाध्यक्ष दल-बल समेत आए और मौके से कारतूस के दो खोखे भी उठा ले गए। लेकिन, दबंग बबलू यादव और उनके गुर्गों के खिलाफ पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। पंकज के मुताबिक कार्रवाई न होते देख दबंगों का मनोबल बढ़ गया। वे हर दिन जबरिया बालू का उठाव करने लगे, जिसकी अगली शिकायत एक महीने बाद बीते 12 सितंबर को चाचा बबलू मंडल ने थानेदार को की।

# बाढ़ से 11 हजार हेक्टेयर में लगी फसल बर्बाद

**निज संवाददाता। मुंगेर**

मुंगेर बिहार सरकार के पंचायती राज मंत्री-सह-मुंगेर जिला प्रभारी केदार गुप्ता के निर्देश पर जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह ने जिले में फसल क्षति का सर्वे का काम शुरू करने का निर्देश जिला कृषि विभाग को दिया गया है। मुंगेर दौरा में प्रभारी मंत्री ने बताया था कि जिले के 41 पंचायतों में बाढ़ का असर है, जिसमें 11 पंचायतें बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित हैं, वहीं 30 पंचायतें बाढ़ से आंशिक प्रभावित हैं। जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर फसल क्षति का आकलन शुरू कर दिया गया है। जिला कृषि पदाधिकारी ब्रजकिशोर ने बताया कि मुंगेर सदर में 12, जमालपुर में 9, बरियारपुर में 11, धरहरा में 4, हवेली खड़गपुर में 3 और असरगंज में 2 पंचायतें बाढ़ से प्रभावित हुई हैं। उन्होंने कहा कि फसल सर्वे के काम में संबंधित किसान सलाहकार व कृषि समन्वयकों को फसल क्षति के आकलन का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि फसल क्षति आकलन का कार्य पूर्ण होने के बाद किसान सलाहकार व कृषि समन्वयक की टीम अंचलाधिकारी को रिपोर्ट करेंगे। बाद में अंचलाधिकारी रिपोर्ट को जिला कृषि पदाधिकारी को रिपोर्ट सौपेंगे। बाद में रिपोर्ट फाइनल कर जिलाधिकारी फसल क्षति रिपोर्ट को कृषि विभाग पटना को भेजेंगे। रिपोर्ट जमा होने के बाद सरकार की ओर से फसल मुआवजा के संबंध में निर्णय लेंगे। गौरतलब है कि बाढ़ आपदा से फसल मुआवजा सिंचित फसल के के डूबने पर 17,000 रुपए प्रति एकड़ और असिंचित फसल के डूबने पर 8,500 रुपए रेट निर्धारित किया गया है। जिला कृषि सहायक पदाधिकारी रणधीर कुमार ने बताया कि जिले के 9 प्रखंडों में से छह प्रखंडों में बाढ़ से लोग प्रभावित हुए हैं। छह प्रखंडों के कुल 41 पंचायतों में बाढ़ का असर कहीं पूर्ण रहा तो कहीं आंशिक प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा कि सदर प्रखंड में 2826.90 हेक्टेयर, जमालपुर प्रखंड में 1757.13 हेक्टेयर, बरियारपुर में 4388.25 हेक्टेयर, धरहरा में 700 हेक्टेयर, हवेली खड़गपुर में करीब 700 हेक्टेयर और असरगंज में 1355 हेक्टेयर में फसल क्षति हुई है। इसप्रकार प्रथम दृष्टया 11812.28 हेक्टेयर में विभिन्न प्रकार के फसल प्रभावित हुई है। जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि खेतों में जो फसलें लगी थी और बाढ़ के कारण क्षति हुई है, उसमें 33 प्रतिशत से अधिक फसल की क्षति होने पर ही मुआवजा राशि दी जाती है।

## पूर्व रेलवे

**निविदा संख्या: एमसी-116-एफई-एएमसी-24, दिनांक: 01.10.2024।** वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता (कोचिंग एवं ट्रेन सेट), पूर्व रेलवे, हावड़ा, हावड़ा स्टेशन के नज़दीक, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए खुली निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** हावड़ा मंडल के एसी कोचों, रसोई यान, पावर कार, सैलून्स एवं एसएलआर में प्रदान किये गए डीसीपी टाइप फायर एक्सटीन्गुइशर का एएमसी। **निविदा मूल्य:** ₹ 30,90,399.77। **जमा की जाने वाली बयाना राशि:** ₹ 61,800। **ठेके की अवधि:** कार्य शुरू होने की तारीख से तीन वर्ष (36 महीने)। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **ऑनलाइन निविदा जमा करने हेतु वेबसाइट का विवरण: www.ireps.gov.in। ऑनलाइन निविदा जमा करने की अवधि:** 08.10.2024 से 22.10.2024 को दोपहर 2.00 बजे तक।

(HWH-326/2024-25)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

## पूर्व रेलवे

**ई-निविदा सूचना संख्या: ओ-एसी-टी-136 टू 139-24-25 (ओपन), दिनांक: 01.10.2024।** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल, स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा (खुली) आमंत्रित की जाती है: **क्रम संख्या:** 1। **केस संख्या: ओ-एसी-टी-136-24-25। कार्य का नाम:** दिनांक 30.06.2025 को समाप्त अवधि के लिए आसनसोल मंडल की ज़ोन संख्या 10 में एसएसई/कार्य/पूर्व/आसनसोल के अधीन आसनसोल में ट्रैफिक कॉलोनी, दोमुहानी कॉलोनी, रेलपार कॉलोनी में सभी स्टाफ क्वार्टरों सहित छोटी सड़कों, लकड़ी, पाइप बिछाना, सैनिटरी स्थापना कार्य के लिए जोनल कार्य के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य:** ₹ 60,00,000। **बोली प्रतिभूति:** ₹ 1,20,000। **क्रम संख्या:** 2। **केस संख्या: ओ-एसी-टी-137-24-25। कार्य का नाम:** मंडल अभियंता/1/आसनसोल के अधीन आसनसोल मंडल में एटी वेल्ड का सम्पादन तथा एटी वेल्डिंग पोर्शन की आपूर्ति के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य:** ₹ 67,84,429.48। **बोली प्रतिभूति:** ₹ 1,35,700। **क्रम संख्या:** 3। **केस संख्या: ओ-एसी-टी-138-24-25। कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता/1/आसनसोल के अधीन सहायक अभियंता/मुख्यालय/आसनसोल के अधिकार क्षेत्र में दोमुहानी कॉलोनी, वीआईपी रोड आदि में वर्तमान सड़क सतह की मरम्मत, विस्तार, आईआरसी मानकों के अनुसार रोडवेज का प्रावधान तथा आनुषंगिक कार्य के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य:** ₹ 89,59,788.32। **बोली प्रतिभूति:** ₹ 1,79,200। **क्रम संख्या:** 4। **केस संख्या: ओ-एसी-टी-139-24-25। कार्य का नाम:** मंडल अभियंता/1/आसनसोल के अधीन आसनसोल यार्ड में एमईएमयू ट्रेनों को रात में खड़ी रखने के सम्बन्ध में पाथवे एवं अन्य संरचनात्मक ढांचा के निर्माण के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य:** ₹ 90,79,090.65। **बोली प्रतिभूति:** ₹ 1,81,600। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 09 महीना (क्रम संख्या 1, 3 एवं 4 प्रत्येक के लिए) और 12 महीना (क्रम संख्या 2 के लिए)। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय :** 28.10.2024 को दोपहर 12.00 बजे (क्रम संख्या 1 से 4 प्रत्येक के लिए)। सम्पूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है।

(ASN-185/2024-25)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# भ्रमित करने का कीर्तिमान स्थापित कर रही हेमंत सरकार : सुदेश महतो



**बोकारो, एजेंसी।** आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि हेमंत सरकार पिछले पांच वर्षों से जनाकांक्षाओं के विपरीत भ्रमित करने का कीर्तिमान स्थापित कर रही है। सरकार का उद्देश्य जनता की आवश्यकताओं को समझते हुए उनके जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में काम करना होता है लेकिन यह सरकार अपने ही लोगों को ठगने में लगी है। झूठ की बुनियाद पर खड़ी सरकार से जनता परेशान है और बदलाव चाहती है। सुदेश महतो ने गोमिया विधानसभा में बुधवार को आयोजित झारखंड नवनिर्माण यात्रा के दौरान बोल रहे थे। यात्रा गोमिया हाई स्कूल से 1-बी मार्केट से स्वांग डीएवी स्कूल तक निकाली गई। आजसू पार्टी द्वारा इस यात्रा का आयोजन आने वाले दिनों में राज्य के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जेएमएम और कांग्रेस के झूठ, वादाखिलाफी और चरित्र का वास्तविक चेहरा बेनकाब हो चुका है। जनता अब इनके झूठे वादों के भ्रमजाल में फंसने वाली नहीं है। इनके कार्यकाल में अपराधियों के मन से कानून का भय समाप्त हो गया है। महतो ने कहा कि राज्य का सर्वांगीण विकास आजसू पार्टी का लक्ष्य है। समाज के हर वर्ग के साथ और विश्वास से हम शहीदों के सपनों का झारखंड बनाएंगे। बेरोजगारी और पलायन का दंश झेल रहे राज्य के युवाओं को अपनी माटी में ही रोजगार उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता। पार्टी अध्यक्ष ने डुमरी विधानसभा क्षेत्र के इसरी बाजार और गोमिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पेटरवार में अपना आजसू 24म7 सेवा केंद्र की शुरुआत की। महतो ने कहा कि हेमंत सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के जनसेवा के आचरण को बदल दिया है। कार्यालयों में बिचौलिये हावी हैं, जिससे आम जनता त्रस्त है। आज उनकी समस्याओं को समझने और सुलझाने वाला कोई नहीं है। क्षेत्र की जनता की हर समस्या का समाधान करने के प्रयास का नाम है अपना आजसू 24म7 सेवा केंद्र। यह सेवा केंद्र लोगों की सेवा के लिए 24 घंटे सातों दिन उपलब्ध होगा। केंद्र के हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करके साथ ही भौतिक रूप में केंद्र में पहुँचकर भी लोग अपनी समस्याओं को यहां रजिस्टर करवा सकते हैं। यह समस्याएं निजी और सामाजिक दोनों तरह की हो सकती हैं।

**गांधी जी के सिद्धांत मानवता, अहिंसा, सत्य और सामाजिक न्याय पर आधारित:** सुदेश महतो ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर दोनों महानुभावों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर उन्होंने कहा कि गांधी जी के सिद्धांत मानवता, अहिंसा, सत्य और सामाजिक न्याय पर आधारित है। उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं। उनके दिखाए गए रास्ते पर चल कर हम एक बेहतर और विकसित भारत का निर्माण कर सकते हैं। विकास की उनकी अवधारणा में गांवों का स्थान सर्वोपरि था। उनका मानना था कि भारत की आत्मा गांवों में बसती है और यदि भारत को सशक्त बनाना है, तो गांवों का विकास अनिवार्य है। हमारा प्रयास उनकी सोच को धरातल पर उतरना है। गांवों का विकास हमेशा हमारी प्राथमिकता रही है। वास्तविक स्वराज तभी संभव है जब हर गांव स्वशासन के सिद्धांतों पर आधारित हो। महतो ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को उनकी जयंती पर नमन करते हुए कहा कि शास्त्री जी ने अपनी सादगी, विनम्रता और दृढ़ संकल्प से देश की सेवा की। उनका जीवन सादगी, ईमानदारी और निस्वार्थ सेवा का प्रतीक था। उन्होंने ÷जय जवान, जय किसान÷ का नारा देकर देश के सैनिकों और किसानों को एक साथ सम्मानित किया और उनके महत्व को रेखांकित किया। उनकी ईमानदारी, कर्तव्यपरायणता और देशभक्ति को याद करते हुए हम उनके योगदान को नमन करते हैं और उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लेते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### तेजधार में बहा बच्चा, मां ने जान की बाजी लगाकर बचाया

**पुटकी, एजेंसी।** मुनीडीह ओपी क्षेत्र के भटिंडा फॉल में बुधवार की दोपहर एक दस वर्षीय बालक फिसल कर पानी की तेजधार में बह गया. हालांकि बच्चे की मां दिलेरी दिखाते हुए तत्काल पानी में कूद गयी और मुख्य झरना से बहते हुए नीचे भाटिन बाबा के पास बेटे को पकड़ लिया. इस दौरान वहां स्नान कर रहे ग्रामीणों के सहयोग से गोताखोर लखीकांत बाउरी, नितेश महतो ने महिला को पानी से सुरक्षित बाहर निकाला. इस दौरान महिला का मोबाइल पानी में गुम हो गया. बताया जाता है कि दोपहर लगभग एक बजे पश्चिम बंगाल के आसनसोल से भटिंडा फॉल उक्त महिला अपने बेटे को लेकर घूमने आयी थी. धनसार थाना क्षेत्र के चांदमारी श्रीराम नगर में बुधवार की अल सुबह अजय केवट (40 वर्ष) ने साड़ी के फंदे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. सूचना पाकर धनसार पुलिस पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया. मृतक की पत्नी चंदा देवी ने बताया कि उसका पति दो-तीन दिन से तनाव में था. वह शराब पीकर झगड़ा कर रहा था. बुधवार तड़के लगभग तीन बजे वह शौच के लिए बाहर गयी थी. उसके बाद लौटी तो देखा कि घर का दरवाजा बंद पड़ा है।

### विधानसभा चुनाव को लेकर जदयू प्रदेश अध्यक्ष बिहार के सीएम से मिले

**धनबाद, एजेंसी।** झारखंड जदयू के एक प्रतिनिधिमंडल झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरु महतो के नेतृत्व में पटना स्थित मुख्यमंत्री आवास में बुधवार को पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिला. श्री महतो ने झारखंड के झरिया, टुंडी, मांडू, छतरपुर तथा मांडर में सफलतापूर्वक आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन की रिपोर्ट सौंपी. इस दौरान झारखंड में होने वाली विधानसभा चुनाव को लेकर सघन रूप से चर्चा हुई. श्री खीरु महतो ने मुख्यमंत्री से झारखंड में 11 सीटों की मांग की. इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मामले को लेकर पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा बहुत जल्द भाजपा के साथ बात करेंगे. इस दौरान बिहार सरकार के मंत्री सह झारखंड प्रभारी अशोक चौधरी भी मौजूद थे. प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री सुधा चौधरी, धनबाद जिलाध्यक्ष पिंटू कुमार सिंह, प्रदेश महासचिव दीप नारायण सिंह, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष निर्मल सिंह, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक सिन्हा तथा धनबाद नगर अध्यक्ष धनलाल दुबे मौजूद थे.

### शंकोसाई में जेएफसी के जॉर्डन मरे ने फैंस के साथ मनाया जन्मदिन

**जमशेदपुर, एजेंसी।** शंकोसाई के एबीसी कालापाथर ग्राउंड में जमशेदपुर एफसी के फैंस उस समय खुशी से झूम उठे, जब उनके पसंदीदा स्ट्राइकर जेएफसी के जॉर्डन मरे ने मानगो में एक स्थानीय फुटबॉल टूर्नामेंट के उद्घाटन के दौरान अपना जन्मदिन मनाया। मैदान के अंदर और बाहर समर्थकों की भीड़ थी। स्ट्राइकर ने टूर्नामेंट की शुरुआत की और फैंस के साथ जन्मदिन का केक काटा। कार्यक्रम में 500 से अधिक लोग शामिल हुए। मरे ने कहा कि यह एक ऐसा दिन है जिसे मैं कभी नहीं भूलूंगा। जमशेदपुर में जन्मदिन मनाना खास है। फैंस का प्यार और समर्थन मेरे लिए सब कुछ है। जमशेदपुर एफसी की टीम अपना अगला मैच 5 अक्तूबर को जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में ईस्ट बंगाल एफसी के खिलाफ खेलेगी।

### रांची पीएमएलए कोर्ट ने स्वीकार की पूजा सिंघल की याचिका

**रांची, एजेंसी।** रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ़ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट ने मनरेगा घोटाला के जरिए अवैध कमाई करने और उन पैसों की मनी लॉन्ड्रिंग करने की आरोपी निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल की याचिका स्वीकार कर ली है. दरअसल पूजा सिंगल की ओर से याचिका दाखिल कर कहा गया था कि ईडी के पास कई ऐसे दस्तावेज हैं, जो अनुसंधान के क्रम में जब्त किए गए हैं. लेकिन न्यायालय में दाखिल चार्जशीट में उन दस्तावेजों का जिक्र नहीं किया गया था. पूजा सिंघल की ओर से इन दस्तावेजों का अवलोकन करने की अनुमति मांगी गई थी. जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है।

### एआइआरएफ व इसीआरकेयू की ताकत हैं युवा कार्यकर्ता : मो ज्याऊद्दीन

**धनबाद, एजेंसी।** इस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन की मंडल स्तरीय महासंगम सह युवा कार्यकर्ता सम्मेलन बुधवार को धनबाद रेलवे ऑडिटोरियम में हुआ. इसीआरकेयू के अपर महामंत्री सह पीएनएम प्रभारी मो ज्याऊद्दीन, सहायक महामंत्री ओमप्रकाश तथा एआइआरएफ के जोनल सेक्रेटरी ओपी शर्मा की देखरेख में धनबाद स्थित इसीआरकेयू की तीनों शाखाओं के युवा समितियों के सक्रिय सदस्य शामिल हुए. मो ज्याऊद्दीन ने कहा कि इस सम्मेलन का एकमात्र उद्देश्य एआइआरएफ इसीआरकेयू को मजबूत करना है, ताकि रेलकर्मियों की मंडल स्तर की विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए रेल प्रशासन पर व्यापक दबाव बनाया जा सके. राष्ट्रीय स्तर की रेल कर्मियों की समस्याओं के समाधान के लिए आंदोलन में ज्यादा से ज्यादा युवा शक्ति की नयी ऊर्जा की जरूरत है. सम्मेलन में इसीआरकेयू के संगठन मंत्री नेताजी सुभाष और सोमेन दत्ता, वरीय सदस्य एके दा, टीके साहु, लाईन शाखा सचिव जेके साव, शाखा वन के अध्यक्ष उपेंद्र मंडल, शाखा टू के अध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी एनके ख्वास, सुदर्शन, पिंटू नंदन, नागेंद्र, दिलीप, सीएस प्रसाद, प्रशांत, भानु, रंजीत, राजीव, जोनल युवा समिति के संगठन सचिव विश्वजीत मुखर्जी, रितलाल, परमेश्वर, शिवकुमार, आजाद, अमित, राजकुमार आदि उपस्थित थे।

# झारखंड में पीजी मेडीकल में राज्य कोटा की 117 सीटों पर होगा नामांकन, जल्द जारी होगी मेधा सूची



**रांची, एजेंसी।** झारखंड के सरकारी मेडिकल कालेजों में पीजी मेडिकल पाठ्यक्रम के लिए राज्य कोटा की कुल 117 सीटों पर नामांकन होगा। झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद ने नामांकन के लिए उपलब्ध सीटों की कालेजवार एवं विभागवार सूची जारी कर दी है।

इसके तहत रिम्स, रांची में 18 विभागों में कुल 90 सीटों पर नामांकन होगा, जिनमें सभी ओपेन सीटें हैं। एमजीएम, जमशेदपुर के 14 विभागों में कुल 21 सीटों पर नामांकन होगा, जिनमें 19 ओपेन तथा दो इन सर्विस कोटे की सीटें सम्मिलित हैं।

एसएनएमसीएच, धनबाद के दो विभागों में कुल पांच सीटों पर नामांकन होगा जो ओपेन सीटें हैं। रांची सदर अस्पताल के एक विभाग में एक सीट पर नामांक होगा जो इन सर्विस श्रेणी के अभ्यर्थी के लिए आरक्षित है। बताते चलें कि इस बार राज्य के मेडिकल कालेजों में पीजी मेडिकल में नामांकन की प्रक्रिया में बदलाव किया गया है। इसके तहत अब सभी राउंड की

काउंसिलिंग के लिए एक बार ही आनलाइन पंजीकरण होना है। पंजीकरण की समय सीमा एक अक्टूबर को खत्म हो चुकी है। आनलाइन पंजीकरण करानेवाले अभ्यर्थियों से राज्य मेधा सूची तैयार होगी, जिसके आधार पर ही पहली, दूसरी तथा तीसरी काउंसिलिंग के साथ-साथ स्ट्रे राउंड की काउंसिलिंग होगी।

राज्य में संचालित बीएड संस्थानों में बड़ी संख्या में सीटें अभी भी रिक्त हैं। तीन-तीन राउंड की काउंसिलिंग के बाद भी सीटें रिक्त हैं। कई संस्थानों में 50 से अधिक सीटों पर अभी तक नामांकन नहीं हो सका है। झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद ने कुल 136 संस्थानों में रिक्त सीटों की सूची जारी कर दी है।

# झारखंड में 11 सीटों पर चुनाव लड़ने को तैयार जदयू , 3 पर सबसे ज्यादा फोकस



**रांची, एजेंसी।** झारखंड में साल के आखिरी में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इन चुनावों को लेकर सुगबुगाहट शुरू हो गई है। भाजपा, कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा के अलावा जनता दल यूनाइटेड(जदयू) भी यहां विधानसभा चुनावों से हिस्सा लेती है। ऐसे में जदयू ने प्रदेश की 11 सीटों पर चुनाव लड़ने का मन बनाया हुआ है। इस दौरान जदयू ने झारखंड की 3 विधानसभा सीटों को प्राथमिकता में रखा हुआ है। इन सीटों पर जदयू को अपने लिए काफी संभावनाएं दिख रही हैं। आइए जानते हैं झारखंड विधानसभा चुनावों के लिए जनता दल यूनाइटेड क्या प्लान बना रही है

प्रदेश जनता दल यूनाइटेड का एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार के सीएम नीतीश कुमार से उनके पटना स्थित मुख्यमंत्री आवास पर मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो कर रहे थे। इस दौरान झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ व्यापक रूप से चर्चा हुई।

वहीं, खीरू महतो ने मुख्यमंत्री से झारखंड में 11 सीटों की मांग की। प्रदेश अध्यक्ष ने झरिया, टुंडी, मांडू, छतरपुर के साथ मांडर विधानसभा में सफलता पूर्वक आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन की रिपोर्ट भी सौंपी। प्रदेश नेतृत्व की बात को गंभीरतापूर्वक सुनते मुख्यमंत्री ने सकारात्मक आश्वासन दिया। साथ ही कहा कि वे पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष सहित भाजपा शीर्ष नेतृत्व के साथ बात करेंगे।

## जदयू की प्राथमिकता में हैं 3 सीटें

तमाड़, पूर्वी जमशेदपुर, मांडू जैसी सीटें ऐसी हैं, जो जदयू की प्राथमिकता में शामिल हैं। हाल ही में पूर्व मंत्री राजा पीटर ने जदयू की सदस्यता ली है। माना जा रहा है कि पार्टी उन्हें तमाड़ सीट से उम्मीदवार बना सकती है। वहीं, पूर्वी जमशेदपुर के वर्तमान विधायक सरयू राय भी हाल ही में जदयू में शामिल हुए थे। वहीं खीरू महतो पूर्व में मांडू विधानसभा से विधायक भी रह चुके हैं।

## रेलवे स्टेशन से छह बच्चों का रेस्क्यू, एक गिरफ्तार

**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद स्टेशन के प्लेटफार्म छह और सात से बुधवार को आरपीएफ ने बिहार के गया और दुमका के छह बच्चों का रेस्क्यू किया है. गया के तीन बच्चों को आंध्रप्रदेश के राजमुंद्री और दुमका के तीन बच्चों को केरल बाल मजदूरी के लिए ले जाया जा रहा था. कार्रवाई के साथ इसकी सूचना आरपीएफ ने सीडब्ल्यूसी धनबाद को दी. गया के बच्चों के मामले में कैलाश मांझी नामक ट्रैफिकर को गिरफ़्तार किया गया है. दुमका के बच्चों के मामले में विल्सन नामक कथित दलाल मौके से फरार हो गया. आरपीएफ उसकी तलाश कर रही है. सीडब्ल्यूसी के अध्यक्ष उत्तम मुखर्जी ने मामले को लेकर स्टेशन परिसर में ही कैंप लगाकर निर्णय लिया. डीएलएसए सचिव राकेश रौशन ने छुट्टी का दिन होने के बावजूद लीगल सपोर्ट दिया. पीएलवी चंदन कुमार को सहयोग के लिए भेजा. श्री मुखर्जी ने बताया बिहार के गया के बच्चों को अंडा का ट्रे बनाने के काम में लगाया गया था, जबकि दुमका के बच्चों को केरल में सुपारी और नारियल की खेती में लगाया जाने वाला था. बच्चों ने बताया त्रिशुर का विल्सन प्रतिदिन प्रति बच्चा दो सौ रुपया वसूलता है. दोनों राज्यों में बड़ी तादाद में संतालपरना के बच्चे कार्यरत हैं. रेस्क्यू किए गये सभी बच्चों को बोकारो स्थित लड़कों के शेल्टर हाउस सहयोग विलेज में भेजा दिया गया. पूरे मामले में आरपीएफ़ इंस्पेक्टर पंकज कुमार के अलावा आरपीएफ़ अधिकारियों में बालिक मिंज़, आभाष कुमार सिंह , कुंदन कुमार, अभिमन्यु का योगदान रहा. स्टेशन परिसर में सीडब्ल्यूसी की कार्रवाई में पीएलवी चंदन कुमार, चाइल्ड हेल्प लाइन के नीतेश कुमार, काजल, अमित आदि का योगदान रहा।

# झारखंड में जदयू ने सेट कर लिया सीटों का टारगेट, नीतीश कुमार से हरी झंडी मिलने की देरी



**रांची, एजेंसी।** जदयू के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सदस्य खीरू महतो के नेतृत्व में पार्टी के प्रदेश नेताओं ने बुधवार को पटना में बिहार के मुख्यमंत्री सह पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार से मुलाकात की।

इस क्रम में खीरू महतो ने झारखंड में पार्टी की 11 विधानसभा सीटों पर चुनाव की पूरी तैयारी होने की जानकारी दी और एनडीए गठबंधन के तहत इन सीटों का दावा करने का अनुरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष से किया। कहा कि एनडीए गठबंधन के तहत इन सीटों पर पार्टी मजबूती से चुनाव लड़ सकती है।

इससे पहले खीरू महतो ने झारखंड के झरिया, टुंडी, मांडू, छतरपुर तथा मांडर विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी द्वारा सफलतापूर्वक कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित होने की रिपोर्ट सौंपी। इस दौरान झारखंड में होनेवाले विधानसभा चुनाव को लेकर उनके साथ चर्चा हुई।

सीटों की मांग पर नीतीश ने प्रदेश नेताओं को सकारात्मक आश्वासन देते हुए कहा कि इस मामले को लेकर पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा बहुत जल्द भाजपा के शीर्ष नेताओं के साथ बात करेंगे। उन्होंने इन सीटों पर तैयारी को और मजबूत करने के निर्देश भी दिए।

इस मौके पर बिहार सरकार के मंत्री सह झारखंड प्रभारी अशोक चौधरी भी उपस्थित थे। मिलने वाले प्रदेश नेताओं में मुख्य रूप से पूर्व मंत्री सुधा चौधरी, धनबाद जिलाध्यक्ष पिंटू कुमार सिंह, प्रदेश महासचिव दीप नारायण सिंह, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष निर्मल सिंह, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक सिन्हा तथा धनबाद नगर अध्यक्ष धनलाल दूबे सम्मिलित थे। बताते चलें कि नीतीश कुमार ने प्रदेश नेताओं को दावा करनेवाली सीटों पर कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित करने के निर्देश दिए हैं ताकि पता चल सके कि वहां पार्टी चुनाव लड़ने को कितना तैयार है। इन सम्मेलनों के आयोजन से पार्टी का दावा भी मजबूत होगा।

# झारखंड कांग्रेस ने सीएम हेमंत सोरेन को लिखा पत्र, दो कानूनों को कर दी रद्द करने की मांग




**रांची, एजेंसी।** झारखंड कांग्रेस के विधायक दल के नेता रामेश्वर उरांव व प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने बाते सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर लैंड बैंक और भूमि अधिग्रहण के संशोधित कानून को तुरंत रद्द करने की मांग की है. इसके अलावा दलित समुदायों के लिए जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने की प्रक्रिया को सरल बनाते हुए सबको जाति प्रमाण पत्र देने की मांग करने के साथ साथ भूमिहीन दलित परिवारों को जमीन पट्टा देने की मांग की है. पत्र में कहा गया है कि रघुवर दास सरकार ने झारखंड के 22 लाख एकड़ सामुदायिक जमीन को लैंड बैंक में डाल दिया था. इसके लिए ग्राम सभा की सहमति नहीं ली गयी थी. यह लैंड बैंक पेसा कानून का खुला उल्लंघन है. आदिवासी गांव में गांव की सामुदायिक भूमि का विशेष महत्त्व होता है. झारखंड कांग्रेस ने यह भी कहा है कि पूर्व की भाजपा सरकार द्वारा लागू की गयी भूमि अधिग्रहण कानून (झारखंड) संशोधन, 2017 के तहत निजी व सरकारी परियोजनाओं के लिए बिना ग्राम सभा की सहमति व बिना सामाजिक प्रभाव आंकलन के बहुफसलीय भूमि समेत निजी व सामुदायिक भूमि का जबरन अधिग्रहण करने का प्रावधान है. यह भी पेसा कानून का उल्लंघन है. पत्र में मांग किया गया है कि तुरंत लैंड बैंक और भूमि अधिग्रहण कानून (झारखंड) संशोधन, 2017 को तुरंत रद्द किया जाए. इसके अलावा कांग्रेस के इन दो नेताओं ने पत्र में दलित समुदायों को जाति प्रमाण पत्र बनवाने में हो रही समस्या का उल्लेख किया गया है. उन्होंने कहा है कि झारखंड में भुइयां, डोम, वाल्मीकि, बांसझोर समेत 27 सूचिबद्ध दलित (अनुसूचित जाति) जाति व उपजाति हैं. इनमें अधिकांश भूमिहीन हैं. राज्य के लाखों दलित परिवारों के सदस्य जाति प्रमाण पत्र से वंचित हैं. पत्र में मांग किया गया है कि तुरंत दलित समुदायों का जाति प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया को सरल किया जाए के साथ साथ जाति प्रमाण पत्र निर्गत किया जाए. साथ ही, भूमिहीन दलित परिवारों को ज़मीन का पट्टा दिया जाए।

# झामुमो का पीएम मोदी पर पलटवार, कहा- घुसपैठ और डेमोग्राफी चेंज की बात क्यों कर रहे, यह तो केंद्र का विषय

**रांची, एजेंसी।** हजारीबाग में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जनसभा में सत्तारूढ़ गठबंधन के विरुद्ध लगाए गए आरोपों पर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने पलटवार किया है। महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि घुसपैठ और डेमोग्राफी चेंज होने की बात प्रधानमंत्री क्यों कर रहे हैं? यह तो केंद्र सरकार का विषय है और उन्हें स्वयं इसपर जवाब देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के चेहरे पर आदिवासियों-मूलवासियों का भय साफ दिखा। इन्हें आदिवासी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से डर लगता है, क्योंकि राज्य में इनकी सरकार के दौरान तत्कालीन मुख्यमंत्री और भाजपा के वर्तमान अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और उनके सहयोगी सुदेश महतो ने ओबीसी का आरक्षण 27 से घटाकर 14 प्रतिशत कर दिया था। हमारी सरकार ने इसे फिर से 27 प्रतिशत करने संबंधी बिल पास कर दिया है।

झामुमो महासचिव ने कहा कि प्रधानमंत्री यहां आकर पेपर लीक की बात करते हैं। बीडीओ-सीओ के तबादले की बात करते हैं। उन्हें बताना चाहिए कि यूपी में 17 बार पेपर लीक क्यों हुआ और नीट का पेपर लीक गुजरात से क्यों हुआ? पीएम को हेमंत सोरेन से पांच लाख नौकरी पर सवाल करने से पहले यह बताना चाहिए कि हर साल दो करोड़ युवाओं को नौकरी देने के वादे का क्या हुआ। प्रथम जेपीएससी घोटाले की जांच केंद्र सरकार की जांच एजेंसी सीबीआइ कर रही है। प्रधानमंत्री को यह भी बताना चाहिए कि उस समय यहां किसकी सरकार थी और कौन मुख्यमंत्री थे।

# सांप्रदायिक शक्तियों को हराने के लिए एकजुटता जरूरी : दीपांकर



**धनबाद, एजेंसी।** भाकपा माले के गोविंदपुर प्रखंड पश्चिमी क्षेत्र के बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन बुधवार को बड़ाजमुआ में हुआ. मुख्य अतिथि भाकपा माले के केंद्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि मासस का भाकपा माले में विलय के बाद पूरे देश में सांप्रदायिक विरोधी, जनवादी ताकतों में खुशी की लहर है. इस खुशी को विधानसभा चुनाव में जीत में बदलना होगा. भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा को उत्तरी छोटानागपुर में भाकपा माले परास्त करके ही दम लेगी. सिंदरी में माले का दावा मजबूत बनता है. सांप्रदायिक शक्तियों को हराने के लिए एकजुटता जरूरी है. उन्होंने कार्यकर्ताओं से चुनाव की तैयारी में जुटने की अपील की. उन्होंने कहा कि भाजपा की नजर झारखंड के खनिज संपदा पर है. इसलिए भाजपा खरीद-फरोख्त करने पर तुली है. इसका उदाहरण चंपाई सोरेन हैं. सम्मेलन में पूर्व विधायक आनंद महतो, अरूप चटर्जी, प्रदेश सचिव मनोज भक्त, हलधर महतो, हरिप्रसाद पप्पू, आनंदमय पाल, जगदीश रवानी, कार्तिक हाड़ी, कृष्णा सिंह, चंद्रदेव उर्फ बबलू महतो, पिंकी देवी, श्वेता कुमारी आदि मुख्य रूप से मौजूद थे. मंच संचालन कार्तिक हाड़ी व धन्यवाद ज्ञापन गणेश प्रसाद चौरसिया ने किया. कार्यक्रम को सफल बनाने में विकास विश्वकर्मा, सारथी मंडल, धनेश्वर मंडल, अजय महतो, दिनेश महतो, शीतल दत्ता, राजन विश्वकर्मा, बिंदा महतो, बालेश्वर महतो, चंदन भूमिहार, पूर्व मुखिया लाला महतो, कृष्णा महतो, संजय महतो, सुधीर महतो, बबलू महतो, लालू महतो, भोला महतो, अरविंद महतो, विकास महतो आदि का सक्रिय योगदान रहा।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

## मिथुन को फाल्के

मिथुन चक्रवर्ती का भारतीय सिनेमा के सर्वोच्च सम्मान दादा साहेब फाल्के से सम्मानित होना इस देश में फिल्म कला ही नहीं, बल्कि कला के आम सर्वहारा पारखियों का भी सम्मान है। भारतीय सिनेमा के एक कद्दावर अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को प्यार से मिथुन दा या दादा कहकर संबोधित किया जाता है। अक्सर यह कहा जाता है कि मिथुन सिंगल स्क्रीन सिनेमा हॉल में अगली पंक्तियों में बैठने वाले दर्शकों के सुपरस्टार हैं, पर यह भी नहीं भूलना चाहिए कि उन्हें एक गंभीर सक्षम अभिनेता के रूप में भी देखा जाता है। साल 1978 में ख्यात निर्देशक मृणाल सेन के निर्देशन में अपनी पहली ही फिल्म मृगया के लिए उन्होंने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का राष्ट्रीय सम्मान हासिल किया था। सिने दुनिया में ऐसे गिने-चुने अभिनेता हुए हैं, जिन्होंने अपनी पहली ही कृति या प्रदर्शन के लिए राष्ट्रीय सम्मान जीता है और आगे चलकर व्यावसायिक रूप से बहुत कामयाब भी हुए हैं। दादा साहेब फाल्के सम्मान पाने वाले वह 54वें कलाकार हैं और उनको मिला यह सम्मान देश के हर वर्ग के लिए चर्चा योग्य समाचार है। वह अमीरों के भी हीरो हैं और गरीबों के भी। उनकी भाव-भंगिमा और जीवन शैली को देश में असंख्य लोगों ने अपनाया है। पहले विचार से नक्सली रहे मिथुन को सर्वश्रेष्ठ नर्तक के रूप में भी जाना जाता है और बंगाल की भूमि की ओर से वह भारतीय सिनेमा को एक ऐसे योगदान की तरह हैं, जिनको हिंदी सिनेमा में भुलाना मुश्किल है। बांग्ला, ओडिया, भोजपुरी सहित अनेक भाषाओं में फिल्में करने वाले मिथुन को बड़ी व्यावसायिक कामयाबी साल 1982 में डिस्को डांसर से मिली थी और उसके बाद उन्हें कभी पीछे मुड़कर देखने की जरूरत नहीं पड़ी। घर एक मंदिर, प्यार झुकता नहीं, गुलामी उनकी बहुचर्चित फिल्में हैं। नृत्य, गीत में बेहतरीन अभिनय के साथ, मारधाड़ के दृश्यों में स्वाभाविकता, भावपूर्ण दृश्यों में गहराई और चरित्रों में डूब जाने की कला उन्हें सबसे अलग खड़ा कर देती है। वह आम ईमानदार भारतीयों के सशक्त प्रतिनिधि बन जाते हैं। मिसाल के लिए, फिल्म अग्निपथ में उनकी छोटी भूमिका को देखा जा सकता है। मिथुन के बारे में यह कहा जा सकता है कि वह जहां भी खड़े हो जाते हैं, अपने लिए मुकम्मल जगह बना लेते हैं और सबका ध्यान खींच लेते हैं। पैसों के सदुपयोग के मोर्चे पर भी वह एक आदर्श कारोबारी हैं।

## फिर सुलगती पराली

खेतों में धान की बालियों की कटाई के बाद खड़े-बचे सूखे पौधों अर्थात पराली को जलाने का घातक क्रम फिर शुरू हो गया है। उत्तर भारत के एक बड़े इलाके में इस मौसम में वायु प्रदूषण का घना प्रकोप रहता है और एक समय ऐसा आ जाता है, जब घर से बाहर निकलने में भी परेशानी होने लगती है। अभी अक्तूबर का महीना शुरू भी नहीं हुआ है, पर खेतों को जल्दी से जल्दी गेहूं की फसल के लिए तैयार करने की होड़ में पंजाब-हरियाणा के किसान फिर खेतों में आग लगाने पर आमादा हैं। ऐसे में, प्रशंसनीय है कि सर्वोच्च न्यायालय ने समय रहते संज्ञान लिया है और वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के कामकाज को लेकर नाराजगी जताई है। न्यायालय ने कहा कि पराली जलाने से निपटने के लिए आयोग को एक सक्रिय दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है। आयोग अपने आदेशों को जमीन पर उतारने में बहुत हद तक नाकाम रहा है। ऐसे में, न्यायालय की नाराजगी सराहनीय व स्वागत के योग्य है। संज्ञान में यह बात भी आई है कि पिछले साल की तुलना में इस बार ज्यादा मात्रा में पराली दहन हो रहा है।न्यायाधीश अभय एस ओका की अध्यक्षता वाली पीठ ने साफ कहा है कि आयोग ने कुछ कदम उठाए है, पर और ज्यादा सक्रिय होने की जरूरत है। आप मूकदर्शक के रूप में काम कर रहे हैं। आयोग को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उसके प्रयास और निर्देश वास्तव में प्रदूषण को घटा सकें। आयोग की जितनी बैठकें होनी चाहिए, उतनी नहीं हो रही हैं। आयोग ने प्रदूषण की रोकथाम के लिए 82 निर्देश जारी किए हैं, पर यह सुनिश्चित नहीं किया कि सभी निर्देशों की पालना हो। आयोग को अधिकारियों के खिलाफ आपराधिक मुकदमा चलाने, प्रदूषण फैलाने वाली इकाइयों को बंद करने और उसके आदेशों का पालन न करने पर मुआवजा चुकाने का निर्देश देने का अधिकार है। अगर विभिन्न राज्यों में प्रदूषण की रोकथाम से संबंधित अधिकारियों ने आदेशों-निर्देशों को नहीं माना है, तो उनके खिलाफ आपराधिक कार्रवाई करने की तकलीफ आयोग ने नहीं उठाई है। ऐसे में, सर्वोच्च न्यायालय ने दो टूक पूछा है कि अगर आयोग अपने निर्देशों की पालना नहीं करा पा रहा है, तो उसके निर्देशों का क्या महत्व है? अच्छे नेता, अच्छी संस्था, अच्छे निर्देश-आदेश का लाभ अगर प्रदेश-देश को न मिले, तो यह अफसोस और दुख की बात है।

# स्वच्छ भारत अभियान का एक दशक

(उमेश चतुर्वेदी)

स्वच्छ भारत अभियान के एक दशक पूरे हो गए हैं। इस दौरान स्वच्छता के मोर्चे पर देश ने बहुत कुछ हासिल किया है। ऐसा नहीं कि भारत में स्वच्छता की अवधारणा नहीं रही है। भारत के प्राचीन ग्रंथ,सामाजिक व्यवस्था और मंदिर संस्कृति की परंपराएं स्वच्छता की भारतीय धारा की गवाह हैं। साल 1901 के कोलकाता के कांग्रेस अधिवेशन में दक्षिण अफ्रीका से हिस्सा लेने पहुंचे गांधी को अजीब अनुभव हुआ। प्रतिनिधियों को ठहरने वाले शिविर में सफाई की हालत बेहद खराब थी। कई प्रतिनिधि ऐसे थे, जिन्होंने उन कमरों के बाहर बने बरामदे का ही शौचालय के रूप में इस्तेमाल कर दिया। दुर्गंध और गंदगी के बावजूद दूसरे प्रतिनिधियों को इस पर कोई ऐतराज नहीं था। लेकिन गांधी जी से बर्दाश्त नहीं हुआ। तब तक वे पश्चिमी वेशभूषा में रहते थे। अधिवेशन में सहयोग के लिए तैनात स्वयंसेवकों से गांधी जी ने स्वच्छता की बाबत बात की, तो उन्होंने टका-सा जवाब दे दिया था, 'यह हमारा काम नहीं है, यह सफाईकर्मी का काम है।' गांधी जी से बर्दाश्त नहीं हुआ। उन्होंने अपने कपड़े उतारे, झाड़ू मंगवाई और वहां मौजूद गंदगी साफ को साफ करने में जुट गए। सफाई के बाद वे फिर से कोट-पैंट में आ गए। भारतीय राजनीति में तब तक गांधी का सितारा बहुत नहीं चमक पाया था। लेकिन उन्होंने राजनीति की दुनिया में सफाई के विचार का बीज रोप दिया। कोलकाता अधिवेशन में दिखी गंदगी का ही असर कह सकते हैं कि बाद के दिनों में उन्होंने विचार दिया, स्वतंत्रता से ज्यादा जरूरी स्वच्छता है। गांधी के रचनात्मक शिष्यों यथा बिनोबा, ठक्कर बापा आदि ने स्वच्छता और सफाई के इस गुर को बहुत आगे बढ़ाया। लेकिन जिसे मुख्यधारा की राजनीति कहते हैं, उसने स्वच्छता के गांधीवादी दर्शन को उसी रूप में बाद में शायद ही स्वीकार किया। इन संदर्भों में देखें तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले राजनेता हैं, जिन्होंने अहम जिम्मेदारी संभालते हुए स्वच्छता और शौचालय क्रांति की बात की। शायद ही किसी ने सोचा होगा कि कोई प्रधानमंत्री लालकिले की प्राचीर से शौचालय क्रांति की बात करेगा। लेकिन मोदी ने ना सिर्फ शौचालय क्रांति की, बल्कि इसके डेढ़ महीने बाद गांधी जी की जयंती पर 2 अक्टूबर 2014 को खुद ही फावड़ा और झाड़ू उठा लिया। इसके साथ ही देश के सामने एक नया अभियान आया, 'स्वच्छ भारत अभियान'। स्वच्छ भारत अभियान के एक दशक पूरे हो गए हैं। इस दौरान स्वच्छता के मोर्चे पर देश ने बहुत कुछ हासिल किया है। ऐसा नहीं कि भारत में स्वच्छता की अवधारणा नहीं रही है। भारत के प्राचीन ग्रंथ,सामाजिक व्यवस्था और मंदिर संस्कृति की परंपराएं स्वच्छता की भारतीय धारा की गवाह हैं। यह कह सकते हैं कि बाद के दिनों में भारतीय स्वच्छता सिर्फ व्यक्तिगत स्वच्छता तक सीमित होकर रह गई थी। भारतीयों के एक बड़े वर्ग की सोच सफाई को लेकर ज्यादा निजी थी। शायद ही कोई भारतीय घर होगा, जहां रोजाना झाड़ू ना लगती हो। स्वच्छ भारत अभियान के पहले होता यह था कि झाड़ू लगती तो थी,लेकिन कूड़ा गली में या सड़क पर या सार्वजनिक जगहों पर फेंक दिया जाता था। प्रधानमंत्री मोदी के स्वच्छ भारत अभियान के शुरू करने के बाद इस सोच में बदलाव आया है। वैसे मानव स्वभाव कोई बिजली का बल्ब नहीं है कि बटन दबाया और जल या बुझ जाएगा। उसमें बदलाव आने में देर होती है। बदलाव को वह जल्दी से स्वीकार नहीं कर पाता। इसीलिए स्वच्छता के मोर्चे पर हम देखते हैं कि सौ प्रतिशत सफलता हासिल नहीं की जा सकी है। रेलवे लाइनों के किनारे पड़े कूड़े के अंबार अब भी बने हुए हैं। लेकिन स्वच्छ भारत अभियान के दस वर्षों में यह सोच जरूर विकसित हुई है कि निजी ही नहीं, सार्वजनिक स्वच्छता जरूरी है। नई पीढ़ी के बच्चे तो अब बड़े-बड़ों को सार्वजनिक गंदगी के लिए टोक देते हैं। स्वच्छता को लेकर महात्मा गांधी ने कहा था, 'मैं किसी को भी अपने दिमाग़ से गंदे पैर लेकर नहीं गुज़रने दूँगा।' गांधी के इस दर्शन पर भी चलते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारत अभियान शुरू करते हुए कहा था, 'न मैं गंदगी करूंगा, न मैं गंदगी करने दूंगा।' सार्वजनिक समारोहों में उनकी यह सोच अक्सर परिलक्षित होती है। किताब आदि के विमोचन के दौरान रैपर आदि को वे मोड़कर अपनी जेब में रख लेते हैं। इससे देश के अधिसंख्य लोगों ने प्रेरणा ली है और उस पर अमल भी कर रहे हैं। स्वच्छता अभियान की सफलता ही कहेंगे कि देश के बारह करोड़ घरों में शौचालय बन चुके हैं। स्वच्छ भारत अभियान की एक दशक की यात्रा में न केवल शौचालय कवरेज में भारी वृद्धि हुई है, बल्कि खुले में शौच की कुप्रथा तकरीबन खत्म हो गयी है। स्वच्छता का मतलब सिर्फ सफाई ही नहीं, खाने-पीने की चीजें भी स्वच्छ होनी चाहिए। इस लिहाज से हर घर नल जल योजना को भी स्वच्छ भारत अभियान से जोड़ सकते हैं। जिसके तहत पाइप से स्वच्छ पानी की आपूर्ति की कवरेज दस सालों में 16 प्रतिशत से बढ़कर 78 प्रतिशत हो गई है। देश में धुएं के प्रदूषण से महिलाओं को रोजाना दो-चार होना पड़ता था। उज्ज्वला योजना के जरिए इस दिशा में स्वच्छ भारत अभियान को सफल कहा जा सकता है। इस योजना के तहत 11 करोड़ घरों में रसोई गैस का कनेक्शन पहुंच चुका है। स्वच्छ भारत अभियान से स्वास्थ्य के मोर्चे पर बड़ा बदलाव आया है। हालही में विश्व प्रसिद्ध पत्रिका नेचर में स्वच्छ भारत अभियान के बाद आए भारत में बदलावों के शोध पर आधारित एक लेख छपा था। इससे पता चलता है कि स्वच्छ भारत अभियान गेम चेंजर बन गया है। नेचर पत्रिका में प्रकाशित आलेख कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के अंतर्राष्ट्रीय खाद्य नीति अनुसंधान संस्थान और ओहियो स्टेट यूनिवर्सिटी के एक शोध पर आधारित है। जिससे पता चलता है कि खुले में शौच की कुरीति खत्म होने के बाद और शौचालय क्रांति से देश में शिशु मृत्यु दर में कमी आई है। शोध पत्र में कहा गया है कि खुले में शौच की कुरीति के खत्म होने से हर वर्ष करीब 60 हजार से 70 हजार शिशुओं की मृत्यु को रोकने में सफलता मिली है। शोध पत्र के अनुसार, वर्ष 2000 से 2015 की तुलना में वर्ष 2015 और 2020 के बीच शिशु मृत्यु दर एक तिहाई रह गई...इसके आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2000 और 2015 के बीच शिशु मृत्यु दर में जहां तीन प्रतिशत वार्षिक की गिरावट रही, वहीं बाद में यह गिरावट आठ से नौ प्रतिशत ज्यादा हुई। इसी तरह 2000 और 2015 के बीच की तुलना में बाद के वर्षों में शिशु मृत्यु दर में 10 प्रतिशत तक की गिरावट आई है। इस लेख मुताबिक, साल 2014 में शिशु मृत्यु दर जहां 39 अंक थी।

> *स्वच्छता अभियान की सफलता की कहानी विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट भी करती है। इस रिपोर्ट के अनुसार, स्वच्छता अभियान के चलते 2014 से 2019 के बीच डायरिया से होने वाली मौत के करीब तीन लाख मामले कम हुए, जो इसके पहले की अवधि में ज्यादा थे। इसी रिपोर्ट के मुताबिक, खुले में शौच की कुरीति खत्म होने से हर परिवार के स्वास्थ्य पर होने वाले करीब 50 हजार रूपए सालाना के खर्च की बचत हुई है।*

# वन नेशन वन इलेक्शन आज के भारत की आवश्यकता

(प्रह्लाद सबनानी)

किसी भी देश की लोकतंत्रीय प्रणाली में समय पर चुनाव कराना एक महत्वपूर्ण कार्य होता है। चुनाव किस प्रकार हों, समय पर हों एवं सही तरीके से हों, इसका बहुत महत्व होता है। परंतु देश में चुनाव बार बार होना भी अपने आप में ठीक स्थिति नहीं कही जा सकती है। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारत में लोकसभा एवं विभिन्न प्रदेशों की विधानसभाओं के चुनाव एक साथ ही होते रहे हैं। परंतु केंद्र सरकार द्वारा कुछ विधानसभाओं को 1950 एवं 1960 के दशक में इनकी अवधि समाप्त होने के पूर्व ही भंग करने के चलते कुछ विधानसभाओं के चुनाव लोकसभा से अलग कराने की आवश्यकता पड़ी थी, उसके बाद से लोकसभा, विभिन्न राज्यों की विधानसभाओं एवं स्थानीय स्तर पर नगर निगमों, निकायों एवं पंचायतों के चुनाव अलग अलग समय पर कराए जाने लगे। आज स्थिति यह निर्मित हो गई है कि लगभग प्रत्येक सप्ताह अथवा प्रत्येक माह भारत के किसी न किसी भाग में चुनाव हो रहे होते हैं। ऐसा कहा जा रहा है कि पिछले पांच वर्षों के दौरान प्रत्येक वर्ष केवल 65 दिन ऐसे रहे हैं जब भारत के किसी स्थान पर चुनाव नहीं हुए हैं। किसी भी देश में चुनाव कराए जाने पर न केवल धन खर्च होता है बल्कि जनबल का उपयोग भी करना पड़ता है। जनबल का यह उपयोग एक तरह से अनुत्पादक श्रम की श्रेणी में गिना जाना चाहिए क्योंकि इस प्रकार के श्रम से किसी प्रकार का उत्पादन तो होता नहीं है परंतु एक तरह से श्रमदान जरूर करना होता है। यह श्रम यदि बचाकर किसी उत्पादक कार्य में लगाया जाय तो केवल कल्पना ही की जा सकती है कि इस श्रम से देश के सकल घरेलू उत्पाद में अतुलनीय वृद्धि दर्ज की जा सकती है। अमेरिकी थिंक टैंक के एक अर्थशास्त्री के अनुसार, देश में बार बार चुनाव कराए जाने के चलते उस देश का सकल घरेलू उत्पाद लगभग एक प्रतिशत से कम हो जाता है। चुनाव कराने के लिए होने वाले खर्च पर भी यदि विचार किया जाय तो भारत में केवल लोकसभा चुनाव कराने के लिए ही 60,000 करोड़ रुपए का खर्च किया जाता है। आप कल्पना कर सकते हैं इस राशि में यदि विभिन्न प्रदेशों की विधानसभाओं, नगर निगमों, निकायों एवं ग्राम पंचायतों के चुनाव पर किए जाने वाले खर्च को भी जोड़ा जाय तो खर्च का यह आंकड़ा निश्चित ही एक लाख करोड़ रुपए के आंकडें को पार कर जाएगा। उक्त बातों के ध्यान में आने के पश्चात केंद्र सरकार ने विचार किया है कि भारत में 'वन नेशन वन इलेक्शन' के नियम को लागू किया जाना चाहिए। इस विचार को आगे बढ़ाने एवं इस संदर्भ में नियम आदि बनाने के उद्देश्य से भारत के पूर्व राष्ट्रपति माननीय श्री रामनाथ कोविंद जी की अध्यक्षता में एक विशेष समिति का गठन किया गया था। इस समिति ने अपनी रिपोर्ट हाल ही में राष्ट्रपति/केंद्र सरकार को सौंप दी है। इसके बाद, केंद्र सरकार के मंत्रिमंडल की समिति ने इस रिपोर्ट को स्वीकृत कर लिया है एवं इसे अब लोकसभा एवं राज्यसभा के सामने विचार के लिए प्रस्तुत किया जाएगा। किसी भी देश की लोकतंत्रीय प्रणाली में समय पर चुनाव कराना एक महत्वपूर्ण कार्य होता है। चुनाव किस प्रकार हों, समय पर हों एवं सही तरीके से हों, इसका बहुत महत्व होता है। परंतु देश में चुनाव बार बार होना भी अपने आप में ठीक स्थिति नहीं कही जा सकती है। विश्व के कई देशों, यथा स्वीडन, ब्राजील, बेलजियम, दक्षिण अफ्रीका, आदि में समस्त प्रकार के चुनाव एक साथ ही कराए जाने के नियम का पालन सफलतापूर्वक किया जा रहा है। चुनाव एक साथ कराने के कई फायदे हैं जैसे इन देशों में चुनाव कराने सम्बंधी खर्चों पर नियंत्रण रहता है। दूसरे, सुरक्षा हेतु पुलिसकर्मियों एवं चुनाव करवाने के लिए स्थानीय कर्मचारियों की बड़ी मात्रा में आवश्यकता को कम किया जा सकता है। तीसरे, देश में चुनाव एक साथ कराने से अभिशासन पर अधिक ध्यान दिया जा सकता है एवं चौथे विभिन्न स्तर के चुनाव एक साथ कराने से चुनाव में वोट डालने वाले नागरिकों की संख्या में निश्चित ही वृद्धि होती है क्योंकि नागरिकों को मालूम होता है कि पांच साल में केवल एक बार ही वोट डालना है।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5511

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | 4 | | 6 | | |
| 9 | | | | | | | | 3 |
| 1 | | | | | 3 | | 4 | 5 |
| 5 | 6 | | | 7 | | 1 | | |
| | | 4 | 8 | | 5 | 9 | | |
| | | 1 | | 6 | | | 5 | 2 |
| 6 | 9 | | 5 | | | | | 1 |
| 4 | | | | | | | | 9 |
| | | 8 | | 9 | 6 | | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5510

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 1 | 6 | 9 | 2 | 3 | 5 | 8 | 7 |
| 5 | 8 | 2 | 4 | 1 | 7 | 6 | 9 | 3 |
| 3 | 9 | 7 | 6 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 6 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 1 | 5 | 8 | 3 | 7 | 2 | 9 | 4 | 6 |
| 6 | 2 | 4 | 8 | 5 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 9 | 7 | 3 | 2 | 4 | 1 | 8 | 6 | 5 |
| 2 | 6 | 1 | 5 | 9 | 8 | 3 | 7 | 4 |
| 8 | 4 | 5 | 7 | 3 | 6 | 1 | 2 | 9 |

## वर्ग पहेली 5511

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | 3 | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | | ■ | 6 | | ■ | |
| 7 | 8 | | | ■ | 9 | 10 | |
| 11 | | | ■ | 12 | | | ■ |
| ■ | | ■ | 13 | | ■ | 14 | |
| 15 | | 16 | ■ | 17 | 18 | | ■ |
| 19 | | | 20 | ■ | 21 | | 22 |
| | | ■ | 24 | | | ■ | |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. भारत में पहली बार इस राज्य में विद्युत मंडल प्रारंभ किया था (6)
6. धिक्कार, दुत्कार, झिड़की (2)
7. रईस, मालदार, जिसके पास अपार संपत्तिह हो (4)
9. भक्त का अपभ्रंश (3)
11. रमण करना, लिप्त होना (3)
12. जो पर्वत पर उत्पन्न हो (3)
13. चंद्रमास का एक पक्ष, कृष्ण पक्ष, अकल्याण, अपकार (2)
14. अकल्याणकारी, दुश्चरित्र, दुष्कर्मी (2)
15. स्वास्थ्य, तंदरूस्ती, आरोग्य (3)
17. सहयोग, सहायता, इमदाद (3)
19. हल्का बुखार, ज्वरांश (4)
21. गहन चिंतन करने का भाव, अध्ययन करना (3)
23. दशरथ के पुत्र जो दस अवतारों में से एक माने जाते है (2)
24. पुराणानुसार भगवान विष्णु का पांचवां अवतार जो राजा बलि को छलने के लिए हुआ था (3)

**(ऊपर से नीचे**

1. पक्ष लेने वाला, पक्षपाती, हिमायती (4)
2. मानने को प्रेरित करना, मानने का काम करवाना (4)
3. विश्वामित्र के पिता तथा कुशिक राजा के पुत्र का नाम (2)
4. प्रायः, करीब-करीब (4)
5. आराम, चैन, सुख (3)
8. उपकार न मानने वाला, कृतघ्न (6)
10. जिसका बदन हाथी के जैसा हो (5)
12. पास बैठने वाला, पार्श्ववर्ती (3)
15. विवाह का मुकुट, मौर (3)
16. अधिक गीला, अतिआर्द्र (2)
18. बर्बरतापूर्वक दबाने की क्रिया, बलपूर्वक शांत करने का भाव (3)
20. रसोई घर से संबंधित एक पात्र, नर्मदा की एक सहायक नदी (2)
22. ईशदूत, पैगम्बर, रसूल (2)

### वर्ग पहेली 5510 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रा | नी | ल | क्ष्मी | बा | ई | ■ | भ |
| म | म | ता | ■ | व | श | व | र्ती |
| च | ■ | ■ | ता | न | ■ | त | ■ |
| रि | रा | ई | ■ | ग | ब | न | ■ |
| त | ■ | मा | ■ | जा | ■ | प | क्ष |
| मा | ■ | न | बी | ■ | भ | र | त |
| न | र्म | दा | ■ | प | रा | स्त | ■ |
| स | ■ | र | ■ | ना | व | ■ | जौ |

# आज का राशिफल

### मेष
आज दिन मिलाजुला रहेगा और आप अपने काम पर फोकस कर पाएंगे। किसी वाद विवाद को पकड़कर आपको अपने सहयोगियों और वरिष्ठ अधिकारियों से ज्यादा तर्क वितर्क नहीं करना चाहिए। कारोबार और व्यापार में जो उतार चढ़ाव आया है उसे संभालकर हेंडल करें। यदि आपको सफल होना है तो इस दौर में जो हालात हैं उनके साथ समझौता करना ही बुद्धिमानी होगी।

### वृष
आज आप फालतू बातों पर ध्यान न दें और अपने काम पर ध्यान दें। आपको बिना किसी शंका और विचार के अपने कर्तव्य पर व्यस्त रहना चाहिए। काम किसी भी स्तर का हो या यदि आप उसे सफलता से पूरा कर देंगे तो आपकी छवि में सुधार होगा। आपके लिए लाभ के योग हैं और आपकी तरक्की से आपको आनंद की प्राप्ति होगी।

### मिथुन
आज का दिन अच्छा होगा और शुभ कार्य में आपको सफलता प्राप्त होगी। आपके भाग्य की रुकावटें दूर होंगी और आपको हर कार्य में सफलता मिलने से लाभ होगा। यदि आप अपना गृहस्थ जीवन सही तरीके से व्यतीत करना चाहते हैं तो जीवन साथी के प्रति ईमानदार होना जरूरी है।

### तुला
आज करियर के मामले में दिन तरक्की से भरा होगा। आपका काम करने का तरीका नया है। किसी भी जटिल कार्य को आसानी से पूरा कर देने में आपको ज्यादा वक्त नहीं लगता है। आज भी किसी ऐसी ही समस्या पर वरिष्ठ अधिकारियों का ध्यान आपके ऊपर जाएगा जिससे आपको फायदा मिलेगा। आपकी योग्यता की तारीफ होगी और आपकी बातों को तवज्जो दी जाएगी।

### वृश्चिक
आज दिन मिलाजुला रहेगा और आपके रुके कार्य पूर्ण होने से आपको खुशी होगी। कोई आपके अधिकार क्षेत्र में कोई घुसने की कोशिश कर सकता है। अपना वर्चस्व कायम रखना आपकी पुरानी आदत है। इसलिए आप भी पूरा मोर्चा लेंगे। कभी कभी इसके कारण आप आलोचना का शिकार भी हो सकते हैं। आप एक अच्छे अधिकारी बन सकते हैं।

### धनु
आज ऊपर काम का काफी बोझ रहेगा और आपकी कोई जिम्मेदारी पूरी नहीं हो पाएगी। आपके कार्य अधूरे रहेंगे और इस कारण से आपका काम करने में मन नहीं लगेगा। किसी भारी काम का बोझ आज आपके ऊपर आ सकता है इसके लिए आपको अपने काम से छुट्टी लेनी पड़े। यदि आप किसी उद्योग संचालन कर रहे हैं तो छोटे कर्मचारियों की गतिविधियों पर भी नज़र रखना न भूलें।

### कर्क
आज दिन लाभ से भरा होगा और आपके अंदर खूब सारी एनर्जी और उत्साह का संचार होगा। छुट्टी के बावजूद खूब सारा काम निपटा देने की इच्छा करेगी। लेकिन आपके कार्यक्षेत्र में काम उतनी स्पीड से नहीं चल रहा होगा जितना बाकी में चलता है। आपको सारी चीजें अपने कंट्रोल में लेनी पड़ सकती है। अपने गुस्से पर काबू रखें।

### सिंह
आज करियर और कारोबार के मामले में काफी जद्दोजहद करनी पड़ सकती है। लंबे समय संघर्ष करने के बाद अब आपको लगेगा कि कहीं बैठकर एकांत में कुछ समय गुजारना चाहिए। अपनी सेहत पर ध्यान दें और अधिक से अधिक वक्त काम के बाद अपने परिवार के साथ बिताएं। मानसिक स्वास्थ्य ठीक नहीं रहेगा तो परिश्रम करने में कठिनाई होगी।

### कन्या
आज करियर में लाभ और सफलता प्राप्त होगी। धन कमाने के लिए कई प्रकार के रास्ते आपको नज़र आएंगे। आपके सहयोगी और पार्टनर इस बात पर मतभेद रख सकते हैं कि कमाई करने के लिए कोई भी रास्ता बुरा नहीं है। किसी भी प्रतियोगिता में हार जीत होती रहती है।

### मकर
आज दिन परेशानियों वाला रहेगा और आप सुबह से उदास रहेंगे। कुछ अजीब सा माहौल आपके आगे पीछे बना रहेगा। घर के दैनिक कार्य भी कुछ अड़चनों के बाद ही पूरे हो रहे हैं। काफी दिनों से व्यापार व्यवसाय की स्थितियां भी नाजुक चल रही हैं। व्यापार क्षेत्र में जो उतार चढ़ाव आया है वह सिर्फ आपके लिए ही नहीं है। आपको हर कार्य में सफलता प्राप्त होगी और योजनाएं सफल होंगी।

### कुंभ
आज करियर के मामले में दिन परेशानियों वाला रहेगा। आपको काफी जद्दोजहद करनी पड़ सकती है और किसी कार्य को करने में आपको काफी मेहनत करनी पड़ेगी। कारोबार की कुछ ऐसी ही उलझन आपको परेशान कर रही है। यदि आप अपना मार्ग सरल और सीधा बनाना चाहते हैं तो आप वही करें जिसमें तत्काल लाभ नहीं मिलता है। आपके लिए लाभ के योग हैं आपकी तरक्की होगी।

### मीन
आज काफी भागदौड़ करनी पड़ेगी और इस वजह से आपका काफी धन भी खर्च होगा। धन कमाने के ये जोखिम भरे कदम सभी को रास आते तो लोग मेहनत मजदूरी क्यों करते। बेहतर है आप कारोबार के अपने रास्ते पर उतर जाएं और आए दिन जो नुकसान हो रहा है उससे बचने की कोशिश करें। आपको दूसरों की बातों पर ध्यान देने की बताए अपने काम पर फोकस करें।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस कार्यकर्ता ने उतारे सिद्धारमैया के जूते, हाथ में था तिरंगा, अब माफी की मांग कर रही भाजपा

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कांग्रेस के एक कार्यकर्ता द्वारा हाथ में तिरंगा लिए हुए कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के पैरों से जूते उतारने का कथित वीडियो सामने आया है। इसके बाद भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बी.वाई. विजयेंद्र ने बुधवार को सिद्धारमैया और सत्तारूढ़ पार्टी से देश और राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने के लिए लोगों से माफी मांगने को कहा। यह घटना उस समय हुई जब मुख्यमंत्री महात्मा गांधी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि देने पहुंचे थे। वीडियो में पार्टी कार्यकर्ता जब मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के जूते उतार रहा था तब मौके पर मौजूद एक अन्य व्यक्ति को पार्टी कार्यकर्ता के हाथों से झंडा लेते हुए देखा गया। यह कथित वीडियो 'एक्स' पर साझा करते हुए विजयेंद्र ने मुख्यमंत्री पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, गुलामी की जंजीरों से मुक्त होकर भारत आज विश्व में अग्रणी राष्ट्र है। राष्ट्रवाद, राष्ट्रीय ध्वज, राष्ट्रभक्त ये सब कांग्रेस के लिए हमेशा निरर्थक रहे हैं।

### हरियाणा चुनाव से पहले कोर्ट ने कांग्रेस उम्मीदवार को लगाई फटकार

**चंडीगढ़, एजेंसी।** पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले का सामना कर रहे कांग्रेस विधायक धर्म सिंह छोकर को आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा है कि ऐसा ना करने की स्थिति में उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाना चाहिए। पानीपत के एक सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा दायर की गई याचिका की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने ये टिप्पणी की है। याचिका में कहा गया कि एजेंसियां धर्म सिंह छोकर के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रही हैं। उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी होने के बावजूद वह हरियाणा विधानसभा चुनाव से पहले अपने निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव प्रचार कर रहे थे। धर्म सिंह छोकर 5 अक्टूबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में पानीपत के समालखा सीट से दोबारा चुनाव लड़ रहे हैं।

### रोहित शर्मा और टीम ने इस वीकेंड नेटफ्लिक्स के द ग्रेट इंडियन कपिल शो में अपने टी20 जीतने की खुशी को फिर से महसूस किया

**मुंबई, एजेंसी।** भारत जैसे क्रिकेट के प्रति जुनूनी देश में, वर्ल्ड कप जीतने की खुशी की बराबरी शायद कुछ पल ही कर सकता है - खास तौर पर जब यह टी20 वर्ल्ड कप हो। इस साल, भारतीय क्रिकेट टीम ने ऐसा ही करके इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया। नेटफ्लिक्स के द ग्रेट इंडियन कपिल शो के सीजन 2 के एपिसोड में, वर्ल्ड कप चैंपियन ने कई मजेदार और दिल को छू लेने वाले किस्से सुनाए, जिससे दर्शकों को ऐसा लगा कि मानो क्रिकेट टीम खुद ट्रॉफी पकड़े हुए उनके सामने हैं। रोहित शर्मा ने मस्ती की शुरुआत की, फिनाले के बाद कैरिबियन में हुए एक अनोखे रोमांच का खुलासा किया। तूफान के कारण बारबाडोस से उनके प्रस्थान में देरी हुई, इसलिए प्रत्येक खिलाड़ी को अपने होटल के कमरे में ट्रॉफी के साथ 15 मिनट बिताने का मौका मिला। रोहित ने हंसते हुए कहा, कोई ट्रॉफी लेकर सोए, तो किसी ने ट्रॉफी के साथ सेल्फी ली... इनमें से सबसे मज़ेदार क्या था? सूर्यकुमार यादव और उनकी पत्नी की एक मजेदार फोटो, जिसमें ट्रॉफी उनके बीच रखी हुई थी, जिसे कपिल शर्मा ने दर्शकों को दिखाने के लिए तैयार की थी। दूसरी ओर, अर्शदीप सिंह को ट्रॉफी के साथ उतना समय बिताने का मौका नहीं मिला, जितनी उन्हें उम्मीद थी। अर्शदीप सिंह ने कहा, 10 मिनट के लिए, मैं अपने माता-पिता के साथ था। मेरे पिताजी हमारी फोटो व्हाट्सएप ग्रुप पर शेयर कर रहे थे, और मेरी माँ ने इसे अपने व्हाट्सएप स्टेटस पर रखा था। मैं ट्रॉफी के साथ सिर्फ़ 1 या 2 फोटो ही ले पाया। अक्षर पटेल ने दर्शकों को जीत के बाद के अवास्तविक अनुभव के बारे में बताया । बारबाडोस में फंसे, नाश्ते और दोपहर के भोजन के लिए कतार में खड़े क्रिकेट टीम को ऐसा बिल्कुल भी नहीं लग रहा था कि वे अभी-अभी वर्ल्ड चैंपियन बने हैं। जब तक हम भारत वापस नहीं आए, तब तक हमें इसका एहसास ही नहीं हुआ लेकिन सबसे बड़ा सरप्राइज क्या था? अंग्रेजी में इंटरव्यू देना! उन्हें मोहम्मद सिराज की कही बात याद आयी, सिराज ने कहा कि डीके (दिनेश कार्तिक) भाई ने मेरा इंटरव्यू अंग्रेजी में लिया। अक्षर ने मज़ाक में कहा, बहुत सारे लोग हैं जो अंग्रेजी बोलते हैं, मुझे समझ नहीं आता कि हमें क्यों चुना गया! मैंने इंटरव्यू दिया, लेकिन मैंने जो कहा उसका आधा भी मुझे नहीं पता।

## नवरात्रि के पहले दिन भारत की भूमि से शुरू हुए कैलाश पर्वत के पवित्र दर्शन

निज संवाददाता | देहरादून





भारत की भूमि से ही पवित्र कैलाश पर्वत के दर्शन करने का शिव भक्तों का सपना आज पूरा हो गया है। नवरात्रि के पहले दिन यात्रियों के पांच सदस्यीय दल ने पिथौरागढ़ जिले में स्थित ओल्ड लिपुलेख से माउण्ट कैलाश के दर्शन किए। कैलाश पर्वत के दिव्य दर्शन से श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे। केन्द्र सरकार से हरी झण्डी मिलने के बाद श्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व वाली उत्तराखण्ड सरकार ने यात्रा के सफल संचालन के लिए कमर कस ली थी। कुमाऊं मण्डल विकास निगम ने इसके लिए बाकायदा एक टूर पैकेज घोषित किया है। उत्तराखण्ड विकास परिषद की पहल पर कुमाऊं मण्डल विकास निगम ने माउण्ट कैलाश के दर्शन के लिए 5 दिवसीय टूर पैकेज बनाया है। इस पैकेज में भगवान शिव के दो अन्य धाम आदि कैलाश एवं ऊँ पर्वत के दर्शन भी सम्मिलित हैं। पैकेज के तहत यात्रियों के पहले 5 सदस्यीय ग्रुप ने आज गुरुवार को माउण्ट कैलाश के दर्शन किए। यात्रियों के ग्रुप को बीते बुधवार को हैलीकॉप्टर के माध्यम से पिथौरागढ़ के गूंजी नामक स्थान पर पहुँचाया गया। आज गुरुवार को सभी यात्रियों को सड़क मार्ग द्वारा ओल्ड लिपुलेख से ॐ पर्वत और माउण्ट कैलाश के दर्शन कराये गये। कल इन सभी यात्रियों को जौलिकाँग से आदि कैलाश के दर्शन करवाकर गूंजी में रात्रि विश्राम करवाया जायेगा। इसके बाद 5 अक्टूबर को सभी यात्रियों को हैलीकॉप्टर के माध्यम से वापस पिथौरागढ़ वापस पहुँचाया जायेगा। इस यात्रा दर्शन कार्यक्रम में नीरज मनोहर लाल चौकसे, मोहिनी नीरज चौकसे, अमनदीप कुमार जिन्दल, केवल कृष्ण, नरेन्द्र कुमार सम्मिलित हैं। इस यात्रा दर्शन को आये श्रद्धालु चौकसे ने बताया कि भगवान शिव के इन पवित्र धामों के दर्शन कर उनको बेहद सुख की अनुभूति हुई है। माउण्ट कैलाश, आदि कैलाश एवं ऊँ पर्वत के अलौकिक सौंदर्य के दर्शन ने उनको मंत्रमुग्ध कर दिया है। वहीं अन्य श्रद्धालु श्री जिन्दल ने बताया कि भगवान शिव के इन धामों के दर्शन कर उनको मानो स्वर्ग की प्राप्ति हो चुकी है। प्रकृति के इस विहंगम दृश्य को देखते ही मन को अलग ही सुख की प्राप्ति हो रही है। उन्होंने इस यात्रा को संचालित करने के लिए सरकार के प्रति आभार प्रकट किया है। कोरोना काल से पहले तक केन्द्र सरकार कुमाऊं मंडल विकास निगम के माध्यम से कैलाश मानसरोवर यात्रा कराती थी। तब शिव भक्त लिपुपास से पैदल यात्रा कर चीन बार्डर पार कर कैलाश मानसरोवर के दर्शन करते थे। कोरोना काल के बाद से यह यात्रा बंद पड़ी हुई है। वहीं दूसरी ओर भारत चीन विवाद के कारण अभी तक चीन सरकार ने भारत सरकार को कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए अपनी सहमति नहीं दी है। लंबे समय से शिव भक्त कैलाश मानसरोवर की यात्रा करने को आतुर थे। इसे देखते हुए केंद्र सरकार ने भारत की भूमि से ही श्रद्धालुओं को पवित्र कैलाश पर्वत के दर्शन कराने का फैसला लिया। पिथौरागढ़ जिले में स्थित स्थानीय ग्रामीणों ने 18 हजार फीट ऊंची लिपुलेख पहाड़ियों पर एक ऐसा व्यू प्वाइंट खोजा जहां से कैलाश पर्वत साफ दिखाई देता है। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची अफसरों और विशेषज्ञों की टीम ने रोड मैप, लोगों के ठहरने की व्यवस्था, दर्शन के पॉइंट तक जाने का रूट सहित अन्य व्यवस्थाओं के लिए सर्वे किया। फिर, केन्द्र सरकार की ओर से हरी झंडी मिलने के बाद शासन ने 15 सितंबर से ओल्ड लिपुपास को श्रद्धालुओं के लिए खोलने का फैसला लिया। भारत की भूमि से ही शिव भक्तों को कैलाश पर्वत के दर्शन् होना बहुत ही सुखद है। मैं इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का आभार प्रकट करता हूं। हमारी सरकार सीमान्त गांवों में पर्यटन को बढ़ावा देकर स्थानीय निवासियों के पलायन की समस्या को रोकने की दिशा में कार्य कर रही है। भविष्य में इस यात्रा को और भी अधिक सुगम बनाने के लिए सुविधाओं को विकसित किया जाएगा।

## नोएडा में भी जमावड़े पर रोक, पुलिस अधिकारियों को तैनाती बढ़ाने के निर्देश

**नोएडा , एजेंसी।** नोएडा और ग्रेटर नोएडा में गुरुवार से शुरू हो रहे 10 दिवसीय रामलीला मेले के मद्देनजर गौतमबुद्ध नगर पुलिस ने सुरक्षा कड़ी कर दी है। पुलिस ने उन मेला स्थलों के आसपास भारी बल तैनात किया है जहां भीड़ आने की उम्मीद है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को पुलिस ने जमावड़े पर रोक भी लगा दी है। पुलिस ने बीएनएसएस की धारा 163 लागू कर दी है, जो पुलिस की अनुमति के बिना पांच या अधिक लोगों के एकत्र होने पर रोक लगाती है।

आयोजन स्थलों पर भारी भीड़ की आशंका को देखते हुए पुलिस अधिकारियों ने स्थानीय पुलिस को सतर्कता और तैनाती बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। महिलाओं की सुरक्षा को लेकर महिला पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। संदिग्ध लोगों पर पुलिस की नजर रहेगी। सीसीटीवी के जरिए भी मेला परिसर की निगरानी की जाएगी।

नोएडा, सेंट्रल नोएडा और ग्रेटर नोएडा के प्रत्येक जोन के सभी पुलिस उपायुक्तों को सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए निरीक्षण करने, गश्त बढ़ाने और मेला स्थलों पर कर्मियों की तैनाती करने का निर्देश दिया गया है। ट्रैफिक पुलिस को मेला स्थलों की ओर जाने वाले मार्गों पर यातायात को नियंत्रित करने के लिए जमीनी स्तर पर जवानों को तैनात करने का निर्देश दिया गया है।

नोएडा के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (कानून और व्यवस्था) शिवहरि मीना ने कहा कि त्योहारी सीजन के दौरान 4,000 से अधिक कर्मी सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे। गौतमबुद्ध नगर पुलिस ने बीएनएसएस की धारा 163 के तहत प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया है। ये प्रतिबंध 3 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक प्रभावी रहेगा। मेला आयोजकों को कोई भी संदिग्ध वस्तु या अन्य जानकारी मिलने पर तुरंत पुलिस की सूचित करने को कहा गया है। बुधवार को पुलिस की ओर से जारी अधिसूचना में कहा गया है कि कोई भी शख्स पुलिस आयुक्त, अपर पुलिस आयुक्त या पुलिस उपायुक्त की पूर्व अनुमति प्राप्त किए बिना पांच या अधिक लोगों का कोई जुलूस नहीं निकालेगा, न ही किसी सार्वजनिक स्थान पर पांच या अधिक लोगों को जमा करेगा।

## कुरुक्षेत्र और अंग्रेजी साम्राज्य के खिलाफ लड़ाई और आज की लड़ाई में कोई फर्क नहीं : प्रियंका गांधी

**जुलाना, एजेंसी।**
कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने चुनावी राज्य हरियाणा के जुलाना विधानसभा सीट से पार्टी प्रत्याशी विनेश फोगाट के पक्ष में बुधवार को विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने जनता से अन्याय के खिलाफ अपने वोट की शक्ति का इस्तेमाल करने का आह्वान किया। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि नौजवानों, पहलवानों, किसानों और महिलाओं के साथ अन्याय हो रहा है। भगवान ने कहा है कि जब-जब अन्याय होगा, वो लड़ाई लड़ने के लिए आपके बीच उतरेंगे। यही भगवान आपके दिल में हैं, आप कब खड़े होंगे, इस अन्याय के खिलाफ?

विनेश फोगाट का जिक्र करते हुए प्रियंका गांधी ने कहा कि जब फोगाट अन्याय के खिलाफ खड़ी हुई तो बड़े-बड़े नेताओं ने उनका साथ छोड़ दिया। मोदी जी भी इनसे नहीं मिले। विनेश को सड़क पर घसीटा गया, लेकिन फिर भी ये झुकी और टूटी नहीं, बल्कि ये ओलंपिक में गई और हमारे लिए लड़ीं। देश की जनता इनके साथ खड़ी रही, देश सत्य को पहचानता है। कुरुक्षेत्र और अंग्रेजी साम्राज्य के खिलाफ भी लड़ाई लड़ी गई थी, उसमें और आज की लड़ाई में कोई फर्क नहीं है। ये लड़ाई भी अन्याय, असत्य और दुष्टों के खिलाफ है।

उन्होंने आगे कहा कि जब नेता मंच पर आते हैं, तो बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, लेकिन जब काम का समय आता है, तो हमें देखते तक नहीं हैं। मंत्री के बेटे द्वारा किसान कुचले जाते हैं। सरकार और नेताओं को बनाने का काम जनता करती है। नेताओं को अब टोकने का समय आ गया है। भाजपा सरकार ने पिछले 10 साल में आपके लिए कोई काम नहीं किया है। जब ये लोग भ्रष्टाचार की बात करते हैं, तो मुझे हंसी आती है, इससे बड़ा भ्रष्टाचार क्या होगा कि देश के सारे उद्योग आपने अपने दो मित्रों को दे दिया। ऐसा कानून लाने जा रहे थे, जिससे इस देश का किसान पिस जाता और आपके दो मित्रों को कानून का फायदा मिल जाता, लेकिन जनता ने पहचाना और संघर्ष किया।

प्रियंका गांधी ने कहा कि सत्यमेव जयते सिर्फ कहने वाली बात नहीं है, बल्कि ये हमारे संविधान में गढ़ी हुई है। आपके पास वोट की शक्ति है, जिससे आप अपना भविष्य बदल सकते हैं। इस



बात को गहराई से समझ लीजिए। कुछ दिन पहले लोकसभा चुनाव हुआ था, उसका नतीजा सबने देखा कि क्या हुआ?

आगे प्रियंका गांधी ने कहा कि आज छोटे व्यापारी और खेती किसानी करने वालों के रोजगार खत्म हो चुके हैं। इस सरकार की नीतियां ही आपके खिलाफ हैं। भाजपा अग्निवीर लेकर आई, जिसमें 4 साल की नौकरी है और कोई पेंशन नहीं है। युवा 4 साल बाद बेरोजगार हो जाए और फिर नौकरी ढूंढें। इसी तरह हरियाणा के लोगों को फैमिली आईडी के झांसे में फंसाकर, सरकारी सुविधाओं से दूर किया जा रहा है। हरियाणा की जनता के साथ हर स्तर पर अन्याय हो रहा है।

उन्होंने मंच से पूछा कि सरकार बनाता कौन है? नेताओं को कौन बनाता है? क्या आपके बिना हम आगे बढ़ सकते हैं? उन्होंने लोगों से अपील की कि आप लड़ाई लड़ो, हम सब साथ में लड़ेंगे, एक नई सरकार लाओ भाजपा के एक-एक नेता को दिखाओ की ये असत्य, लूट, भ्रष्टाचार ये सब नहीं चलेगा।

उन्होंने कहा कि कुछ साल पहले मैं अपनी बेटी को बास्केटबॉल कैंप के लिए हरियाणा लेकर आई थी। मुझे उसके कैंप से लौटने तक इंतजार करना था। जहां मैं इंतजार कर रही थी, वहां से कुछ दूरी पर एक दादा जी खेतों में कटाई कर रहे थे। मैंने उनसे कहा कि मुझे भी कटाई सिखाइए। उन्होंने मुझे थोड़ी कटाई सिखाई और फिर कहा कि आप थक गए होंगे, घर चलो थोड़ा आराम कर लेना। मैं उनके घर गई तो उनके परिवार ने मुझे चाय पिलाई, पराठे खिलाए और ढेर सारी बातें की। इस बात को 8-10 साल बीत गए हैं। आज भी जब कभी वे घर आते हैं तो घी, गन्ना या बच्चों के लिए कुछ न कुछ लेकर आते हैं। यही अपनापन तो हरियाणा की संस्कृति और संस्कार हैं।

## एमवीए में बन गई सीटों पर सहमति? नाना पटोले बोले- दशहरा से पहले होगा ऐलान

**मुंबई, एजेंसी।**
महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में सीट बंटवारे के मुद्दे पर बातचीत जारी रखने के लिए महाविकास आघाडी के नेताओं ने बुधवार को भी मुंबई में बैठक की। महाविकास अघाडी के नेताओं ने उद्धव ठाकरे नीत शिवसेना (यूबीटी) के कार्यालय 'शिवालय' में यह बैठक की जिसमें कांग्रेस प्रमुख नाना पटोले और बालासाहेब थोराट, शरदचंद्र पवार नीत राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रमुख जयंत पाटिल और शिवसेना (यूबीटी) के अनिल देसाई और संजय राउत शामिल हुए।

सूत्रों ने बताया कि विपक्षी गठबंधन के बीच सीट बंटवारे पर दशहरा से पहले बातचीत पूरी होने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस विदर्भ और मराठवाड़ा क्षेत्र में कई सीट पर चुनाव लड़ना चाहती है और वह मुंबई एवं कोंकण में ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) को अधिक सीटें देने के लिए भी तैयार है। सूत्रों ने बताया कि शिवसेना (यूबीटी) पूर्वी महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र में अधिक सीटें चाहती है। कांग्रेस के एक नेता ने बताया कि महाविकास आघाडी के घटक दलों के बीच मुंबई की '90 प्रतिशत सीट' पर सहमति बन गई है, जबकि छह सीट पर चर्चा जारी है।

महाराष्ट्र कांग्रेस के अध्यक्ष नाना पटोले ने भी कहा है कि विपक्षी गठबंधन महा विकास अघाड़ी (एमवीए) दशहरा से पहले राज्य की सभी 288 सीटों में से कुछ पर घोषणा कर देगा। उन्होंने कहा कि आज की एमवीए की बैठक में 150 से अधिक सीटों पर चर्चा हुई। पटोले ने कहा, हम जल्द ही इसे पूरा करेंगे और दशहरा से पहले कई सीटों पर घोषणा कर देंगे। आज की बैठक



में 150 से अधिक सीटों पर चर्चा हुई है। हम गुण-दोष के आधार पर निर्णय लेंगे। जल्द ही सीटों पर चर्चा पर स्पष्टता होगी।

महाराष्ट्र समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आजमी ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव एमवीए गठबंधन मजबूती से लड़ेगा। उन्होंने कहा, एमवीए मजबूती से लड़ेगा। सीटें कम और ज्यादा हो सकती हैं। लोगों को धर्म के नाम पर बांटा जा रहा है। हम 12 सीटें मांग रहे हैं। बैठक में शामिल होने के बाद एनसीपी (शरद) के नेता जितेंद्र आव्हाड ने कहा कि घटक दलों के बीच कोई मतभेद नहीं है। उन्होंने कहा कि सीट बंटवारे पर चर्चा अच्छी तरह से हो रही है। आव्हाड ने कहा, यह एक लंबी बैठक थी और कोई दुश्मनी नहीं है, चर्चा अच्छी तरह से हो रही है...लगभग 288 सीटों पर चर्चा हुई।

### तेलंगाना की मंत्री कोंडा सुरेखा ने सामंथा-नागा तलाक पर अपना बयान लिया वापस

**हैदराबाद, एजेंसी।** विवाद बढ़ने के बाद अब तेलंगाना की मंत्री कोंडा सुरेखा ने अपना बयान वापस ले लिया है। इससे पहले कोंडा सुरेखा ने भारत रक्षा समिति (बीआरएस) के वरिष्ठ नेता केटी रामा राव पर साउथ सिनेमा के सुपरस्टार सामंथा रूथ प्रभु और नागा चैतन्य के तलाक के पीछे होने का आरोप लगाकर बड़ा विवाद खड़ा कर दिया था। गुरुवार को उन्होंने कहा है कि उनकी टिप्पणी का आशय केटीआर द्वारा महिलाओं के अपमान करने पर सवाल उठाना था। उन्होंने कहा है कि सामंथा की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का उनका कोई इरादा नहीं था। सुरेखा का यह बयान केटी रामा राव द्वारा कोंडा सुरेखा को कानूनी नोटिस भेजे जाने के कुछ घंटों बाद आया है। अपने नोटिस में राव ने मांग की थी कि सुरेखा को अपना बयान वापस लेना चाहिए और 24 घंटे के अंदर सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि ऐसा न करने पर मानहानि और आपराधिक मामलों सहित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले केटीआर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को टैग करते हुए सवाल उठाए कि उनकी पार्टी ने इस मूर्खता से निपटने कर लिए क्या कहा है। उन्होंने कहा था कि सुरेखा अपने राजनीतिक एजेंडे को बढ़ाने के लिए फिल्मी सितारों का इस्तेमाल कर रही हैं। इससे पहले तेलंगाना सरकार में पर्यावरण मंत्री का पद संभालने वाली कोंडा सुरेखा ने कहा था कि अभिनेत्री सामंथा और अभिनेता नागा चैतन्या के बीच तलाक का कारण केटी रामा राव है। सनसनीखेज दावे में सुरेखा ने आरोप लगाया था कि बीआरएस अध्यक्ष केटी रामा राव ने नागार्जुन अक्किनेनी के एन-कन्वेंशन सेंटर को गिराने होने से बचाने के बदले में सामंथा को बुलाने की मांग की।

## गाजियाबाद में वकील बना हैवान, मदद के बहाने मां-बेटी की लूटता रहा आबरू; विरोध पर बंदूक दिखा धमकाया

**गाजियाबाद , एजेंसी।** गाजियाबाद के मधुबन बापूधाम थानाक्षेत्र में महिला और उसकी नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में दुष्कर पीड़ित किशोरी ने मेरठ के आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। किशोरी के मुताबिक पिता के देहांत के बाद आरोपी ने पहले तो उसकी मां का शारीरिक शोषण किया और फिर उसके साथ दुष्कर्म किया। मधुबन बापूधाम थानाक्षेत्र के गांव में रहने वाली 16 वर्षीय किशोरी का कहना है कि वर्ष 2021 में उसके पिता का देहांत हो गया था। पिता की मौत के बाद दादा क्लेश करने लगे थे, जिसके चलते उसकी मां मेरठ के श्रद्धापुरी स्थित मायके में जाकर रहने लगी थी। किशोरी के मुताबिक उसकी नानी के घर पर मोनी राठी नाम का युवक आता था, जो खुद को वकील बताता था। वह मां की मदद करने की बात बोलकर नानी के घर आता-जाता था। किशोरी का कहना है कि उसकी मां मोनू राठी के बहकावे में आकर उसके साथ मेरठ के फ्लैट में रहने लगी। वह और उसका भाई भी मां के साथ रहते थे। आरोप है कि मोनू राठी उसकी मां का शारीरिक शोषण करता था। इतना ही नहीं, जब उसकी मां और भाई घर पर नहीं होते थे तो वह उसे बुरी तरह छूता था और कपड़े निकालकर शारीरिक संबंध बनाने के लिए कहता था। शिकायत करने पर मां कहती थी कि मोनू राठी परिवार की मदद कर रहा है। अगर उसे कुछ कहा तो वह मदद नहीं करेगा। एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव का कहना है कि किशोरी ने मोनू राठी नाम के व्यक्ति पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म, पॉक्सो समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया। 2022 से 2023 तक मोनू राठी उसका शारीरिक और मानसिक शोषण करता रहा। 17 फरवरी की शाम मां और भाई घर पर नहीं थे तो मोनू राठी ने उनके साथ अश्लील हरकत शुरू कर दी। विरोध करने पर उसने हत्या की धमकी देते हुए उसके साथ दुष्कर्म किया।

## हिमाचल में शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों पर पुलिस का ताबड़तोड़ ऐक्शन, 8 दिन में 1246 चालकों के काटे चालान

**शिमला, एजेंसी।**
हिमाचल की ट्रैफिक पुलिस ने शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले चालकों के खिलाफ शिकंजा कसा है। इसके लिए विशेष अभियान चलाया गया है। पिछले आठ दिनों में यानी 24 सितंबर से लेकर पहली अक्टूबर तक राज्यव्यापी अभियान के दौरान ड्रंकन ड्राइविंग के नाकों में 46,901 वाहनों की जांच की गई। इनमें 1246 चालकों के चालान किए जा चुके हैं। हिमाचल पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में ने यह जानकारी सामने आई है। पुलिस के मुताबिक, ड्रंकन ड्राइविंग के मामलों में 483 चालकों का ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है, वहीं शराब पीकर गाड़ी चलाने पर 290 लोगों की गिरफ्तारी हुई है।

पुलिस का ये अभियान सभी 15 पुलिस जिलों में चल रहा है। सोलन जिला में बीते आठ दिनों में सर्वाधिक 143 वाहन चालकों के चालान हुए, जबकि लाहौल स्पीति जिला में सबसे कम सात चालान काटे गए। बद्दी में 106, बिलासपुर में 108, चम्बा में 60, हमीरपुर में 25, कांगड़ा में 85, किन्नौर में 26, कुल्लू में 126, नूरपुर में 88, शिमला में 133, सोलन में 143, ऊना में 49,



सिरमौर में 80, देहरा में 23 वाहन चालकों के चालान हुए। सोलन में सबसे ज्यादा 89 चालकों के लाइसेंस सस्पेंड किये गए। इसी तरह बद्दी में 17, बिलासपुर में 59, चंबा में 38, हमीरपुर में 8, कांगड़ा में 35 किन्नौर में 21, कुल्लू में 11, लाहौल स्पीति में चार, मंडी में 53 नूरपुर में 44, शिमला में 23 सोलन में 89, ऊना में 14, सिरमौर में 18 और देहरा में सात चालकों के लाइसेंस सस्पेंड करने की सिफारिश की गई। ड्रिंकिंग ड्राइविंग के मामलों में हमीरपुर, शिमला और लाहौल स्पीति को छोड़कर अन्य सभी पुलिस जिलों में गिरफ्तारियां हुईं। मंडी जिला में सबसे ज्यादा 51 लोग गिरफ्तार हुए।

हिमाचल प्रदेश के पुलिस महानिदेशक डॉ. अतुल वर्मा ने बताया कि ये अभियान 24 सितंबर को शुरू हुआ और 8 अक्तूबर 2024 तक जारी रहेगा। इस अभियान का उद्देश्य शराब पीकर गाड़ी चलाने की समस्या से निपटना, सड़क दुर्घटनाओं को कम करना और सुरक्षित और जिम्मेदार ड्राइविंग की संस्कृति को बढ़ावा देना है।

उन्होंने कहा कि पुलिस ने शराब पीकर गाड़ी चलाने के लिए 1,246 चालान जारी किए, जबकि पूरे साल में औसतन हर सप्ताह 195 चालान काटे जाते थे। सख्त कदम उठाते हुए शराब पीकर गाड़ी चलाने के लिए मोटर वाहन अधिनियम की धारा 202 के तहत 290 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि 24 सितंबर से पहले सक्रिय वर्ष में 51 गिरफ्तारियां हुई थीं। उन्होंने कहा कि पुलिस ने इस अभियान के दौरान शराब पीकर गाड़ी चलाने के लिए संबंधित लाइसेंसिंग अधिकारियों को 483 ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित करने की संस्तुति की, जबकि इस साल 24 सितंबर से पहले हर सप्ताह औसतन 53 लाइसेंस निलंबित किए गए थे। शराब पीकर गाड़ी चलाना सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों में से एक है। यह अभियान सड़कों को सभी के लिए सुरक्षित बनाने की हमारी प्रतिबद्धता का हिस्सा है। उन्होंने जनता से अपील की है कि वे शराब पीकर गाड़ी चलाने से बचें और हिमाचल प्रदेश को सुरक्षित स्थान बनाने के हमारे प्रयासों का समर्थन करें। हिमाचल प्रदेश पुलिस आने वाले दिनों में सड़क सुरक्षा उल्लंघनों पर नजर रखना जारी रखेगी और आवश्यक कार्रवाई करेगी। उन्होंने जनता से अनुरोध किया है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और शराब पीकर गाड़ी चलाने की किसी भी घटना की सूचना निकटतम पुलिस स्टेशन या 112 डायल करके दें।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# भारतीय महिलाओं को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बहुत सावधान रहने की जरूरत: हरभजन सिंह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गुरुवार को यूएई में आईसीसी महिला टी20 विश्व कप शुरू होने के साथ ही पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने ग्रुप चरण में भारत की विरोधियों के बारे में अपने विचार साझा किए और कहा कि हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बहुत सावधान रहने की जरूरत है क्योंकि वे उनके लिए सबसे बड़ी चुनौती बन सकती हैं।

भारत छह बार के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और श्रीलंका के साथ ग्रुप ए में है, जबकि ग्रुप बी में बांग्लादेश, 2009 के चैंपियन इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, 2016 के विजेता वेस्टइंडीज और स्कॉटलैंड शामिल हैं। भारत शुक्रवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा और अगला मैच 6 अक्टूबर को पाकिस्तान से खेलेगा। वे 9 अक्टूबर को श्रीलंका से खेलेंगे और फिर 13 अक्टूबर को अपने आखिरी ग्रुप मैच में रिकॉर्ड छह बार के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेंगे।

हरभजन ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा, मुझे लगता है कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलते समय भारत को बहुत सावधान रहने की जरूरत है। इस ग्रुप को देखते हुए, भारत के साथ ग्रुप में ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और श्रीलंका हैं। ये सभी मैच निश्चित रूप से महत्वपूर्ण होंगे। लेकिन एक मैच जो मुझे लगता है कि थोड़ा कठिन होगा, वह है भारत-ऑस्ट्रेलिया मैच। ऑस्ट्रेलिया एक अच्छी टीम है, भले ही ये मैच दुबई में खेले जा रहे हों, उपमहाद्वीप की पिचों पर जो शायद उनके घरेलू परिस्थितियों जितनी अनुकूल न हों। उन्होंने कहा,



लेकिन ऑस्ट्रेलिया, चाहे वे कहीं भी खेलें, उन्हें हराना मुश्किल है। इसलिए, भारत के लिए सबसे बड़ी चुनौती ऑस्ट्रेलिया हो सकती है। श्रीलंका भी, भारत के खिलाफ अपनी हालिया श्रृंखला जीत के बाद, आत्मविश्वास से भरा होगा। इसलिए, यह भी एक अच्छा मुकाबला होगा। भारतीय महिलाएं उम्मीद कर रही हैं कि 2024 उनका पहला आईसीसी विश्व कप जीतने का साल होगा, वे तीन बार उपविजेता रही हैं - 2020 टी20 विश्व कप और 2005 और 2017 में 50 ओवर के टूर्नामेंट में।

मेगा इवेंट में भारत की संभावनाओं के बारे में बोलते हुए, हरभजन ने कहा, टीम इंडिया इस टूर्नामेंट में हराने वाली टीम होगी। मुझे लगता है कि भारत की टीम बहुत मजबूत है। उनके पास अनुभव और युवा दोनों हैं। हरमन अच्छी फॉर्म में हैं, स्मृति अच्छी फॉर्म में हैं और दीप्ति एक अविश्वसनीय स्पिनर हैं। वे एक बहुत ही सक्षम टीम हैं और बहुत अच्छा क्रिकेट खेल रही हैं। टीम मजबूत दिखती है। अगर टीम इंडिया कुल मिलाकर अच्छा क्रिकेट खेलती है, तो मुझे विश्वास है कि वे इस टूर्नामेंट को जीतेंगे। भारत दुनिया में तीसरे स्थान पर है और पिछले तीन महिला टी20 विश्व कप के कम से कम सेमीफाइनल में पहुंच चुका है। हरभजन ने टीम इंडिया को अपने पहले आईसीसी खिताब की तलाश में चीजों को सरल रखने की सलाह दी। ÷आपको अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करनी होगी और दबाव नहीं लेना होगा। इस समय, केवल गुरदा, जिगरा ही मायने रखते हैं।

## सार समाचार

### दक्षिण अफ्रीका के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से हटे तबरेज शम्सी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्पिनर तबरेज शम्सी ने अपने सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से बाहर होने का फैसला किया है। 2016 में दक्षिण अफ्रीका की टीम में अंतरराष्ट्रीय डेब्यू के बाद से उन्होंने सभी प्रारूपों में कुल 167 विकेट लिए हैं। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने एक संयुक्त बयान में बताया कि इस कदम से 34 वर्षीय शम्सी को दुनिया भर की अलग-अलग लीगों में भाग लेने के लिए स्वतंत्रता मिलेगी, जबकि वह सफेद बाल के दोनों प्रारूपों में दक्षिण अफ्रीका का प्रतिनिधित्व करने के लिए उपलब्ध रहेंगे।

शम्सी ने बयान में कहा, मैंने अपने सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से हटने का फैसला किया है, ताकि घरेलू सत्र के दौरान मैं फ्री रह सकूं, जिससे मुझे सभी उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाने और अपने परिवार के लिए भी समय मिल सके। इससे प्रोटियाज के लिए खेलने की मेरी क्षमता या प्रेरणा पर किसी भी तरह से असर नहीं पड़ेगा और जब भी मेरी जरूरत होगी मैं अपने देश के लिए खेलने के लिए हमेशा उपलब्ध रहूंगा। टीम के लिए विश्व कप जीतना हमेशा से मेरा सपना रहा है और कोई भी फ्रेंचाइजी लीग मेरे देश के लिए खेलने से ज्यादा महत्वपूर्ण नहीं होगी। शम्सी से पहले केन विलियमसन, डेवोन कॉन्वे और फिन एलन जैसे अन्य देशों के खिलाड़ियों ने भी यह फैसला लिया था। सीएसए ने कहा, हम शम्सी के फैसले का सम्मान करते हैं और अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनों और अपनी घरेलू टीम टाइटन्स के माध्यम से दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट के प्रति उनके निरंतर समर्पण पर हमें पूरा भरोसा है।

### लैंगिक समानता को लेकर हॉकी इंडिया लीग की पहल सराहनीय.



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय महिला हॉकी गोलकीपर और पूर्व कप्तान सविता पुनिया ने हॉकी इंडिया की आगामी हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2024-25 समेत अन्य इवेंट को लेकर लैंगिक समानता के प्रति प्रतिबद्धता की सराहना की है। हॉकी इंडिया लीग के इतिहास में पहली बार इस टूर्नामेंट में न केवल पुरुष टीमें बल्कि महिला टीमें भी भाग लेंगी, और दोनों श्रेणियों को समान महत्व दिया जाएगा।

हॉकी इंडिया लीग 2024-25 दिसंबर 2024 के आखिरी सप्ताह से फरवरी 2025 के पहले हफ्ते तक आयोजित की जायेगी। इस टूर्नामेंट में 8 पुरुष टीमें और 6 महिला टीमें भाग लेंगी। खास बात यह है कि पुरुष और महिला लीग एक साथ खेली जायेगी, जो वैश्विक खेल लीग में एक बड़ा क्षण होगा।

सविता ने इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा, पुरुष और महिला एचआईएल एक साथ चलेंगे, जो ऐसा कुछ है जो मुझे नहीं लगता कि किसी अन्य खेल में पहले हुआ है। हॉकी इंडिया ने हमेशा सुनिश्चित किया है कि पुरुष और महिला दोनों टीमों के साथ समान व्यवहार किया जाए। उदाहरण के लिए, जब पुरुष और महिला टीमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मैच या प्रतियोगिता जीतती हैं, तो दोनों के लिए पुरस्कार राशि समान होती है।

# भारत में संघर्ष कर रहे विदेश के 'शेर' मोहम्मद सिराज

**न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में होगी 'अग्निपरीक्षा'**

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पिछले कुछ सीजन में दाएं हाथ के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज भारत के सबसे व्यस्त गेंदबाजों में से एक रहे हैं। वह टेस्ट और वनडे सेट-अप में एक महत्वपूर्ण सदस्य के रूप में उभरे हैं। जनवरी 2022 से सिराज ने सभी प्रारूपों में 728 ओवर फेंके हैं, जो सभी भारतीय तेज गेंदबाजों में सबसे अधिक है, उनसे आगे केवल स्पिनर रविचंद्रन अश्विन (786.3) और रविंद्र जडेजा (771.2) ही हैं। यहां तक कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने भी 582 ओवर ही फेंके हैं और 128 विकेट हासिल किए हैं, जो इस अवधि में मोहम्मद सिराज से पांच ज्यादा हैं।



### विदेशी पिचों पर बरपा चुके हैं कहर

हैदराबाद के इस तेज गेंदबाज ने लगभग हर दौरे और हर परिस्थिति में विपक्षी टीमों को परेशान किया है। वह सीमित ओवरों में श्रीलंका के लिए एक दुश्मन की तरह हैं। ऑस्ट्रेलिया में अपनी पहली टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे। इस साल जनवरी में केपटाउन में टेस्ट के दौरान दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ (6/15) शानदार प्रदर्शन किया और हराया। साल 2021 में इंग्लैंड में भी गेंद का अच्छा इस्तेमाल किया।

### रन्न बॉल से नहीं मिल रहे विकेट

हालांकि, जब जब लाल एसजी गेंद और घरेलू टेस्ट की बात आती है, तो सिराज अपने साथियों के साथ बने रहने के लिए संघर्ष करते हुए दिखाये देते हैं। मोहम्मद सिराज ने 29 में से 12 टेस्ट मैच घरेलू मैदान पर खेले हैं। इसमें उनके कुल 78 में से केवल 17 विकेट ही घरेलू मैदान पर आए हैं।

### सिराज पूर्ण स्विंग बॉलर नहीं: पारस म्हाम्ब्रे

भारत के पूर्व गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे ने इंडियन एक्सप्रेस को बताया, 'यह कहना गलत होगा कि सिराज भारतीय परिस्थितियों में बुमराह और शमी जितने प्रभावी नहीं हैं। हां, वह पिच की स्पीड पर निर्भर रहते हैं। एक बात जो लोगों को समझनी चाहिए वह यह है कि सिराज कभी भी पूरी तरह से स्विंग गेंदबाज नहीं थे। अगर आप उनके रिलीज पॉइंट को देखें, तो वह बाएं हाथ के बल्लेबाजों से गेंद को दूर ले जाते हैं और दाएं हाथ के बल्लेबाजों को निप-बैकर गेंदबाजी करते हैं।'

म्हाम्ब्रे बताते हैं, 'इसमें कोई संदेह नहीं है कि सिराज का कौशल स्तर बहुत ऊंचा है। भारतीय परिस्थितियों में, उन्हें उतने विकेट नहीं मिल रहे हैं क्योंकि उनकी भूमिका अलग है। अगर बुमराह एक छोर से गेंदबाजी कर रहे हैं, तो सिराज दूसरे छोर पर कसी हुई गेंदबाजी करने की कोशिश करते हैं (भारतीय पिचों पर)। कप्तान उनसे यही उम्मीद करते हैं। म्हाम्ब्रे का मानना है कि दाएं हाथ के गेंदबाज का स्वाभाविक एक्शन और मिडिल और लेग स्टंप लाइन पर गेंद डालने की प्रवृत्ति उनकी कमियों को बढ़ाती है। पारस म्हाम्ब्रे ने कहा, 'उनकी रिवर्स स्विंग शमी या उमेश यादव की तरह प्रभावी नहीं है।

उस एक्शन से रिवर्स स्विंग गेंदबाजी करना बहुत मुश्किल है। शमी के मामले में, उनके पास वह त्रुटिहीन सीम बॉलर हैं। वह बल्लेबाजों (दाएं और बाएं दोनों) को हवा में चकमा देते हैं। उमेश के साथ यह है कि वह अपने स्लिंगी एक्शन के कारण रिवर्स स्विंग से हासिल करते थे। इसके अलावा, वे दोनों सिराज से तेज (स्पीड) भी हैं।'

पारस म्हाम्ब्रे इस बात से सहमत हैं कि 30 साल के सिराज अब भी घरेलू मैदान पर लाल गेंद से बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश कर रहा है। पारंपरिक स्विंग की कमी और लगातार अंदर की ओर सीम मूवमेंट की तलाश ने सिराज के घरेलू मैदान पर शुरुआती नंबरों को प्रभावित किया है, जिससे उन्हें गेंद के साथ रक्षात्मक भूमिका की ओर जाना पड़ा है।

### बांग्लादेश के खिलाफ 2 पारियों में लिये थे 4 विकेट

चोटों और वर्कलोड मैनेजमेंट के कारण अक्सर मुख्य खिलाड़ी प्रभावित होते हैं। सिराज ने पिछले तीन साल में घरेलू मैदान पर किसी भी अन्य तेज गेंदबाज की तुलना में अधिक टेस्ट मैच खेले हैं।

चेन्नई में बांग्लादेश के खिलाफ पहला टेस्ट सामान्य से अलग था। वहां भारत ने 2019 के बाद पहली बार घरेलू मैदान पर तीन तेज गेंदबाजों (जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और आकाशदीप) को शामिल किया था। भारत ने दूसरे टेस्ट में भी क्रम बनाए रखा। हालांकि, मोहम्मद सिराज ने दो पारियों में केवल 4 विकेट लिए, जो तेज गेंदबाजों में सबसे कम है।

### घरेलू मैदान पर सिराज का प्रदर्शन

2010 से लेकर अब तक घरेलू मैदान पर कम से कम 10 टेस्ट खेलने वाले सात भारतीय तेज गेंदबाजों में से सिराज सबसे कम प्रभावी रहे हैं।

# श्रीलंकाई क्रिकेटर के खिलाफ आईसीसी की सख्त कार्रवाई

● लगाया एक साल का बैन



**कोलंबों, एजेंसी।** श्रीलंका के बाएं हाथ के स्पिनर प्रवीण जयविक्रमा पर आईसीसी ने एंटी करप्शन कोड का उल्लंघन करने के चलते एक साल का बैन लगाया है। इस दौरान वह 6 महीने के लिए सस्पेंड रहेंगे। जयविक्रमा पर यह प्रतिबंध आईसीसी की भ्रष्टाचार निरोधक संहिता के उल्लंघन की बात स्वीकार करने के बाद लगाया गया है। जयविक्रमा ने संहिता के अनुच्छेद 2.4.7 के उल्लंघन की बात स्वीकार की है। जयविक्रमा ने आखिरी बार 2022 में श्रीलंका का प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने पांच टेस्ट, पांच वनडे और इतने ही टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। इन 15 मैचों में उन्होंने कुल 32 विकेट चयकाए हैं। बता दें, जयविक्रमा पर लगे आरोप अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और लंका प्रीमियर लीग से संबंधित हैं। आईसीसी ने श्रीलंका क्रिकेट के साथ समझौते में भ्रष्टाचार निरोधक संहिता के अनुच्छेद 1.7.4.1 और 1.8.1 के अनुसार काम किया।

प्रवीण जयविक्रमा ने श्रीलंका के लिए डेब्यू 2021 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू सीरीज में किया था। जयविक्रमा ने 2021 में पल्लेकेले में बांग्लादेश के खिलाफ अपने डेब्यू टेस्ट मैच में 11 विकेट लेकर क्रिकेटर जगत को चौंका दिया । उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले खिलाड़ी के लिए रिकॉर्ड तोड़ आंकड़े बनाए, लेकिन अपना फॉर्म बरकरार नहीं रख पाए और सिर्फ पांच टेस्ट मैचों में ही खेल पाए। प्रवीण ने 2021 और 2022 में जाफना किंग्स के लिए लंका प्रीमियर लीग में और हाल ही में 2023 में दांबुला सिक्सर्स के लिए भी हिस्सा लिया।

# शार्दुल ठाकुर ईरानी कप मैच के बीच अस्पताल में हुए भर्ती

**नईदिल्ली, एजेंसी।** लखनऊ के इकाना स्टेडियम में मुंबई और शेष भारत के बीच ईरानी कप 2024 का मुकाबला जारी है। इस मैच में मुंबई के बल्लेबाज सरफराज खान ने दोहरा शतक जड़ महफिल लूटी और टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। मगर इस दौरान मुंबई की मुश्किलें तब बढ़ी जब तेज बुखार के चलते टीम के हरफनमौला शार्दुल ठाकुर को अस्पताल में भर्ती कराया गया। शार्दुल ठाकुर मलेरिया और डेंगू के टेस्ट हो गए हैं जिनकी रिपोर्ट आना बाकी है। उन्होंने बुधवार की रात अस्पताल में ही गुजारी, वह गुरुवार को मैच खेलने मैदान पर उतरेंगे या नहीं इसका फैसला डॉक्टर रिपोर्ट आने के बाद ही करेंगे।



ईरानी कप का आगाज 1 अक्टूबर से हुआ था और शार्दुल ठाकुर को मैच के पहले दिन से ही हल्का बुखार था। बताया जा रहा है कि दूसरे दिन सरफराज खान के साथ उन्होंने दूसरे दिन तकरीबन दो घंटे बल्लेबाजी की और 9वें विकेट के लिए 73 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी की। इस दौरान उनका बुखार बढ़ गया और मैच के बाद उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# वेस्टइंडीज के सफेद गेंद दौरे के लिए जोस बटलर की इंग्लैंड टीम में वापसी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड के सफेद गेंद के कप्तान जोस बटलर ने वेस्टइंडीज के आगामी सफेद गेंद के दौरे के लिए टीम में वापसी कर ली है। ईसीबी (इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड) ने बुधवार को टीम की घोषणा कर दी है। बटलर हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू वनडे सीरीज में नहीं खेले थे।

पिंडली की चोट के कारण बटलर बाहर थे। उनकी जगह युवा हैरी ब्रूक को इंग्लैंड का कप्तान बनया गया था। इंग्लैंड ने यह सीरीज 2-3 से गंवादी थी। बटलर के अलावा लेग स्पिनर जाफ़र चौहान को टीम में रखा गया है। 22 वर्षीय जाफ़र चौहान ने अब तक अपने छोटे से करियर में 23 मैचों में 22 विकेट लिए हैं। तेज गेंदबाज जॉन टर्नर और स्पिन ऑलराउंडर डैन मूसली टीम में एकमात्र अन्य अनकैप्ड खिलाड़ी हैं। टर्नर, जो पिछले दिसंबर में कैरेबियाई दौरे का भी हिस्सा थे, ने अपने लिस्ट ए और टी20 करियर में अब तक 35 और 42 विकेट लिए हैं। दूसरी ओर, मूसली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हालिया वनडे सीरीज का हिस्सा थे और उन्होंने



अपने छोटे से टी20 करियर में अब तक 1100 रन बनाए हैं और 63 मैचों में 50 विकेट भी लिए हैं। ईसीबी ने अब तक दौरे के लिए 14 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। इंग्लैंड तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए वेस्टइंडीज का दौरा करेगा और उसके बाद 5 टी20 मैच खेलेगा। वनडे सीरीज 31 अक्टूबर से शुरू होगी, जिसके पहले 2 वनडे मैच सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम, नॉर्थ साउंड, एंटीगुआ में खेले जाएंगे, जबकि तीसरा टी20 मैच केंसिंग्टन ओवल, ब्रिजटाउन, बारबाडोस में होगा।

टी20 श्रृंखला 09 नवंबर से शुरू होगी, जिसके पहले 2 मैच बारबाडोस में खेले जाएंगे, जबकि शेष 3 मैच ब्यूजजोर स्टेडियम, ग्रोस आइलेट, सेंट लूसिया में आयोजित किए जाएंगे।

### ह्यवेस्टइंडीज दौरे के लिए इंग्लैंड टीम

जोस बटलर (कप्तान), जोफ्रा आर्चर, जैकब बेथेल, जाफर चौहान, सैम कुरेन, विल जैक, लियाम लिविंगस्टोन, साकिब महमूद, डैन मूसली, जेमी ओवरटन, आदिल राशिद, फिल साल्ट, रीस टॉपले, जॉन टर्नर।

# एलएलसी 2024: गुप्टिल ने 54 गेंदों पर जड़े 131 रन



**1 ओवर में 6 छक्के लगाने से चूके**

**नईदिल्ली, एजेंसी।** लीजेंड्स लीग क्रिकेट 2024 में सदर्न सुपर स्टार्स के सलामी बल्लेबाज मार्टिन गुप्टिल ने नवीन स्टीवर्ट के एक ओवर में 34 रन जड़ दिए। उनका एक शॉट 4 रन के लिए चला गया नहीं तो उनका नाम भी एक ओवर में 6 छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों में होता। बहरहाल, कोणार्क सूर्या ओडिशा के खिलाफ उक्त मैच सूरत के लालाभाई कॉन्ट्रैक्टर स्टेडियम में खेला गया। बल्लेबाजी पावरप्ले के अंतिम ओवर के दौरान न्यूजीलैंड के क्रिकेटर ने डीप मिडविकेट, डीप स्क्वायर लेग, स्वीपर कवर पर छक्का लगाया। चौथी गेंद पर चौका लगा। इसके बाद अगली दोनों गेंदों पर भी गुप्टिल ने छक्के जड़ दिए।

### ओडिशा ने बनाए थे 192 रन

पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर ओडिशा के सलामी बल्लेबाज लेवी और जेसी राइडर ने महज 30 गेंदों पर 76 रनों की साझेदारी की।

लेवी ने 21 गेंदों में नौ चौकों और चार छक्कों की मदद से विस्फोटक 63 रन बनाए, जबकि राइडर 18 रन बनाने में सफल रहे। यूसुफ पठान ने 22 गेंदों पर तेजी से 33 रन जोड़े, जिसमें दो चौके और तीन छक्के शामिल थे।

### 16 ओवर में जीती दक्षिणी सुपर स्टार्स

दक्षिणी सुपर स्टार्स की शुरूआत सधी हुई रही। ओपनर गोस्वामी ने 15 गेंदों पर 18 तो मस्कादजा ने 17 गेंदों पर 20 रन बनाए। इस दौरान 38 वर्षीय मार्टिन गुप्टिल ने एक छोर संभालते हुए आक्रमक शॉट लगाने जारी रखे। गुप्टिल ने 48 गेंदों में अपना शतक पूरा किया।

193 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए साउदर्न सुपर स्टार्स के लिए गुप्टिल 54 गेंदों में नौ चौकों और 11 छक्कों की मदद से 131 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने चार ओवर शेष रहते सात विकेट से मैच जीत लिया।

# विश्व कप क्वालीफायर के लिए अर्जेंटीना की टीम में मेसी की वापसी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्टार फुटबॉल खिलाड़ियों लियोनल मेसी की वेनेजुएला और बोलीविया के खिलाफ होने वाले दक्षिण अमेरिकी विश्व कप क्वालीफाइंग मैचों के लिए अर्जेंटीना की राष्ट्रीय टीम में वापसी हुई है। 37 वर्षीय मेसी टखने की चोट के कारण हाल ही में हुए मुकाबलों से बाहर रहे थे। अर्जेंटीना के कोच लियोनल स्कालोनी ने 10 अक्टूबर को वेनेजुएला और उसके पांच दिन बाद ब्यूनस आयर्स में बोलीविया से होने वाले मैचों के लिए बुधवार को टीम की घोषणा की। कोलंबिया के खिलाफ कोपा अमेरिका फाइनल में चोटिल होने के बाद मेसी पिछले दो दौर के मुकाबले नहीं खेल पाए थे। अर्जेंटीना 18 अंकों के साथ दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग में सबसे आगे है। उसके बाद कोलंबिया के 16 और उरुग्वे के 15 अंक हैं।



## न्यूज बाइट्स

### मोटर चोरी के आरोप में दो गिरफ्तार

**रफीगंज (औरंगाबाद ) (नि.सं.)।** रफीगंज प्रखंड के पौथू पुलिस ने बुधवार को मोटर चोरी के आरोप में पोखर बीघा गांव के पिंटू कुमार एवं विमलेश कुमार को चोरी के मोटर के साथ गिरफ्तार किया है। विमलेश सोमवार को पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया था, जिसे पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पौथू थानाध्यक्ष अकाश कुमार ने बताया कि पौथू गांव के पंकज शर्मा और विमलेश कुमार को आरोपी बनाते हुए अपने खेत से मोटर चोरी करने की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। चोरी का मोटर पोखर बीघा गांव के झाड़ी में छुप कर रखा हुआ था। पुलिस ने मोटर बरामद कर विमलेश कुमार एवं पिंटू कुमार को गिरफ्तार किया है।

### मानव विकास मंच ने मनाई बापू की जयंती

**हसपुरा (औरंगाबाद ) (नि.सं.)।** राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की 155 वीं जयंती समारोह हर सरकारी संस्थान एवं निजी संस्थानों में मनाया गया। हसपुरा नरसन रोड में स्थित नोबल ईमरजेंसी हॉस्पिटल के प्रांगण में मानव विकास मंच द्वारा समारोह आयोजित कर गाँधी जयंती मनाया गया, जिसकी अध्यक्षता मंच के अध्यक्ष पूर्व मुखिया अर्जुन यादव एवं संचालन मंच के सचिव विश्वनाथ राय ने किया। गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर सभी ने श्रद्धांजलि अर्पित किया। कहा कि मानव विकास मंच गाँधी जी के विचारों व सिद्धांतों पर चलने को संकल्पित है। मानव सेवा हीं सबसे बड़ी सेवा है। धर्मदेव सिंह,भीमसेन सिंह,लोरिक यादव,भोला कुरैशी, सुदामा सिंह ने गांधी जी के जीवनी पर प्रकाश डाला।

### कीटनाशक दवा का हुआ छिड़काव

**हसपुरा (औरंगाबाद ) (नि.सं.)।** मौसम के बदलते मिजाज को देखते हुये संक्रमण उत्पन्न न हो, इसलिए हसपुरा प्रखंड के विभिन्न स्थानों पर कीटनाशक दवा का छिड़काव किया गया। बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी ने बताया कि हसपुरा बाजार,अस्पताल,प्रखंड कार्यालय का कैंपस सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर कीटनाशक दवा का छिड़काव किया गया। उन्होंने कहा कि कीटनाशक दवा के छिड़काव हो जाने से मोहल्लों में फैलने वाले विभिन्न बीमारियों से लोगों को बचाया जा सकता है । मच्छर कीड़ों से भी राहत मिलेगी।

### बड़ी दुर्गा देवी स्थान से मानस पाठ यज्ञ के लिए निकली कलश यात्रा

**रफीगंज (औरंगाबाद ) (नि.सं.)।** रफीगंज के बडी दुर्गा देवी स्थान से दुर्गा पाठ एवं रामचरितमानस यज्ञ के लिए गाजे-बाजे एवं घोड़े के साथ कलश यात्रा एवं झांकियां निकाली गई।हजारो की संख्या में महिला-पुरूष कलश लेकर जयकारी करते हुये बड़ी दुर्गा देवी स्थान से मेन बाजार, स्टेशन रोड, महराजगंज, बस स्टैंड होते हुये धावा नदी के महादेव स्थान पहूंचे। आचार्य लालभूषण मिश्र के वैदिक मंत्रोच्चार के द्वारा जलभरी की गयी।जलभरी कर वापस बस स्टैंड होते दूर्गा स्थान पहूंची। आयोजक शंकर शौंडिक एवं दिलीप उर्फ कारू प्रसाद ने कहा कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी दुर्गा पाठ के लिये जलभरी हुई और काफी संख्या में श्रद्धालुओ ने हिस्सा लिया।इस अवसर पर पूर्व विधायक अशोक कुमार सिंह, नगर पंचायत उप चेयरमैन प्रतिनिधि दिलीप कुमार उर्फ कारू, गिरिजा प्रसाद, प्रदीप उर्फ बाबू प्रसाद, शंकर शौंडिक, पवन गूप्ता, रंजीत मिश्र, थानाध्यक्ष गुफरान अली, एसआई ध्रुव कुमार, पूर्व उप चेयरमैन हरेंद्र कुमार, पूर्व जिला पार्षद दीनानाथ विश्वकर्मा, भाजपा नेता विनय कुमार सिंह, पवन शौंडिक, जदयू प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा, भाजपा नेता संतोष कुमार साव, ख्वाजा अतीक रज्जा, कौशल कुमार चंद्रवंशी, चुन्नू शर्मा, मयंक कुमार, सूरज कुमार, संजय योगी, मदन चौधरी, लोजपा प्रखंड अध्यक्ष राजेश पासवान विजय विश्वकर्मा, शिवनारायण साव, राजू गुप्ता, अजय गुप्ता, संतोष कुमार, कौशल चंद्रवंशी, सूरज,प्रमोद गुप्ता, संजीव पासवान, सूरज कुमार, अभिषेक कुमार हार्दिक सिंह राजपूत, किशु गुप्ता, प्रांशु सिंह सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया।

---

सड़क सुरक्षा समिति की भौतिक बैठक में गंभीर आंकड़े और ठोस निर्णय

# सड़क दुर्घटनाओं में सितंबर तक 226 लोगों की मौत चिंता का विषय : डीएम

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

गुरुवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की एक महत्वपूर्ण भौतिक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें जिला पदाधिकारी-सह-अध्यक्ष श्रीकांत शास्त्री और पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल ने संयुक्त रूप से अध्यक्षता की। इस बैठक में सड़क सुरक्षा से संबंधित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई, जिसके दौरान सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़ों का गंभीर विश्लेषण प्रस्तुत किया गया। जिला पदाधिकारी ने बताया कि सितंबर 2024 तक औरंगाबाद जिले में सड़क दुर्घटनाओं के कारण कुल 226 लोगों की मृत्यु हुई है, जबकि 124 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। यह आंकड़ा अत्यंत चिंताजनक है और इस पर कड़ी निगरानी और सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे ब्लैक स्पॉट वाले स्थानों पर साइन बोर्ड और रंबल स्ट्रिप्स लगाने का काम प्राथमिकता से करें। जिला परिवहन कार्यालय, औरंगाबाद के सभी अधिकारियों को यह निर्देश दिया गया कि वे दोपहिया वाहनों के लिए हेलमेट की जांच को नियमित रूप से सुनिश्चित करें। इससे यह सुनिश्चित होगा कि सभी वाहन चालक सुरक्षा नियमों का पालन कर रहे हैं। बैठक में हिट एंड रन से संबंधित मामलों की भी समीक्षा की गई। 1 अप्रैल 2022 से अब तक प्राप्त 227 आवेदन में से 220 मामलों को जिला पदाधिकारी द्वारा स्वीकृत किया गया है और जीआईसी, मुंबई को भेजा गया है। इनमें से 201 लाभुकों को उनके खातों में भुगतान किया जा चुका है। नॉन हिट एंड रन मामलों के लिए 94 मूल संचिकाओं को ट्रिब्यूनल कोर्ट, गया में भेजा गया है। इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक ने सभी थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि वे हर महीने सड़क दुर्घटनाओं से संबंधित डेटा (पोस्टमार्टम रिपोर्ट, एफआईआर और अन्य दस्तावेज) की एक प्रति जिला परिवहन कार्यालय, औरंगाबाद को जमा करने को सुनिश्चित करें।

बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी शैलेश कुमार दास, पुलिस उपाधीक्षक यातायात, एमभीआई, परियोजना निदेशक एनएचएआई सासाराम और एनएच-139 और एनएच-120 के सदस्य समेत अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। यह बैठक सड़क सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसमें सभी संबंधित पक्षों ने मिलकर सड़क दुर्घटनाओं को कम करने और सुरक्षा नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के लिए ठोस निर्णय लिए हैं। अब यह सभी संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि वे इन निर्देशों का पालन करें और सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता दें।



**यातायात नियमों के उल्लंघन पर कार्वाई**

बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि अप्रैल 2024 से अब तक यातायात नियमों के उल्लंघन के चलते जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा 1 करोड़ 26 लाख रुपये के लक्ष्य के मुकाबले 70 लाख 30 हजार 663 रुपये की वसूली की गई है। इस कम वसूली पर जिला पदाधिकारी ने खेद प्रकट किया और सभी प्रवर्तन अवर निरीक्षकों को स्पष्टीकरण जारी करने का निर्देश दिया।

---

# नवरात्रि का भव्य आगाज : उत्साह, आस्था और धूमधाम से कलश स्थापना, जय माता दी के नारों से गूंजा पूरा शहर

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

गुरुवार को नवरात्रि की पावन शुरुआत औरंगाबाद शहर में धूमधाम से हुई। इस अवसर पर पूरे शहर में विभिन्न पूजा पंडालों और घरों में श्रद्धालुओं द्वारा कलश स्थापना की गई। नवरात्रि के पहले दिन मां दुर्गा की शैलपुत्री स्वरूप में पूजा की गई और श्रद्धालुओं ने विधि-विधान के साथ पवित्र जल से कलश की स्थापना की। शहर और आस-पास के इलाकों में नवरात्रि के प्रति भारी उत्साह देखने को मिला, जहां हर ओर मां दुर्गा की आराधना के मंत्रों की गूंज से वातावरण भक्तिमय हो गया।

नवरात्रि की शुरुआत से पहले श्रद्धालुओं ने पवित्र नदी और सरोवरों से विधिपूर्वक जल भरा, जिसे कलश में स्थापित किया गया। औरंगाबाद शहर के प्रमुख पूजा स्थलों पर भक्तों ने विशेष पूजा-अर्चना की और मां दुर्गा की आराधना के दौरान 'या देवी सर्वभूतेषु' मंत्रों से वातावरण गूंज उठा। पंचदेव धाम मंदिर की ओर से जलभरी यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। इस दौरान कुटुंबा प्रखंड के पास स्थित दो मुहान सूर्य मंदिर से जलभरने के बाद मां दुर्गा की झांकी और जयकारों के साथ श्रद्धालु पूरे शहर में उमड़े। रफीगंज शहर में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा में भाग लिया। बड़ी दुर्गा देवी स्थान के द्वारा आयोजित इस यात्रा में हजारों की संख्या में भक्तों ने हिस्सा लिया। यात्रा मुख्य बाजार से होते हुए महादेव घाट पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने विधिपूर्वक जलभरी की। इस यात्रा के दौरान मां दुर्गा की झांकी के साथ भगवान राम, सीता, लक्ष्मण और हनुमान की मनमोहक झांकी भी निकाली गई, जिसे देखने के लिए भक्तों का उत्साह चरम पर था।

नवरात्रि के इस पावन अवसर पर झांकी और धार्मिक शोभायात्राओं का आयोजन भी पूरे शहर में किया गया। इन झांकियों में मां दुर्गा के विभिन्न रूपों को दर्शाया गया, जिन्हें देखकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक हर कोई मां दुर्गा की इस भव्य आराधना में सम्मिलित हुआ। नवरात्रि के इन नौ दिनों के दौरान पूरे औरंगाबाद जिले में धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तजन भाग लेंगे। शहर के हर कोने में भक्ति और आस्था का माहौल देखने को मिल रहा है, और मां दुर्गा की कृपा पाने के लिए हर कोई नवरात्रि के इन पवित्र दिनों का लाभ उठा रहा है।



**विभिन्न स्थानों पर प्रतिमा स्थापना**

औरंगाबाद शहर के साथ-साथ आस-पास के क्षेत्रों में भी माता दुर्गा की मूर्तियों की स्थापना की जा रही है। मां भारती क्लब, महावीर क्लब, जोसाईया मां अंबे क्लब सहित औरंगाबाद जिले के अंबा, नबीनगर, रफीगंज, मदनपुर, और दाउदनगर में कलश स्थापना के साथ मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई। भक्तों के बीच इस आयोजन को लेकर खासा उत्साह देखा गया, और सभी जगहों पर पंडालों की सजावट और विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान प्रारंभ हो चुके हैं।

---

## कृषि वानिकी योजना में किसानों के बीच राशि वितरित

**पटना (नि.सं.)।** कृषि वानिकी योजना के अंतर्गत राज्य में पौधे लगाने वाले किसानों के बीत गुरुवार को राशि का वितरण किया गया। मुख्य कार्यक्रम पर्यवारण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के सभागार में हुआ, जिसमें विभागीय मंत्री डॉ. प्रेम कुमार बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे। इस योजना के तहत वर्ष 2024-25 में 41.50 लाख लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 29.06 लाख पौधे लगाए गए हैं। इस मौके पर कृषि वानिकी अन्य प्रजाति योजना के तहत 3.51 लाख पौधे के लिए 6900 किसानों के बीच आठ करोड़ 75 लाख रुपये बांटे गए। मंत्री ने पटना के 40 और वैशाली के 20 किसानों को प्रोत्साहन-अनुदान राशि का चेक सौंपा। मुख्यमंत्री निजी अन्य प्रजाति पौधशाला योजना के तहत एक करोड़ पौधे उगाने के लिए तृतीय किस्त के रूप में 500 किसानों और जीविका दीदियों को नौ करोड़ रुपये दिये गए।

---

# करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

- स्थानीय निवासी बिजली की व्यवस्था की खराब स्थिति को लेकर चिंतित हैं, और सुरक्षा मानकों में सुधार की आवश्यकता पर जोर दे रहे हैं।
- दिलीप के परिवार पर गहरा सदमा लगा है, परिजन बिजली विभाग को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं

**निज संवाददाता | गोह (औरंगाबाद )**



गोह थाना क्षेत्र के सरसोल गांव में गुरुवार की सुबह एक युवक की बिजली के हाईटेंशन तार की चपेट में आकर दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान 25 वर्षीय दिलीप यादव के रूप में हुई है। घटना उस समय हुई जब दिलीप सुबह-सुबह मुख्य सड़क पर टहलने निकले थे। स्थानीय निवासियों के अनुसार, एक पुराना बिजली का तार जो पहले से ही गिरा हुआ था, अचानक उनके ऊपर गिर गया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों में हड़कंप मच गया, और सैकड़ों लोग घटनास्थल पर इकट्ठा हो गए। जब तक पुलिस मौके पर पहुंची, तब तक ग्रामीण दिलीप को अस्पताल ले जाने की तैयारी कर चुके थे। पुलिस ने शव को बरामद कर आवश्यक कार्रवाई के बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, औरंगाबाद भेज दिया।

गोह थाना के थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और पंचनामा तैयार किया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने पूरी प्रक्रिया का पालन करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। इस घटना के बाद दिलीप के परिवार पर गहरा सदमा लगा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, और वे इस दुर्घटना के लिए बिजली विभाग को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। उन्होंने स्थानीय प्रशासन से मांग की है कि उचित मुआवजा दिया जाए, ताकि उनके परिवार की आर्थिक स्थिति को कुछ सहारा मिल सके। गांव के अन्य लोग भी दिलीप के परिवार के प्रति सहानुभूति व्यक्त कर रहे हैं और उन्हें ढांढस बंधाने में जुटे हुए हैं। स्थानीय निवासी यह भी चिंतित हैं कि गांव में बिजली की व्यवस्था की स्थिति बेहद खराब है, और ऐसे हादसों से बचने के लिए ठोस कदम उठाने की जरूरत है। इस घटना ने स्थानीय समुदाय में एक बार फिर सुरक्षा मानकों पर सवाल उठाया है और लोगों ने इस दिशा में सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया है।

---

## शारदीय नवरात्र की धूम, कलश स्थापना के साथ प्रारंभ हुआ उत्सव

**निज संवाददाता | हसपुरा(औरंगाबाद)**

हसपुरा प्रखंड क्षेत्र में शारदीय नवरात्र का शुभारंभ गुरुवार को भव्य और उल्लासमय तरीके से हुआ। इस विशेष अवसर पर कलश स्थापना के साथ माता दुर्गा की आराधना की गई। क्षेत्र के विभिन्न स्थानों जैसे हसपुरा मेन रोड स्थित पुरानी दुर्गा मंदिर, पटेल चौक, रेफरल अस्पताल रोड, हसपुरा बड़ी फील्ड में काली माता के पंडाल, पचरुखिया बाजार दुर्गा मंदिर, कोइलवां सती स्थान, श्री दुर्गा सांई मंदिर और शांति मोहिनी शास्त्री आवास में भक्तों ने विधिपूर्वक कलश स्थापित कर दुर्गा पाठ का आयोजन किया। इस दौरान आचार्य पंडित लाल मोहन शास्त्री ने बताया कि नवरात्र का व्रत करने वाले भक्त नौ दिनों तक माता की भक्ति में लीन रहेंगे। भक्तों के बीच उत्साह और श्रद्धा का माहौल साफ देखा जा रहा है, जिससे प्रतीत होता है कि इस बार का नवरात्र विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। भक्तगण सुबह से ही मंदिरों में पहुंचकर कलश स्थापना के लिए तैयारियों में जुटे रहे। नवरात्र के दौरान श्रद्धालु विशेष पूजा-अर्चना और भजन-कीर्तन का आयोजन करेंगे। इस पर्व को लेकर श्रद्धालुओं के मन में गहरा उल्लास और भक्ति भाव है, जो इस क्षेत्र की धार्मिकता और सांस्कृतिक धरोहर को दर्शाता है। इस नवरात्र पर्व पर माता दुर्गा की उपासना से न केवल भक्तों को आध्यात्मिक संतोष मिलेगा, बल्कि यह सामुदायिक एकता और सांस्कृतिक विविधता को भी बढ़ावा देगा। स्थानीय लोग इस अवसर का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे, और अब जब नवरात्र का पर्व शुरू हो चुका है, तो पूरे क्षेत्र में माता की आराधना का जोश और भी बढ़ गया है।

---

# कृषि वानिकी के लाभार्थियों को मिला प्रोत्साहन राशि

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



बिहार सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री डॉ. प्रेम कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को एक महत्वपूर्ण ऑनलाइन बैठक आयोजित की गई, जिसमें राज्य के सभी जिलों में प्रखंड एवं जिला स्तर पर कृषि वानिकी के लाभार्थियों को चेक के माध्यम से प्रोत्साहन राशि का वितरण किया गया। इस पहल का उद्देश्य किसानों को उनके द्वारा कृषि वानिकी योजना के अंतर्गत लगाए गए पौधों के लिए प्रोत्साहित करना है। बैठक में डॉ. प्रेम कुमार ने कृषि वानिकी के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि यह न केवल पर्यावरण की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह किसानों की आर्थिक स्थिति को भी सुधारने में सहायक सिद्ध हो सकता है। उन्होंने सभी लाभार्थियों से अनुरोध किया कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं और पर्यावरण संरक्षण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। इस क्रम में औरंगाबाद वन प्रमंडल में भी लाभार्थियों को प्रोत्साहन राशि का वितरण किया गया। वन प्रमंडल पदाधिकारी रूचि सिंह और वनों के क्षेत्र पदाधिकारी मनोज कुमार मिश्रा ने इस वितरण समारोह में भाग लिया। उन्होंने लाभार्थियों को चेक प्रदान करते हुए कहा कि यह राशि कृषि वानिकी योजना के अंतर्गत वर्ष 2020-21 में किसानों द्वारा लगाए गए पौधों के लिए दी जा रही है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत किसानों को पौधारोपण के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, जिससे न केवल उनकी आय में वृद्धि होती है, बल्कि पर्यावरण संतुलन भी बनाए रखने में मदद मिलती है। यह कदम राज्य सरकार की उस योजना का हिस्सा है, जिसके तहत वनों की सुरक्षा और पुनर्वनीकरण को प्राथमिकता दी जा रही है। यह प्रोत्साहन राशि किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, जिससे वे अपने कृषि वानिकी कार्यों को आगे बढ़ा सकते हैं। इससे न केवल उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, बल्कि इससे पर्यावरण में भी सकारात्मक परिवर्तन आएगा। इस अवसर पर उपस्थित सभी लाभार्थियों ने बिहार सरकार के इस प्रयास की सराहना की और आगे भी इस प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन की अपेक्षा जताई। यह वितरण समारोह किसानों के लिए एक नई उम्मीद लेकर आया है और यह दर्शाता है कि सरकार उनके विकास के लिए लगातार प्रयासरत है।

---

# जिलाधिकारी ने राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय का किया निरीक्षण

**निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)**



रफीगंज में स्थित अरभुआ के राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय का गुरुवार को जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने महाविद्यालय परिसर में विगत कई दिनों से चल रही पानी की समस्या का गहनता से जायजा लिया और इस पर आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने महाविद्यालय के प्रध्यापकों एवं छात्र-छात्राओं से मुलाकात की। उन्होंने विद्यार्थियों के शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक क्रियाकलापों पर चर्चा की और उनसे फीडबैक लिया। यह जानने की कोशिश की गई कि क्या महाविद्यालय में कोई और समस्या है जिसे हल करने की आवश्यकता है।

इसके अलावा, जिलाधिकारी ने महाविद्यालय के कैंपस विस्तार के लिए अतिरिक्त भूमि की आवश्यकता पर भी चर्चा की। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे इस विषय पर जल्द से जल्द कार्रवाई करें ताकि महाविद्यालय के विकास में कोई बाधा न आए। महाविद्यालय परिसर में प्रचार्य डॉ. प्रशांत मणि ने जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री का स्वागत किया। इस दौरान अंचलाधिकारी, पीएचईडी के कार्यपालक अभियंता, बीसीडी के कार्यपालक अभियंता एवं रफीगंज के प्रखंड विकास पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने महाविद्यालय परिसर का भ्रमण करते हुए वहां चल रहे शैक्षणिक एवं अन्य विकासात्मक गतिविधियों की सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ना ही सबसे बड़ी उपलब्धि है। इस निरीक्षण के माध्यम से जिलाधिकारी ने यह सुनिश्चित किया कि महाविद्यालय में सभी सुविधाएं छात्रों को उपलब्ध हों और उनकी समस्याओं का समाधान किया जाए। इस प्रकार, जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के इस दौरे से महाविद्यालय की समस्याओं के समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।

---

## बिहार में नदियों में नाव चलाने के पहले कराना होगा रजिस्ट्रेशन

**पटना (नि.सं.)।** बिहार में अवैध बालू खनन पर रोक के साथ ही नदियों में आए दिन होने वाली नौका दुर्घटना एक बड़ी समस्या है। अब सरकार ने इस समस्या से निपटने के लिए नदियों में चलने वाली नावों को नियमों के दायरे में बांधने का निर्णय लिया है। नियम निर्धारित होने से एक ओर जहां अवैध बालू खनन, दुर्घटनाओं पर रोक लगाई जा सकेगी वहीं सरकार को राजस्व भी प्राप्त होने लगेगा। प्रदेश सरकार नाव परिचालन को नियमों में बांधने के लिए नौका नियमावली बना रही है। नई नियमावली को लागू करने के पहले पूर्व से लागू बंगाल फेरी अधिनियम 1885 को समाप्त किया जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार नौका नियमावली बनने के बाद किसी भी नदी में बिना निबंधन नावों का परिचालन नहीं हो सकेगा। नाव मालिक को नदियों में नावें चलाने के पूर्व पंचायती राज विभाग के अधीन नावों का निबंधन कराना होगा।

---

# धूमधाम से मनी महात्मा गांधी की 155वीं जयंती

**निज संवददाता | हसपुरा (औरंगाबाद)**



हसपुरा स्थित कुशल युवा कार्यक्रम केंद्र पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 155वीं जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण करके किया गया। समारोह की अध्यक्षता शम्भू शरण सत्यार्थी ने की, जबकि संचालन की जिम्मेदारी आदित्य कुमार ने संभाली। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पार्षद सदस्या चंदा प्रवीण ने महात्मा गांधी के जीवन और उनके कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, 'महात्मा गांधी का जो सपना था, वह आज भी साकार नहीं हो पाया है। इस दिशा में और कार्य करने की जरूरत है।' प्रतिनिधि एकलाख खान ने इस बात पर जोर दिया कि सादा जीवन और ऊंचे विचारों की सीख महात्मा गांधी के जीवन चरित्र से ली जा सकती है। शिक्षक समुन्द्र सिंह और कृष्णा सिंह ने बताया कि शिक्षण संस्थानों में इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन होना चाहिए। केवाईपी सेंटर में इस तरह के आयोजन करने के लिए केंद्र संचालक की सराहना की गई।

इस अवसर पर चर्चित कवि और शिक्षक समुन्द्र सिंह ने एकल कविता पाठ कर लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। साथ ही, क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें सीमा कुमारी, निशु कुमारी, प्रियंका कुमारी, तौकीर कुरैशी को पुरस्कृत किया गया। संगीत प्रतियोगिता में नीरज कुमार, सरिता कुमारी, सीमा कुमारी और भाषण प्रतियोगिता में प्रियंका कुमारी, अंजली कुमारी, अमृता कुमारी, रोहित कुमार को पुरस्कार मिले। पेंटिंग प्रतियोगिता में निशु कुमारी को भी सम्मानित किया गया। समारोह की सफलता में जेबा आरा, नीतिश कुमार और सलोनी कुमारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। धन्यवाद ज्ञापन राष्ट्रीय युवा कोर की अमृता कुमारी ने किया। इसी के साथ, राजकीय मध्य विद्यालय हसपुरा में भी गांधी जयंती मनाई गई, जिसमें सभी छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने भाग लिया। सभी ने बापू के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया। स्कूल के प्रधानाध्यापक राजेश कुमार के नेतृत्व में शिक्षक भागीरथ सिंह, संतोष कुमार खत्री, गोपाल सिंह, शिक्षिका बबीता कुमारी, सविता कुमारी, कुमारी वीणा रानी और कुमारी सुधा लता सिन्हा सहित अन्य उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में स्कूल में बने शिक्षा मंत्री ऋतिक कुमार, खाद्य मंत्री नीतिश कुमार, सांस्कृतिक मंत्री काजल कुमारी सहित अनेक छात्र-छात्राएं भी मौजूद थे। महात्मा गांधी की जयंती पर आयोजित इन कार्यक्रमों ने उनके विचारों और शिक्षाओं को फिर से याद करने और उन्हें आगे बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान किया।

---

# होमियोपैथी चिकित्सा पद्धति भारतीय जीवन शैली का अभिन्न अंग : डॉ. मनोज कुमार

**निज संवाददाता | जम्होर (औरंगाबाद)**



औरंगाबाद सदर प्रखंड के जम्होर में जीएमटी इंडिया के संरक्षण में द्वितीय होमियोपैथिक सेमिनार कंटिन्यू मेडिकल एडुकेशन(सीएमई) का आयोजन किया गया। उद्घाटन जीएमटी इंडिया के सेक्रेटरी डॉ. राणा डे ने डॉ हैनिमैन एवं डॉ. सहगल की तस्वीर पर पुष्प माला चढ़ाकर व दीप प्रज्ज्वलित कर लर्निंग सत्र का शुभारंभ किया। मंच संचालन रोचक ढंग से कवित्व भाव से डॉ. देवानंद ने किया। डॉ. राणा डे ने जीएमटी इंडिया की विस्तृत योजना को समझाते हुए उपस्थित चिकित्सकों को अपने साइंस पर गर्व करते हुए इस विज्ञान की गहराइयों में जाकर मानव समाज को इतना चिकित्सा सेवा में प्रभावित करें कि हर जुबान से इलाज के नाम पर होमियोपैथी का नाम हो। जीएमटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.माजीद मल्लिक ने हेलिबोरस नामक दवा की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि कोमा में पड़े मरीज का एक अंग स्वतंत्र गति करते रहे और उसके आंखों की पुतली पर प्रकाश एवं स्पर्श का कोई प्रभाव न पड़े तो उस परिस्थिति में यह दवा कोमा से बाहर निकालते हुए उसे पूर्ण स्वस्थ्य कर सकता है। इस कार्यक्रम के मुख्य आयोजक डॉ. सीडी वर्मा ने कई असाध्य रोगी जो उनके एवं होमियोपैथिक दवा के प्रभाव से ठीक हुए रोगियों का वीडियो के माध्यम से यह संदेश देने की कोशिश किया कि अगर समय से होमियो क्लिनिक पर रोगी पहुंच जाए तो हर प्रकार के रोगों में होमियोपैथिक चिकित्सा सफल है।

---

# बिहार में फिर बरसेंगे बादल, शुक्रवार और शनिवार के लिए मौसम विभाग का येलो अलर्ट

**निज संवाददाता | पटना**

पटना सहित बिहार के ज्यादातर भागों में शुक्रवार और शनिवार को बारिश होने के आसार हैं। इस दौरान सूबे में बादल छाए रहेंगे। इस कारण अधिकतम तापमान में 1 से 2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आएगी। वहीं मौसम विभाग ने शुक्रवार को पटना सहित दक्षिण-मध्य और पूर्वी भागों में गरज और तड़क के साथ बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। बारिश होने से तापमान में गिरावट के आसार हैं। हालांकि बाढ़ प्रभावित इलाकों में बारिश लोगों के लिए तबाही का सबब होगा। मौसम विभाग की रिपोर्ट के विश्लेषण के अनुसार एक चक्रवातीय संरक्षण म्यांमार और पूर्वी बांग्लादेश के ऊपर फैला हुआ है। इसकी दिशा उत्तर-पूर्व बिहार की ओर है। इसके प्रभाव से दो दिनों तक प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में हल्की से मध्यम स्तर की बारिश होने के आसार हैं। वहीं गुरुवार को प्रदेश के कुछ जगहों पर मध्यम और हल्की बारिश हुई। जबकि ज्यादातर इलाकों में बादलों की आवाजाही के बीच उमस वाली गर्मी से लोग परेशान रहे। शुक्रवार को इससे राहत की उम्मीद है। गुरुवार को राजधानी में सुबह से ही बादलों की आवाजाही जारी थी। लेकिन, बीच-बीच में सूरज की तल्खी के कारण लोगों को गर्मी का एहसास हो रहा था। इसी बीच दोपहर बाद राजधानी के आसपास के इलाकों में हल्की बारिश हुई। जबकि राजधानी में कई जगहों पर बूंदाबांदी हुई।

---

# बिहार में 200 से ज्यादा अनाज गोदाम बनाने का प्लान

**निज संवाददाता | पटना**

बिहार में 116 करोड़ से 205 अनाज गोदाम बनेंगे। ये गोदाम 196 पैक्सों और 9 व्यापार मंडलों में बनेंगे। इन गोदामों की भंडारण क्षमता 1.621 लाख एमटी होगी। सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गोदाम 200 एमटी, 500 एमटी और एक हजार एमटी क्षमता के होंगे। योजना के तहत 50 फीसदी अनुदान और 50 फीसदी चक्रीय पूंजी के रूप में दिए जाएंगे। वित्तीय वर्ष 2024-25 में विभागीय राज्य स्तरीय समिति की ओर से चयन कर 200 एमटी क्षमता के तीन गोदाम, 500 एमटी क्षमता के 81 गोदाम तथा 1000 एमटी क्षमता के 121 गोदाम कुल 205 गोदामों के प्रस्ताव मिले थे। इस पर स्वीकृति मिल गई है। उन्होंने बताया कि इससे पहले वित्तीय 2023-24 में 325 गोदाम निर्माण के लिए 169 करोड़ रुपये का उप आवंटन 27 जिलों को उपलब्ध कराया गया है, जिससे 2.36 लाख एमटी भंडारण क्षमता का निर्माण कराया जा रहा है। 2023-24 तक कुल 7056 पैक्सों, व्यापारमंडलों में 15.57 लाख एमटी क्षमता के गोदाम का निर्माण करा लिया गया है।